नड्डा की नई टीम का ऐलान, 38 नाम 12

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय... 10

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 14 | अंकः 286
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
रविवार | 30 जुलाई, 2023

पीएम मोदी ने भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन किया, पीएमश्री योजना की पहली किस्त जारी की

देश के 14 हजार पुराने स्कूल स्मार्ट बनेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के 3 साल पूरे होने के अवसर पर प्रगति मैदान के भारत मंडपम पहुंचे। यहां उन्होंने अखिल भारतीय शिक्षा सम्मेलन का उद्घाटन किया। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर पीएम मोदी ने शिक्षा और कौशल की 12 भारतीय भाषाओं में किताबों का विमोचन किया और पीएमश्री योजना के तहत धनराशि की पहली किस्त भी जारी की। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, पीएमश्री योजना के तहत चयनित सरकारी स्कूलों को धनराशि की पहली किस्त जारी की गई। ये स्कूल छात्रों को इस तरह से शिक्षा प्रदान करेंगे कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की परिकल्पना के अनुरूप एक समतापूर्ण, समावेशी और बहुलवादी समाज के निर्माण में योगदान देने वाले नागरिक बन सकें।

शिक्षा देश का भाग्य बदलने की ताकत रखती है: मोदी

इस दौरान पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही है जो देश का भाग्य बदलने की ताकत रखती है। देश जिस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है उसमें शिक्षा की अहम भूमिका है। आप इसके प्रतिनिधि हैं। अखिल भारतीय शिक्षा समागम का हिस्सा बनना मेरे लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर है।

हमारे छात्र नई व्यवस्थाओं से भली-भांति परिचित: पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हृश्वक्ने पारंपरिक ज्ञान प्रणाली से लेकर भविष्य की तकनीक तक को संतुलित तरीके से महत्व दिया है। रिसर्च इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए देश के शिक्षा जगत के सभी महानुभावों ने बहुत मेहनत की है। हमारे छात्र नई व्यवस्थाओं से भली-भांति परिचित हैं, वे जानते हैं कि 10+2 शिक्षा प्रणाली की जगह अब 5+3+3+4 लाई जा रही है।

यह प्राचीनता और आधुनिकता का संगम: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि काशी के रुद्राक्ष से लेकर आधुनिक भारत के इस मंडप तक अखिल भारतीय शिक्षा समागम की यात्रा अपने आप में एक संदेश समेटे हुए है। यह प्राचीनता और आधुनिकता का संगम है। हमारी शिक्षा प्रणाली भारत की परंपराओं को संरक्षित कर रही है, वहीं देश आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भी आगे बढ़ रहा है।

पीएम श्री स्कीम के तहत खर्च होंगे 27 हजार करोड़ रुपए

पीएम श्री स्कीम का पूरा नाम प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया है। इसके तहत देश के 14 हजार 500 पुराने स्कूलों का अपग्रेडेशन करके उन्हें आधुनिक विद्यालयों में बदलना है। इससे स्कूलों को मॉडर्न बनाकर बच्चों को स्मार्ट एजुकेशन से जोड़ा जा सकेगा। इस प्रोजेक्ट के तहत साल 2022-23 से 2026 तक पांच साल में इन स्कूलों पर कुल 27 हजार 360 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अपग्रेड किए गए स्कूलों में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के मुताबिक पढ़ाई होगी।

दुनिया भारत को 'नर्सरी' के तौर पर देख रही: मोदी

मोदी ने कहा कि दुनिया भारत को नई संभावनाओं की 'नर्सरी' के तौर पर देख रही है। कई देश अपने यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के परिसर खोलने के लिए सरकार से संपर्क कर रहे हैं। दो आईआईटी परिसरों-तंजानिया में एक परिसर और अबू धाबी में एक परिसर-का संचालन शुरू होने वाला है। कई वैश्विक विश्वविद्यालय भी हमसे संपर्क कर रहे हैं। वे भारत में अपने परिसर खोलने में रुचि दिखा रहे हैं।

छात्रों को भाषा के आधार पर आंकना अन्याय: पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवाओं को उनकी प्रतिभा के बजाय उनकी भाषा के आधार पर आंकना उनके साथ सबसे बड़ा अन्याय है। दुनिया में अलग-अलग भाषाएं हैं और सभी का अपना-अपना महत्व है। अधिकांश विकसित देशों ने अपनी मूल भाषा के आधार पर प्रगति की है। इतनी सारी मूल भाषाएं होने के बावजूद हमने उन्हें पिछड़े के रूप में पेश किया।

एनईपी 2020 के बारे में जानिए

प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित होकर, युवाओं को तैयार करने और उन्हें अमृत काल में देश का नेतृत्व प्रदान करने में सक्षम करने के उद्देश्य से एनईपी 2020 का शुभारंभ किया गया था। इसका उद्देश्य भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए युवाओं को तैयार करना है तथा उन्हें बुनियादी मानवीय मूल्यों से जोड़े रखना है। अपने कार्यान्वयन के तीन वर्षों के दौरान इस नीति ने स्कूल, उच्च शिक्षा और कौशल शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। अखिल भारतीय शिक्षा समागम में सोलह सत्र शामिल होंगे, जिनमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शासन तक पहुंच, न्यायसंगत और समावेशी शिक्षा, सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूह के मुद्दे, शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण समेत अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

34 साल बाद बदली नेशनल एजुकेशन पॉलिसी

- साल 2020 में नई एजुकेशन पॉलिसी को लागू किया गया था। 1986 के बाद यानी 34 साल बाद देश की शिक्षा नीति में बदलाव हुआ था। इसमें बच्चे के प्राइमरी स्कूल में एडमिशन से लेकर हायर एजुकेशन कर जॉब फोर्स से जुड़ने तक काफी बदलाव किए गए हैं। नई शिक्षा नीति का ड्राफ्ट इसरो के वैज्ञानिक रह चुके शिक्षाविद के. कस्तूरीरंगन के नेतृत्व वाली कमेटी ने बनाया था।
- 6 से 9 वर्ष के बच्चों के लिए बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान पर फोकस होगा। इसके लिए नेशनल मिशन बनेगा। पूरा फोकस होगा कक्षा 3 तक के बच्चों का फाउंडेशन मजबूत बने।
- कक्षा 5 तक तक आते-आते बच्चे को भाषा और गणित के साथ उसके स्तर का सामान्य ज्ञान होगा। डिस्कवरी और इंटरेक्टिवनेस इसका आधार होगा यानी खेल-खेल में सारा सिखाया जाएगा।
- कक्षा 6-8 तक के लिए मल्टी डिसीप्लीनरी कोर्स होंगे। एक्टिविटीज के जरिये पढ़ाएंगे। कक्षा 6 के बच्चों को कोडिंग सिखाएंगे। 8वीं तक के बच्चों को प्रयोग के आधार पर सिखाया जाएगा।
- कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों के लिए मल्टी-डिसीप्लीनरी कोर्स होंगे। यदि बच्चे की रुचि संगीत में है, तो वह साइंस के साथ म्यूजिक ले सकेगा। केमेस्ट्री के साथ बेकरी, कुकिंग भी कर सकेगा।
- कक्षा 9-12 में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर जोर होगा। इससे जब बच्चा 12वीं पास करके निकलेगा, तो उसके पास एक स्किल ऐसा होगा, जो आगे चलकर आजीविका के रूप में काम आ सकता है।

24 घंटे पहले जारी किया आदेश

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर पीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पहले से चल रही थी। 24 जुलाई को ही भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की तरफ से आदेश जारी करके 29 जुलाई को स्कूल खोलने के निर्देश जारी किए गए थे। शिक्षा महानिदेशक ने शनिवार को स्कूल खोलने के निर्देश जारी किए। इससे पहले शिक्षकों और बच्चों को मोहर्रम के कारण छुट्टी की जानकारी थी। अचानक से हुए इस बदलाव के कारण कई जगह परेशानी का भी सामना करना पड़ा। हालांकि सबसे बड़ी समस्या प्रसारण करने को लेकर आई। शनिवार को तमाम स्कूलों में समय से तैयारी नही हो सकी। जिसके चलते लाइव स्ट्रीमिंग नही हुई।

क्या है पीएम श्री योजना...

पीएम एसएचआरआई (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) योजना का मुख्य उद्देश्य भारत के 14,500 पुराने स्कूलों का अपग्रेडेशन करके स्मार्ट और आधुनिक विद्यालय में बदलना है, ताकि इन स्कूलों को नया स्वरुप प्रदान कर बच्चों को स्मार्ट शिक्षा से जोड़ा जा सके। पीएम श्री योजना के तहत अपग्रेड किए गए पीएम श्री स्कूलों में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी की झलक दिखाई देगी तथा आगे चलकर यह अनुकरणीय स्कूल की तरह काम करेगा।

पीएम ई विद्या योजना के तहत पांच चैनल चलाएगा उत्तर प्रदेश, साइन हुआ एमओयू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नई शिक्षा नीति (एनईपी- 2020) की तीसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रगति मैदान दिल्ली में अखिल भारतीय शिक्षा समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित निदेशक एससीईआरटी डॉ. पवन सचान और एनसीईआरटी दिल्ली के मध्य एमओयू (मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग) किया गया। इसके अनुसार पीएम ई विद्या के अन्तर्गत 5 डीटीएच चैनल को एससीईआरटी संचालित करेगा। जिसका लाभ कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को मिलेगा। इस अवसर पर प्रो. अमरेंद्र बोरा, ऑनरेबल एजुकेशन मिनिस्टर ऑफ स्टेट राजकुमार रंजन सिंह, ऑनरेबल एजुकेशन मिनिस्टर ऑफ स्टेट अन्नपूर्णा देवी और मिनिस्टर ऑफ स्टेट एजुकेशन डॉ. सुभाष सरकार उपस्थिति थे। इस समारोह में उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त 25 राज्यों के एससीईआरटी के निदेशक भी सम्मिलित हुए और उन्होंने भी एमओयू हस्ताक्षरित किया।

रामलला की आराधना के लिए आज से खुलेगा 'दर्शन मार्ग'

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पथ पर बने नवीन दर्शन मार्ग का रविवार को शुभारंभ किया जाएगा। इसकी जानकारी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के साथ ही हजारों करोड़ की विकास योजनाओं पर काम चल रहा है जिससे कि रामनगरी को वैश्विक स्तर पर पहचान दी जा सके और अयोध्या को यरुशलम ओर वेटिकन सिटी की तर्ज पर पहचान मिल सके। अनुमान है कि राममंदिर बन जाने के बाद

अयोध्या में हर रोज करीब एक लाख श्रद्धालु व पर्यटक आएंगे। इसलिए अयोध्या के विकास का मास्टर प्लान गहन अध्ययन करने के बाद तैयार किया गया है। वर्तमान में अयोध्या को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए 32 हजार करोड़ की परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

गोरखपुर में आज सीएम योगी देंगे सौगात

अधिवक्ता चैंबर्स का लोकार्पण व डिजिटल लाइब्रेरी का करेंगे शिलान्यास

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अधिवक्ताओं को सवा नौ करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। रविवार शाम को प्रस्तावित कार्यक्रम में सीएम योगी गोरखपुर कलेक्ट्रेट मुख्यालय परिसर में 3 करोड़ 46 लाख 21 हजार रुपये की लागत से बने मल्टीस्टोरी अधिवक्ता चैंबर्स तथा सदर तहसील में 4 करोड़ 54 लाख 24 हजार रुपये की लागत से निर्मित अधिवक्ता चैंबर्स का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही 1 करोड़ 25 लाख 30 हजार रुपये की लागत से कलेक्ट्रेट परिसर में बनने वाली डिजिटल लाइब्रेरी का भी शिलान्यास करेंगे।

पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को देंगे सौगात

सोमवार शाम को वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रस्तावित एक समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 8450 लाभार्थियों को 51 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित करेंगे। वह 250 लाभार्थियों को 50 हजार रुपये की दर से प्रथम किश्त (कुल 1.25 करोड़), 2200 लाभार्थियों को 1.50 लाख रुपये की दर से दूसरी किश्त (कुल 33 करोड़) तथा 3350 लाभार्थियों को 50 हजार रुपये की दर से तीसरी किश्त (कुल 16.75 करोड़) की धनराशि सिंगल क्लिक से लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित करेंगे। पीएम आवास योजना के तहत गोरखपुर में 43600 आवास स्वीकृत हैं। इसमें से 35500 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इसमें 8400 आवास चार माह पूर्व ही स्वीकृत हुए हैं। इन सभी को प्रथम किश्त जारी कर दी गई है और निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त जुलाई माह में जिले में 5522 आवास और स्वीकृत किए गए हैं। योजना के पोर्टल पर इनके अटैचमेंट का काम चल रहा है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण जनेश्वर मिश्र पार्क की पांच एकड़ जमीन पर जुरासिक पार्क विकसित करने जा रहा है

लखनऊ में दिखेगा डायनासोर, घबराइएगा नहीं!

- यहां डायनासोर जैसे विलुप्त हो चुके जीव देखे जा सकेंगे और उसकी आवाज भी सुनी जा सकेगी
- एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुक्रवार को इस संबंध में ले-आउट पेश किया गया

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में आपको डायनासोर देखने को मिलेगा। यही नहीं उसकी आवाज भी सुनाई देगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण जनेश्वर मिश्र पार्क की पांच एकड़ जमीन पर जुरासिक पार्क विकसित करने जा रहा है। वहां विलुप्त हो चुके जीव जैसे कि डायनासोर भी देखे जा सकेंगे और उसकी आवाज भी सुनी जा सकेगी। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुक्रवार को इस संबंध में ले-आउट के साथ ही टेंडर का प्रस्तुतिकरण पेश किया गया।

डायनासोर के अलावा मैमथ जैसे जीव के रियल साइज मॉडल देखे जा सकेंगे

योजना के तहत पार्क में डायनासोर, किंग कॉन्ग के अलावा मैमथ जैसे जीव के रियल साइज मॉडल देखे जा सकेंगे। इन मॉडल में लेटेस्ट सेंसर और साउंड भी लगे होंगे। इससे बच्चों को डायनासोर की ब्रीथिंग से लेकर उनके साउंड इफेक्ट और ऐसे जीवों के मूवमेंट के बारे में भी जानकारी मिल पाएगी। एलडीए उपाध्यक्ष के अनुसार जुरासिक पार्क पीपीपी मॉडल पर तैयार किया जाएगा। यह गाड़ियों के स्क्रैप, टायर जैसे निष्प्रयोज्य सामग्री से बनाया जाएगा और इसे बनाने में पार्क में लगे पेड़-पौधों से किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं होगी, बिड खोली गई है और तकनीकी मूल्याकंन हो जाने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा।

प्राचीन काल की गुफा का अहसास कराएंगी

जुरासिक पार्क की यात्रा रोमांचक और जानकारी से भरपूर होगी। इसमें डायनासोर की उत्पति और विलुप्त होने की पूरी कहानी बताई जाएगी। इनकी अलग-अलग प्रजातियों के रियल साइज मॉडल तैयार किए जाएंगे और लंबी सुरंग बनाई जाएंगी जो प्राचीन काल की गुफा की अनुभूति कराएंगी। पार्क में आकर्षक इन्ट्री गेट के साथ ही पाथ-वे, फेन्सिंग होगा। सेल्फी प्वाइंट्स के साथ ही कैफेटेरिया भी बनाए जाएंगे। एक जगह पर री-क्रिएशनल स्पेस विकसित किया जाएगा।

वाराणसी में ताजिया जुलूस को लेकर शिया-सुन्नी समुदाय में बवाल, 100 से अधिक घायल

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

वाराणसी में भारी सतर्कता और सुरक्षा की घेरेबंदी के बाद भी जैतपुरा इलाके के दोषीपुरा में मुहर्रम के जुलूस के दौरान बवाल हो गया। ताजिया जुलूस निकालने को लेकर हुए विवाद ने उग्र रूप ले लिया। शिया और सुन्नी समुदाय के बीच जमकर संघर्ष हुआ। मारपीट के बाद जमकर पथराव हुआ। ईंट-पत्थर के साथ ही हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया। बवाल में 100 से ज्यादा लोगों के घायल हुए हैं। पुलिस जीप समेत मौके पर खड़ी 20 से अधिक बाइकों में तोड़फोड़ की गई। ताजिया दौड़कर ले जाने के चक्कर में वह भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद भी पत्थरबाजी होती रही। पुलिस ने लाठीचार्ज कर उपद्रवियों को खदेड़ा। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन पुलिस अधिकारियों, कई थानों की पुलिस फोर्स, एआरएफ और पीएसी जवानों के साथ पहुंचे। पुलिस जब मौके पर पहुंची दो दोनों ओर से जमकर पथराव चल रहा था।

पुलिसकर्मियों की बाइकों को किया क्षतिग्रस्त

शिया और सुन्नी समुदाय के बीच हुए बवाल में पीएससी कैंप और पुलिसकर्मियों की बाइकें भी उपद्रव की भेंट चढ़ गई। उपद्रव कर रहे कुछ युवकों ने पीएसी कैंप और मौके पर खड़ी पुलिसकर्मियों की बाइकों में जमकर तोड़फोड़ की। पथराव और उपद्रवियों की भीड़ देख वक्ति पीएसी के जवान और पुलिस को भी पीछे हटना पड़ गया था।

ढाई घंटे तक रणक्षेत्र बना रहा दोषीपुरा

मौके की नजाकत को देखते हुए सीपी मुथा अशोक जैन ने वरुणा और गोमती जोन से भी पुलिस फोर्स को मौके पर बुलाया। मौके पर जुटी पुलिस ने दोषीपुरा मैदान सहित आसपास के इलाके को घेरकर उपद्रव कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज किया। करीब दो बजे शुरू बवाल ढाई घंटे बाद 4:30 पुलिस ने काबू पाया। पथराव में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए पुलिस ने मंडलीय चिकित्सालय सहित अन्य अस्पतालों में भेजा।

ताजनगरी में जल्द दौड़ेगी मेट्रो, जारी कर दी गई किराया सूची

जन एक्सप्रेस। आगरा

आगरा में मेट्रो ट्रेन अगले साल फरवरी में ताज पूर्वी से जामा मस्जिद (संभावित मनकामेश्वर) स्टेशन तक चलेगी। छह किमी की दूरी के लिए लोगों को 20 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने संभावित किराया जारी कर दिया है। स्टेशन बढ़ने पर मेट्रो का किराया भी बढ़ेगा। यूपीएमआरसी के उप महाप्रबंधक पंचानन मिश्रा ने बताया कि कानपुर और लखनऊ में मेट्रो में जो किराया लिया जा रहा है, वही आगरा में भी लागू हो सकता है। दो कॉरिडोर में मेट्रो ट्रेन के ट्रैक की दूरी 29.4 किमी है। इसमें 27 स्टेशन हैं। पहला कॉरिडोर 14 किमी का है। इसमें 13 स्टेशन होंगे। यह कॉरिडोर ताज पूर्वी से सिकंदरा तक बनेगा। इसमें छह किमी ट्रैक पहले तैयार किया जा रहा है। इसका संभावित किराया 20 रुपये प्रति सवारी होगा। स्टेशन बढ़ने पर किराए में इजाफा होगा। एक मेट्रो में तीन बोगी होंगी। इसमें 750 यात्री सवार हो सकते हैं। इनमें से 165 यात्रियों के लिए बैठने के लिए सीटें होंगी।

सरकार के आदेश पर बनेगा दूसरा भूमिगत कॉरिडोर

उप महाप्रबंधक ने बताया कि मेट्रो ट्रेन के लिए कॉरिडोर का निर्माण दिसंबर, 2020 में शुरू हुआ था। दिसंबर, 2025 तक इसका कार्य पूरा होना है। दूसरा कॉरिडोर आगरा कैंट से कालिंदी विहार तक बनेगा। ये एलिवेटेड ट्रैक होगा, इसकी दूरी 15.4 किमी है। इसमें 14 स्टेशन हैं। व्यापारी एमजी रोड से मेट्रो के लिए भूमिगत कॉरिडोर, स्टेशन बनाने की मांग कर रहे हैं। सरकार के आदेश पर ही इसमें बदलाव संभव है। ऐसा होने पर इसकी लागत करीब दोगुना बढ़ जाएगी।

आगरा में मेट्रो का संभावित किराया

- एक स्टेशन तक: 10 रुपये
- दो स्टेशन तक: 15 रुपये
- 3-6 स्टेशन तक: 20 रुपये
- 7-9 स्टेशन तक: 30 रुपये
- 10-13 स्टेशन तक: 40 रुपये
- 14-17 स्टेशन तक: 50 रुपये
- 18 या इससे अधिक स्टेशन: 60 रुपये

आंकड़े एक नजर में

- 8380: करोड़ रुपये मेट्रो की लागत
- 2025: तक बन जाएंगे दोनों कॉरिडोर
- 29.4: किमी का है दोनों कॉरिडोर का ट्रैक
- 28: मेट्रो ट्रेनें चलेंगी ट्रैक पर
- 27: स्टेशन होंगे मेट्रो ट्रेन के
- 20: एलिवेटेड स्टेशन
- 07: भूमिगत स्टेशन

खेल हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरीः सांसद

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 22-23 में युवक, महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम शनिवार को राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनेपुर में हुआ।

सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण अंचलों में खेलों के विकास एवं प्रसारण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। जिन ग्रामीण क्षत्रों में अभी खेल मैदान नहीं बने हैं, वहां बहुत ही जल्द बनेंगे। आप सभी लोगों को यह जो खेल किट मिली है। इससे आप पूरे गांव में एक टीम तैयार कर सकते हैं। खेलों को आगे बढ़ाया जा रहा है। जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 90 दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री का वितरण किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा योजना द्वारा खेल के मैदान, खेल विभाग के प्रशिक्षक विकसित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में प्रोत्साहन वितरण के साथ विभाग द्वारा सभी मंगल दलों को पौधरोपण के लिए पौधे वितरित किए गए।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि खेलों के विकास के लिए सरकार ने बहुत सी योजनाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन बेसिक विभाग के प्रशिक्षक केशन ने किया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, कॉपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति सिंह तोमर, राज कुमार त्रिपाठी, आशीष रघुवंशी, अभिलाष पटेल, शिवाकांत पांडेय, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अखंड प्रताप यादव, उदयभान, एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव, हॉकी कोच श्याम सुंदर यादव आदि मौजूद रहे।

सॉठ-गॉठ से चल रही टूरिस्ट बसें, हो रहा यात्रियों के जीवन से खिलवाड़

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

विभिन्न थाना क्षेत्रो के कस्बो व शहर के प्रमुख स्थानो ने गैर जनपद के लिए बिना परिमिट सॉठ-गॉठ के बसो का संचालन खुलेआम किया जा रहा है। पाबंदी के बावजूद बगैर परमिट के बड़ी संख्या में बसें, पंजाब और मुम्बई की सैर करा रहीं हैं। खागा कस्बा तो अबैध का बसों का हब बन चुका है। इसके बावजूद टूरिस्ट बस के नाम पर भरे जा रहे फर्राटा को रोकने की जहमत नहीं उठाई जा रही है। जिससे एआरटीओ प्रवर्तन और ईलाकाई पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है।

अबैध ढंग से बसों का संचालन खुलेआम किया जा रहा था। जो आज भी यथावत है। प्रतिदिन मुम्बई, पानीपत, लुधियाना, पंजाब, अमृतसर, सूरत, अहमदाबाद, पुणे, अंबाला आदि के लिए एक दर्जन से भी अधिक बसों का संचालन किया जा रहा है। शहर के उत्तरी इलाके से बिना परिमिट बस सेवा उपलब्ध है। वही खागा कस्बा तो इन बसो का हब बन गया है।

बाईपास व बस स्टाप सहित अनेक स्थानो मे टूरिस्ट बसो के संचालन के बडे-बडे बोर्ड देखने को मिल रहे है और सवारियों से मनमानी धन वसूली करके बसो का संचालन किया जा रहा है। वही ईलाकाई पुलिस सहित एआरटओ कार्यालय देखकर भी अनदेखा कर रहा है। जानकार सूत्रो की माने तो इन अबैध बसो के संचालन मे सम्बन्धित विभागो का बरदहस्त बना है। संचालक धन कमाने की लालसा पूरी करने के चक्कर मे यात्रियों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। शायद सम्बन्धित विभागो को बड़े हादसे का इन्तजार है।

दो स्थानों पर नहीं होना चाहिए एक मतदाता का नाम: एसडीएम

जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के लिए बीएलओज की बैठक ली। जिसमें उन्होंने त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए सभी बीएलओज को घर-घर जाने के निर्देश दिए।

तहसील सभागार में हुई बैठक में मऊ उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। जिसके तहत बीती 21 जुलाई से चल रहा अभियान आगामी 21 अगस्त तक चलेगा।

जिसमें सभी बीएलओज को अपने क्षेत्र में घर-घर जाना है और नए मतदाताओं का निबंधन, मतदाता सूची में संशोधन एवं विलोपन का कार्य करना है। अभियान का उद्देश्य है कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में हो। साथ ही एक मतदाता का नाम दो स्थानों पर नहीं होना चाहिए। इसके अलावा जो मतदाता मृतक हैं। उनका नाम सूची से हटाया जाए। पुनरीक्षण कार्य में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। चुनाव आयोग की मंशा के अनुरूप पूरी पारदर्शिता के साथ त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार की जाए।

इस मौके पर मऊ तहसीलदार राजेश कुमार यादव, सम्बन्धित अधिकारी व बीएलओज मौजूद रहे।

मातमी धुन के साथ निकाली गई ताजिया, बाँटे गए लंगर

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मुस्लिम समाज के लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत में मोहर्रम की 9वीं तारीख को मध्य रात्रि में जलते हुए अंगारों में कूदकर मातम मनाया गया और कस्बे के निर्धारित रास्तों से वृहद जुलूस निकाला गया जिसमें दोनों समुदाय के लोगों ने सौहार्दपूर्ण तरीके से भाग लिया मुस्लिम समाज की महिलाओं ने भारी संख्या में शरीक होकर मुस्लिम वर्ग के लोगों ने मोहर्रम की दसवीं तारीख को ताजिया जुलूस में शामिल होकर मातमी धुन के साथ निर्धारित मार्गों से निकाली गई और देर शाम कर्बला में खाक-ए-सुपुर्द किया गया।

तहसील मुख्यालय मऊ में मातमी धुनों के बीच ताजिया निकाले गए। एसडीएम राकेश कुमार पाठक ने पुलिस प्रशासनिक टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शनिवार की शाम 4 बजे ताजिया जुलूस इमाम बाड़े से होते हुए हनुमान मंदिर रोड, यमुना रोड, सरांय तलैया चैराहा, पश्चिम नाका तथा माधवगंज के बाद देर रात इमाम बाड़े में रखकर अंतिम फातिया देकर कब्रिस्तान में बने कर्बले में खाक-ए-सुपुर्द किया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि कोई मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर करना दोनों समुदाय के सौहार्द प्रेम सद्भावना का प्रतीक है मोहर्रम की ताजिया जबकि संविधान में हर समुदाय धर्म के लोगों को अपने धर्म के अनुसार त्यौहार मनाने की इजाजत दी गई है हर समुदाय के लोग भाईचारे सौहार्दपूर्ण तरीके से आपसी भेदभाव मिटाकर त्यौहारों में शरीक होते हैं तो समाज के विकास के साथ देश और प्रदेश का विकास संभव हो सकता है। मुस्लिम समाज के अध्यक्ष अतहर नईम ने बताया कि इस्लामी मान्यता के अनुसार सन 61हिजरी 680 ईसवी मैं इराक के कर्बला में पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और कर्बला में इस्लाम के हित में जंग करते हुए हजरत इमाम हुसैन और उनके परिवार के लोग मोहर्रम की दसवीं तारीख में शहीद हुए थे हुसैन की उसी कुर्बानी को याद करते हुए मोहर्रम की दसवीं तारीख को मुसलमान अलग-अलग तरीके से शोक जाहिर करते हैं तभी से मोहर्रम का त्यौहार गमसीन होकर मुस्लिम समाज के लोग बनाते चले आ रहे हैं जुलूस में नाजमा बेगम, नूरी खान, रईस अहमद, मो0 अली उर्फ बाबू जी, आबिद अली व साबिद अली तथा मो0 रफीक कुरैसी व मो0 मेराजुल हक, मजीद कुरैसी के दरवाजों पर वृहद लंगर का आयोजन किया गया और जुलूस की व्यवस्था में ताजियेदार, शाबिर अली मोहम्मद अली के अलावा इस्लाम नईम वसीम कुरैसी, अकबर अली, हैदर अली, मो0 अली, रईस अहमद, मो0 अली, मदार कुरैसी, लाली खां, मुख्तार अली, मो0 महबूब, शमीम कुरैसी, मजीद कुरैसी, लाल मोहम्मद, मो0 हारुन आदि लोग ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस में शामिल रहे और सुरक्षा व्यवस्था में, प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा एसआई रामवीर सिंह क्राइम इंस्पेक्टर रामजीत यादव के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा तथा तहसील प्रशासन भी नजरें बनाए रहे।

नई शिक्षा नीति 2020 को फाईव प्लस थ्री प्लस, फोर प्लस प्रणाली मे बांटा

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर अपर जिलाधिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में राज्य सरकार के शिक्षा विभाग व सीबीएसई विद्यालयो से आये हुए शिक्षाविदों ने नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के स्तर और किये गए सुधारो पर जानकारी दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय विद्यालय मधुपुरी के प्रधानाचार्य रोहित चैधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति एनईपी 2020 में टेन प्लस टू के शैक्षिक मॉडल पाठ्यक्रम को फाईव प्लस थ्री प्लस फोर प्रणाली के आधार पर बॉटा गया है। बच्चों को पहले पांच साल फॉउंडेशनल, प्री स्कूल या बाल वाटिका में तीन से छह वर्ष, कक्षा एक व दो में छह से आठ वर्ष अगले तीन वर्ष प्रेप्रेरटरी कक्षा तीन से पाँच इसके तीन वर्ष मिडिल क्लास कक्षा छह से आठ एव अंत के चार वर्षों मे कक्षा नौ से बारह को सेकेंडरी में विभाजित किया गया है। शिक्षा नीति में शिक्षा की पहुँच, समानता, गुणवत्ता व उत्तरदायित्व जैसे मुद्दों पर ध्यान दिया गया है। जिसमे कक्षा पांच तक कि शिक्षा को बच्चे की मात्र भाषा या स्थानीय भाषा मे कराने आदि पर बल दिया गया है। बच्चों को केवल शिक्षा देना ही नहीं बल्कि उनके ज्ञान के स्तर को आंकने के साथ ही अध्यापकों की भी जिम्मेदारी तय करके शिक्षा के



स्तर पर सतत् सुधार आदि तय किये जाते हैं। बताया कि वर्तमान में जनपद सहित देश भर के 450 केंद्रीय विद्यालयों में बाल वाटिका कक्षाओं का 2023 व 2024 में शुभारंभ किया गया है। कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले बच्चों को प्रथम तीन माह तक रिपोर्ट तैयार किया जाता है। मैपिंग के पश्चात् तैयार अभिलेख के अनुसार पठन-पाठन कराया जाता है। बताया कि बच्चों को ई-शिक्षा के लिए आनलाइन व्यवस्था के अलावा स्वयं प्रभा नाम से टीवी चैनल के माध्यम से भी शिक्षा देने की व्यवस्था किया गया है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से बच्चो के बस्ते का बोझ कम करने का प्रयास करने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने की योजना को अमली जामा पहनाया गया है। जिसके निश्चित ही सफल परिमाण मिलेंगे। इस मौके पर बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव, जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रधानचार्य नीता उपाध्याय, जिला शिक्षण एव प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता संजीव सिंह, सीबीएसई कवर्डिनेटर प्रमोद कुमार त्रिपाठी आदि रहे।

मिशन इंद्रधनुष-5 के तहत छूटे बच्चों को चिन्हित कर करायें टीकाकरण: डीएम

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन् के तहत् जिला स्वास्थ्य समिति, शाषी निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने-अपने दायित्वों का संवेदनशीलता के साथ निर्वाहन करते हुए नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएं। डीएम ने स्वास्थ्य संबंधी सभी पैरामीटर्स की बिन्दुवार समीक्षा की और पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि किया।

डीएम ने कहा कि सघन मिशन् इंद्रधनुष-5 के तहत् बच्चों के सभी टीके समय से लगवायें, टीकाकरण से छूटे बच्चों को चिंहित करते हुए सभी का टीकाकरण करायें और बीएचएनडी दिवस के सभी स्वास्थ्य सुविधाओं की चेक लिस्ट भरकर रिपोर्ट से अवगत करायें। ई-कवच पोर्टल, मंत्रा पोर्टल, आरसीएच पोर्टल, एचआईएमएस पोर्टल, यूपी एचएमआईएस पोर्टल आदि सभी स्वास्थ्य विभाग के पोर्टलों पर समय से शत-प्रतिशत् फीडिंग कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की जाँच कराकर समय से स्वास्थ्य सुविधाएं दिया जाय। साथ ही हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान दिया जाय। आशा व एएनएम के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए जागरूक करें और यदि कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें। गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा का भुगतान नियमानुसार कार्यवाही पूरी करते हुए समय से कराएं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए अपने अधीनस्थों के कार्य पर पैनी निगाह बनाये रखें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत आयुष्मान योजना के तहत् गोल्डेन कार्ड बनाने की प्रगति में तेजी लायी जाय। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, सीएमएस महिला व पुरुष, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों सहित संबंधित उपस्थित रहे।

प्रजनन काल में प्रतिबंध के बाद भी हो रहा मत्स्य आखेट

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

मछलियो के प्रजनन काल मे मत्स्य आखेट प्रतिबन्ध लगा दिया जाता रहा है लेकिन प्रतिबन्ध के बाद भी विभागीय तालमेल व दमंग मछली ठेकेदार द्वारा मछलियो का आखेट यमुना नदी के कुछ स्थानो मे बेधडक किया जा रहा है और मत्स्य विभग देखकर भी अनदेखा कर रहा है।

यमुना तटवर्तीय गांवों सरकंडी, रामनगर कौहन, जरौली, ऐझी आदि में स्थानीय लोगों मछुआरों द्वारा जिलें के एक बहुचर्चित प्रभावशाली मछली ठेकेदार की सह पर मत्स्य आखेट किया जा रहा हैं। मछली ठेकेदार की पूर्वरत दिनों की भांति प्रतिबंधित महीनों में भी मछली कैरियर पिकअप प्रतिदिन सुबह भोर पहर यमुना में मारी गई मछलियों को लेकर जिला मुख्यालय पहुंच रही हैं। हर वर्ष की भांति जिला प्रशासन द्वारा अब 16 अगस्त तक मछलियों के प्रजनन काल में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगा मौन धारण कर लिया। जब कि धरातल की हकीकत कुछ अलग ही बया कर रही है। प्रभावशाली मछली ठेकेदार व क्षेत्रीय सफेदपोश नेताओं का गठजोड़ इस मत्स्य आखेट प्रतिबंध की खुले आम धज्जियां उड़ा रहें हैं। प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद प्रतिदिन यमुना किनारे पड़ने वाले गांवों के मछुआरों द्वारा मत्स्य आखेट किया जा रहा हैं और औने पौने दामों पर मछलियों को खरीदकर भोर पहर पिकअप कैरियर वाहन द्वारा प्रतिदिन जिला मुख्यालय मछलियों को भेजा जाता हैं।

मत्स्य विभाग असहाय बना हुआ है उनके पास ना तो मछली का शिकार करने वालों को पकड़ने के लिए अमला है और न ही स्थानीय पुलिस उन्हें कोई सहयोग करने को तैयार रहते हैं। विभाग तो सुस्त है ही पुलिस प्रशासन का भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। इसी वजह से मत्स्य आखेट करने वालें मछुआरों व ठेकेदार के हौंसले बुलंद है।

सरकार के भूमाफिया कार्यवाही पर प्रशासन लगा रहा पलीता

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

प्रदेश में योगी सरकार ने लगातार माफियाओ पर कार्यवाही करते हुये उनकी अबैध ढग से अर्जित सम्पत्ति को कुर्क करने की कार्यवाही तेजी से कर रही है। वही जनपद के कुछ चुन्निदा अधिकारी माफियाओ की साठ-गाठ से फाईलो को दबाकर जेबे गर्म कर रहे है। माफिया प्रदेश सरकार बदलने का बेसब्री से इन्तजार कर रहे है। तब तक फाईलो को अन्दर ही रखने का ठेका दे दिया है।

जनपद में भी गलत तरीके से अर्जित की गई संपत्तियों व भूमाफियाओं की सूची तत्कालीन जिलाधिकारी ने तैयार करके कार्यवाही के लिए तैयार थे लेकिन गैर जनपद तबादले के बाद माफिया अपने साठ-गाठ वाले अधिकारियो को फाईलो को दबा कर प्रदेश सरकार के बदलने का बेसब्री इन्तजार कर रहे है। जब कि 2018 में तत्कालीन जिलाधिकारी आंजनेय सिंह ने भूमाफियाओं की सूची तैयार कर नकेल कसनी शुरु कर दिया था।

लगभग तीस हजार बीघे सरकारी जमीन को मुक्त कराया था। सरकारी तालाबो को बिक्री करने वाले भूमाफियाओं व सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा जमाने वाले कलंदरों पर बड़ी कार्यवाही होनी थी। उनके तबादले के बाद उस सूची को दबा लिया गया। उस सूची में शहर क्षेत्र के लगभग एक दर्जन तालाबो का अस्तित्व मिटाने वाले माफियाओ के नाम शामिल बताया जा रहा है।

बताते हैं कि उस फाइल को लगातार दबाए रखने का बड़ा सुविधा शुल्क लिया जा रहा है। सरकार बदलने का इंतजार कर रहे भूमाफियाओं पर ठोस कार्यवाही न होने से सवाल उठ रहे है। ऐसा ही कुछ हाल तहसीलो में वर्षो से दबी फाइल का भी है। तहसील प्रशासनिको की कारगुजारियों से सरकार की छवि पर बट्टा लग रहा है। जब कि कई-कई वर्षो से एक ही सीट पर जमे है और उनके चहेते अधिकारी और सत्तासीन नेताओ की कृपा बनी है।

जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे दबंग

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत पुरानी बाजार निवासी राजेश कुमार अग्रवाल पुत्र रामनरायण अग्रवाल ने बताया कि कर्वी के गंगा जी रोड में स्थित उनकी जमीन को पूर्व में उप जिला मजिस्टेऊट कर्वी द्वारा कुर्क करने का आदेश पारित किया गया था। उन्होंने अब तक यह भूमि किसी के पक्ष में अवमुक्त नहीं की है। इसके बावजूद कुछ दबंग रामनारायण, जुग्गीलाल व छोटेलाल पुत्रगण हीरालाल, शारदा व पुरषोत्तम पुत्रगण सूरज प्रसाद जबरन वहां कब्जा करने के उद्देश्य से निर्माण कार्य कर रहे हैं। मना करने पर लडाई झगडा पर उतारू हैं। इस मामले में वह पूर्व में कर्वी कोतवाली में अभियोग भी पंजीकृत करा चुके हैं। पीडित ने दबंगों के खिलाफ कार्यवाही के साथ निर्माण कार्य पर रोक लगाने की गुहार लगाई है।

सात आरोपियों के विरूद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा जनता में भय आंतक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले अंकित पुत्र अभिलास, अर्जुन पुत्र रामनारायण, राजेश सिंह पुत्र माताबदल, पवन कुमार पुत्र किशोर चन्द्र, श्रवण कुमार पुत्र चन्द्रकिशोर निवासीगण प्रसिद्धपुर, चन्दन पुत्र ब्रजलाल राजपूत व सुरेन्द्र पुत्र बृजलाल निवासीगण गुजरहवात का पुरवा मजरा ओरा के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्टी की कार्यवाही की गयी।

प्रगतिशील लेखक संघ का जिला सम्मेलन सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

प्रगतिशील लेखक संघ का जिला सम्मेलन कचेहरी परिसर में सीपीआई जिला सचिव अमित यादव की अध्यक्षता में हुआ। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पर्यवेक्षक ने कहा कि देश इस दौर से गुजर रहा है कि लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक एकता, सामाजिक न्याय के साथ लोकतंत्र को बचाने वाली संस्थाएं को बचाने के लिए बुद्धिजीवी वर्ग या लेखकों का सबसे बड़ा दायित्व बन जाता है। मुंशी प्रेमचंद ने कहा था कि साहित्य राजनीति की मशाल है, जो राजनीति को ही नहीं देश को भी दिशा देती है। आज साहित्यकारों की सबसे बड़ी चुनौती देश में बढ़ रहे सांप्रदायिक तनाव, जातिवाद, लोकतंत्र व अभिव्यक्ति पर हो रहे हमले हैं। जिनसे निजात का रास्ता कलम के रास्ते से ही निकालना होगा। इस अवसर पर अमित यादव, सुनील कुमार, श्याम सुन्दर सिंह, आलोक बौद्ध, रविकरन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रगतिशील लेखक संघ चित्रकूट का जिलाध्यक्ष सुनील कुमार चित्रकूटी को, उपाध्यक्ष आनंद यादव, महासचिव श्याम सुंदर सिंह, कोषाध्यक्ष आलोक बौद्ध, सचिव रविकरन को चुना गया। साथ ही 10 सदस्यीय कार्यकारिणी भी चुनी गई। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को का.अमित यादव, पर्यवेक्षक डा. रामचन्द्र सरस ने बधाई दी।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । रविवार । 30 जुलाई 2023 | 03

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 29-30 जुलाई 2023 को मेघ गर्जना एवं बज्रपात के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.0 (-0.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.6 (+0.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 85 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 59 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.8 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा : उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 4.4

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

विधायक इरफान सोलंकी एंड कंपनी के गैंग पर क्यों मेहरबान है केडीए

हाजी वसी के कब्जे से प्राधिकरण की आराजी संख्या 48 को कब मुक्त कराएंगे जिम्मेदार?

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

कानपुर नगर। शहर में सरकारी जमीनों पर कब्जा कर उसे ऊंचे दामों में बेचकर अपनी जेबें भरने वाले सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके गैंग के सदस्यों को कौन नहीं जानता है। जहां एक ओर उत्तर प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दावों माफियाओं को मिट्टी में मिला देंगे को पूरा करने में कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी जी तोड़ मेहनत करते हुए इरफान सोलंकी गैंग के खिलाफ लगे हुए हैं तो वहीं दूसरी ओर कानपुर विकास प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी इस गैंग के सदस्यों पर मेहरबान दिखाई दे रहे हैं। प्राधिकरण की एक बड़ी मेहरबानी इरफान सोलंकी एंड गैंग पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। ज्ञातव्य हो कि इरफान सोलंकी की गुमनाम कंपनी हमराज कंस्ट्रक्शन में डायरेक्टर के रूप में शामिल रहे कानपुर हिंसा के मुख्य आरोपी हाजी वसी द्वारा विधायक इरफान के सहयोग से कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक में स्थित प्राधिकरण की जाजमऊ वाजिदपुर की आराजी संख्या 48 सरकारी भूमि पर कब्जा कर उसे बेचने का खुलासा सबसे पहले जन एक्सप्रेस ने ही किया था। इस मामले में विधायक इरफान सोलंकी हाजी वसी के साथ-साथ अन्य लोगों पर भी रंगदारी मांगने और प्राधिकरण की सरकारी जमीन पर कब्जा करने का मुकदमा विमल चौधरी नाम के पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 155/22 कोतवाली जाजमऊ में दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस की जांच और केडीए की जांच पूर्ण रूप से समाप्त हो चुकी है। विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ आरोप पत्र भी न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है। तहसील और केडीए की संयुक्त जांच टीम ने पूर्व में की गई जांच के उपरांत पाया कि आराजी संख्या 48 जिसे हाजी वसी महंगे दामों में टेनरी मालिकों को बेच दिया है वास्तव मे यह जमीन कानपुर विकास प्राधिकरण की अधिग्रहित की हुई सरकारी जमीन है।

* **प्राधिकरण की अधिग्रहित भूमि आराजी संख्या 48 को कब्जे में लेने के बाद गरीबों के लिए बनाए जा सकते हैं आशियाने सरकार का बढ़ेगा मान सम्मान**

मंडलायुक्त को भी केडीए भेज चुका है रिपोर्ट

सरकारी भूमि पर कब्जा कर लेने के बाद भी इरफान सोलंकी एंड कम्पनी हाजी वसी गैंग के हौसलों की तारीफ जितनी भी की जाए उतनी कम है क्योंकि उन्हें मालूम है कि उनके द्वारा गलत कार्य किया गया है लेकिन फिर भी मंडलायुक्त की कोर्ट में अपील पर जाने से नहीं चुके। अपील दाखिल होने के बाद जब तत्कालीन मंडलायुक्त डॉक्टर राजशेखर ने केडीए से जवाब मांगा तो तत्कालीन विशेष कार्य अधिकारी रहे अवनीश कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि आराजी नम्बर 48 तथा 963 वाजिदपुर उर्फ जाजमऊ, कानपुर नगर के सम्बन्ध में तहसीलदार सदर व प्राधिकरण की संयुक्त टीम द्वारा जाँच की गई। जाँच आख्या 13.01.2023 से स्पष्ट है कि आराजी नम्बर-48 वाजिदपुर उर्फ जाजमऊ, कानपुर नगर एवाई नम्बर - 108 दिनाँक 03.06.1957 द्वारा अर्जित एंव कब्जा प्राप्त भूमि है जोकि प्राधिकरण की योजना के अन्तर्गत है तथा आराजी नम्बर- 963 खतौनी फसली वर्ष-1429-1434 की खाता संख्या- 1163 की गाटा संख्या-963 रकबा 0.100हे0 गोविन्द कुमार पुत्र रामशंकर व श्रीमती रंजीता पत्नी स्व0 राम गोपाल व ऋषी निषाद पुत्र स्व0 राम गोपाल व कु0 प्रिया निषाद पुत्र स्व0 राम गोपाल के नाम दर्ज अभिलेख है संयुक्त टीम द्वारा जब सजरे से मिलान कराया गया तो स्पष्ट हुआ कि उपरोक्त आराजी पर दुकानों का अवैध रूप से निर्माण कराया गया है जिसके सम्बन्ध में ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया है।

खुद की जमीन को प्राधिकरण क्यों नहीं ले रहा अपने कब्जे में

कानपुर विकास प्राधिकरण इरफान सोलंकी एंड गैंग पर पूर्ण रूप से मेहरबान है। कारण यह है कि कानपुर पुलिस लगातार इरफान सोलंकी एंड गैंग की संपत्तियों को कुर्क कर रही है। लेकिन कानपुर विकास प्राधिकरण खुद की जमीन जो आराजी संख्या 48 जोन एक के जाजमऊ में है जिसे इरफान सोलंकी के बलबूते पर हाजी वसी और उसके साथियों ने ऊंचे दामों में बेच दिया था। रिर्पोट में स्पष्ट भी हो चुका है कि आराजी संख्या 48 प्राधिकरण की ही अर्जित भूमि है उसके बाद भी प्राधिकरण में तैनात जिम्मेदार अधिकारी आज तक इस जमीन पर अपना कब्जा लेने की तैयारी नहीं कर पाए जबकि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रहते सरकारी जमीनों पर कब्जा लेने में कोई दिक्कत नहीं आती ।अभी हाल ही में कोलकाता हाई कोर्ट ने खुद योगी सरकार के बारे में टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाना है तो योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर किराए पर ले लें। कुछ जिम्मेदार ईमानदार अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि जो अपील हाजी वसी की टीम के सदस्य ने मंडलायुक्त के यहां दाखिल की है उसमें सिर्फ धवस्तीकरण के आदेश पर अपील की है जो विमल चौधरी की कब्जा की हुई जमीन का हिस्सा है ना की आराजी संख्या 48 का है । और यह भी स्पष्ट हो चुका है कि जिस जमीन पर हाजी वसी ने कब्जा कर निर्माण किया था वह पूर्ण रूप से विमल चौधरी की ही जमीन है। ऐसे में प्राधिकरण के उच्च अधिकारी और प्रवर्तन टीम खुद की जमीन पर कब्जा कर सकती है और यहां पर गरीबों के लिए मकान भी बनाए जा सकते हैं लेकिन कुछ लोग इरफान सोलंकी एंड गैंग और हाजी वसी के अभी भी रहनुमा बने हुए हैं जिसका जीता जागता सबूत है हाजी वसी की अधिकतर उन बिल्डिंगों में निर्माण कार्य आरंभ हो गया है और लोग रहने भी लगे हैं जिस पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए तीन जून की की हिंसा के बाद रोक लगा दी थी और इसी मामलों में हजी वसी जेल में बैठे बैठे अपील पर भी गया है अपने करिंदों के माध्यम से उसके बाद भी अपील कोर्ट में लंबित है और इरफान सोलंकी एंड गैंग और हाजी वसी के लोग अवैध निर्माण कर रहे हैं और उसमें लोगों को काबिज भी कर रहे हैं।

कानपुर में कब खत्म होगा हड्डी वाला गैंग का आतंक ?

आधा सैकड़ा से अधिक उपद्रवियों ने महिलाओं बच्चों को बनाया निशाना, तोड़ डाले गली के सीसीटीवी कैमरे

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में भी गौ माता की हत्या कर उनकी तस्करी करने वाले हड्डीवाले गैंग के लोग कानपुर नगर के थाना बेकनगंज क्षेत्र में खुलेआम घूम घूम कर तस्करी करने का काम कर रहे हैं और इसके साथ-साथ हत्या लूट मारपीट महिलाओं संग दिनदहाड़े छेड़छाड़ करना इनके लिए अब आम बात हो चुकी है। बीती शुक्रवार की देर रात्रि हड्डी वाले गैंग के लगभग आधा सैकड़ा से अधिक उपद्रवियों ने थाना बेकनगंज क्षेत्र जमकर तांडव किया महिलाओं संग मारपीट छेड़छाड़ की भी की घटना को अंजाम दे डाला और फरार हो गए। ऐसी दुस्साहसिक घटना को अंजाम देने वाले गैंग के लोगों को आसानी से बचाने का काम हसीब चर्बी नाम का मुखबिर कर रहा है।

बताते चलें कि बीते शुक्रवार की देर रात हड्डीवाला परिवार के आधा सैकड़ा से अधिक सदस्यों ने थाना बेकनगंज के हीरामनपुरवा में खूब जमकर तांडव मचाया है। हड्डी परिवार का तांडव सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर जमकर वायरल भी हो रहा है। इन सभी पर आरोप यह है कि शुक्रवार की देर रात हीरामनपुरवा में मुहर्रम को लेकर गली में कुरआन खानी पढ़ी जा रही थी तभी हड्डी परिवार का यासीन हड्डी तेज रफ्तार कार लेकर बार बार निकल रहा था जिसके लिए उससे कहा गया कि बच्चे कुरआन खानी पढ़ रहे उनके कीचड़ पड़ रहा है इसलिए कार कार थोड़ा आराम से निकालो लेकिन हड्डी परिवार के इस सदस्य को नगवार गुजरा और मौके पर ही विवाद शुरू कर दिया देखते ही देखते हड्डी परिवार के आधा सैकड़ा से अधिक सदस्य आ गए और क्षेत्र में वर्चस्व कायम रखने के लिए ईंट पत्थर चलाने शुरू कर दिया घरों में घुसकर महिलाओं से मारपीट और छेड़छाड़ कर बच्चो से भी मारपीट की घटना को अंजाम दे डाला,गली मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे तक तोड़ डाले और एक आफिस का गेट तोड़कर दबंगो ने जमकर तांडव मचाया और उसके बाद वहाँ से सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर निकाल कर फरार हो गए इस सम्बंध में पीड़ित ने थाना बेकनगंज में लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है।

* **हड्डी वाला के सदस्यों पर पुलिस ना हुई सख्त तो आने वाले समय में घट सकती हैं बड़ी-बड़ी घटनाएं**

योगी सरकार में भी आतंक बना हुआ है हड्डी वाले गैंग का

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई दशकों से हीरामनपुरवा में हड्डीवाला परिवार का वर्चस्व कायम है। जो भी इनके खिलाफ कार्यवाही के लिए कदम बढ़ाता है वो या तो मौत के घाट जाता है या फिर जेल जाता है। सूत्र यह भी बताते हैं कि थाना बेकनगंज में थानेदार कोई भी हो लेकिन थाने पर राज हड्डी परिवार के हिस्ट्रीशीटर हसीब चर्बी का ही रहता है हसीब चर्बी इसी थाने से हिस्ट्रीशीटर भी है उसके बावजूद भी थाने पर ही मौजूद रहता है वो जिसे चाहता है उसे जेल भिजवाता है और जिसे चाहता है उसे क्लीनचिट दिलवा देता है। थाने का कारखास कुख्यात हसीब चर्बी हड्डी परिवार को पुलिसिया कार्यवाही से बचाता रहता है इसी कारण हड्डी परिवार के हौसले बुलंद रहते है। जबकि हड्डी परिवार पर हत्या, हत्या के प्रयास, लूट-पाट मकानों में कब्ज़ा करना गौकशी जैसे संगीन मामले दर्ज हैं उसके बाद भी हड्डी परिवार कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देने के बाद भी बच जाता है।

ज्ञानवापी परिसर में बिना खुदाई वस्तुओं का चल सकेगा पता : आईआईटी कानपुर

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

कानपुर नगर। ज्ञानवापी परिसर का सर्वे इन दिनों काफी चर्चा में है। मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) कानपुर से सर्वे करने की मदद मांगी है। ज्ञानवापी परिसर में बगैर कोई छेड़छाड़ किए ही पुरातात्विक महत्व और वस्तुओं की पड़ताल की जा सकेगी। आईआईटी कानपुर की टीम को लीड करने वाले हेड ऑफ अर्थ एन्ड साइंस डिपार्टमेंट के प्रो. जावेद एन मलिक का कहना है कि कोर्ट के आदेश के बाद एएसआई की टीम के साथ जीपीआर टेक्नोलॉजी के माध्यम से सर्वे करने के लिए टीम जाएगी। उन्होंने बताया कि जीपीआर यानी ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार ऐसी तकनीक है, जिससे किसी भी वस्तु या ढांचे को बिना छेड़े ही उसके नीचे कंक्रीट धातु, पाइप, केबल या अन्य वस्तुओं की पहचान की जा सकती है। इस तकनीक में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन की मदद से ऐसे सिग्नल मिलते हैं जो यह बताने में कारगर साबित होते हैं कि जमीन के नीचे किस प्रकार और किस आकार की वस्तु या ढांचा है। इसमें खास बात यह है कि बिना खुदाई करे ही अंदर की वस्तुओं का पता चल जाएगा। सर्वे संभवता अगले हफ्ते शुरू हो सकता है। इस सर्वे के दौरान किसी भी प्रकार की खुदाई नहीं की जाएगी। इस सर्वे के लिए कम से कम 8 दिन का समय लगेगा। वहीं आईआईटी के निदेशक प्रोफेसर अभय करंदीकर ने कहा हम प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है एएसआई। की जरूरत के अनुसार, से हम कितनी मदद कर सकते हैं।

फास्ट फॉरवर्ड

रविकांत उत्तम को चुना गया राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। नानचाकू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ. रोहित सक्सेना और बोर्ड की सर्वसम्मति से राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार रविकांत उत्तम हाई कोर्ट एडवोकेट को चुना गया है । इस जिम्मेदारी के मिलने पर एडवोकेट रवि कांत ने कहा है कि नानचाकू के खेल पर चर्चा करते हुए कुछ खास मुद्दों पर अपनी सलाह दी है। वह हर मौके पर संस्था के साथ हैं और पूरे मन से कार्यभार संभालेंगे और अन्य राज्यों की इकाइयों में सलाह देते रहेंगे । आगामी अगस्त महीने के अंतिम सप्ताह में एनुअल जनरल मीटिंग पर चर्चा करते हुए डॉक्टर रोहित सक्सेना ने कहा कि आईसीसी क्लब महाराष्ट्र में होना प्रस्तावित है जहां 7 स्टार की फैसिलिटी के साथ सभी बोर्ड मेंबर की मीटिंग होगी। देश के हर राज्य जो कि एफिलेटेड है। अध्यक्ष और सचिव नानचाकू खेल की टेक्निकल व रैफरी सेमिनार का आयोजन होगा। जो कि 2 दिवसीय कार्यक्रम होगा। सचिव बाबुल वर्मा ने कहा कि कोच और खिलाड़ियों को होने वाली समस्याओं का निवारण का जरुर करेंगे। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष आर. पी शर्मा सचिव सिहान बाबुल वर्मा और टेक्निकल मीडिया प्रभारी विजय कुशवाहा भी मौजूद रहे है। बताते चलें कि वर्तमान में डॉ. मौर्य कृषि महाविद्यालय कानपुर एवं वानिकी महाविद्यालय कानपुर के भी डीन हैं।

रॉबिन हुड आर्मी 122.8 मिलियन लोगों को परोस चुकी है भोजन

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। रॉबिन हुड आर्मी के पदाधिकारीयों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि (आरएचए) एक शून्यकोष स्वयंसेवी संगठन है जिसमें हजारों युवा और पेशेवर नागरिक हैं जो बचे हुए भोजन की बर्बादी को रोकने के लिए रेस्टोरेंट और होटल से अधिशेष भोजन एकत्र करती है और इसे कम भाग्यशाली लोगों में वितरित करती है। नौ वर्षों में, आरएचए ने 2,30,000 स्वयंसेवकों की एक टीम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर 13 देशों में 403 शहरों में 122.8 मिलियन लोगों को भोजन परोसा है रोबिन हुड आर्मी कानपुर 2017 में शुरू हुई थी। शुरुआती समय में 3-4 रॉबिंस के जुनून से आज के समय में रॉबिस की संख्या 300+ है। रोबिन हुड आर्मी कानपुर टीम ने अभी तक कुल 923000+ लोगों को भोजन वितरित किया है।

बिठूर विद्युत उपकेंद्र की इको वैन सड़क दुर्घटना में हुई क्षतिग्रस्त, कर्मचारियों को नहीं आई चोट

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिठूर विद्युत उपकेंद्र में कार्यरत गाड़ी को कल्याणपुर बिठूर रोड स्थित एक निजी गेस्ट हाउस के सामने बिठूर की ओर आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में किसी भी केस्को के कर्मचारी को चोट नहीं आई है। सूत्रों के मुताबिक बरसात के बाद फाल्ट ठीक करने के लिए बिठूर केस्को की गाड़ी निकली हुई थी जिस पर कर्मचारी भी काम करने के लिए निकले थे कल्याणपुर बिठूर रोड स्थित एक निजी गेस्ट हाउस के सामने केस्को की टीम कार्य कर रही थी कि तभी बिठूर की ओर से आ रही अनियंत्रित पिकअप ने कस्को की ईको वैन गाडी में जोरदार टक्कर मार दी जिससे केस्को की इको वैन गाड़ी में नुकसान हुआ है। घटना में किसी भी केस को कर्मचारी को चोट नहीं आई है।

एकतरफा प्यार में पागल प्रेमी ने गांव में लगवाए युवती के पोस्टर

जन एक्सप्रेस। अंकित चौधरी

कानपुर नगर। एकतरफा प्यार में पागल प्रेमी ने बौखला कर युवती की शादी तय होने के बाद गांव में पोस्टर चस्पा करते हुए उसकी तुलना एसडीएम ज्योति मौर्या से कर डाली। यही नहीं जिस लड़के से शादी तय हुई है उसके व्हाट्सएप पर मैसेज करते हुए रिश्ता भी तुड़वाने में में लगा है । फिलहाल पुलिस ने पीड़ीत युवती की तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सजेती थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी युवती अपनी मां के साथ सजेती थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी तय हो चुकी है। बीते मई के महीने उसके घर में गोद भराई व वरीक्षा का कार्यक्रम किया था। युवती की मां ने पुलिस को बताया कि कानपुर देहात के नवीपुर गांव निवासी उनकी बेटी का फूफा कुलदीप कपूर शादी तुड़वाना चाहता है आरोपित फूफा ने बेटी की होने वाली ससुराल पहुंचकर उनके घर वालों को भड़काया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीते 28 जून को आरोपी फूफा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर है। लेकिन तभी गांव में पोस्टर लगाए गए जिससे दोबारा शिकायत हुई है सजेती थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि फूफा पर पहले ही मुकदमा दर्ज है पोस्टरों की जांच की जा रही है एक तरफा प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। युवती के प्रेमी के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रही है। गांव में कई जगहों पर पोस्टर लगे हुए हैं इन पोस्टरों को लगवाने वाले को युवती का प्रेमी बताया जा रहा है इसके साथ ही पोस्टर पर लिखा है कि ज्योति मौर्य व आलोक मौर्य जैसी एक और घटना, पोस्टरों में प्रेमी ने युवती के फूफा का पक्ष लेते हुए कई लाइन लिखी है बताया कि फूफा ने युवती को पढ़ाया है और अब उसके घर वाले जबरन शादी कर रहे हैं इससे यह भी शक है कि फूफा ने ही किसी के नाम से पोस्टर बनवा कर लगवाए हैं वही पोस्टर में लिखा है कि युवती के साथ अकबरपुर में पढ़ता था और वहां से उसे युवती से प्यार हो गया वह युवती को किसी और की नहीं होने देगा चाहे उसे कुछ भी करना पड़े।

कटरी में शराब बना रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिठूर पुलिस ने बीते दिन शुक्रवार रात को बिठूर के भिढ़ैया निवासी चंद्रपाल उम्र 45 वर्ष को गंगा कटरी इलाके में खेतों पर से शराब बनाते हुए छापा मारकर गिरफ्तार किया है। चंद्रपाल खेत पर बनी झोपड़ी में भट्टी बनाकर कच्ची शराब बनाने का कार्य करता था। पुलिस ने भट्टी को नष्ट कर मौके पर से 12 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत चंद्रपाल के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्यवाही की है। बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अभी लगातार सर्च टीम लगी हुई है। कच्ची शराब बनाने वालों की खैर नहीं है।

शिविर में कैडेट्स को दिया गया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। 55 यूपी बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 194 में सभी कैडेट्स को तेजस फिटनेस सेल्फ डिफेंस क्लब और रेन्बुकयी कराटे क्लब कानपुर के शाखा ब्रांच चीफ ज्ञान प्रकाश अवस्थी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। आजकल समाज के विभिन्न प्रकार की बुराइयों का शिकार एक आम आदमी को झेलना पड़ता है इसलिए आत्मरक्षा के गुर एक प्रकार का विशेष प्रशिक्षण है जिसमें सभी लोगों मैं स्वयं की रक्षा कैसे की जाए के बारे में सिखाया जाता है । इस अवसर पर 400 कैडेट्स ने आत्मरक्षा के गुर सीखे और इसको आगे और भी अच्छे से प्रशिक्षित होने के लिए प्रण लिया एवं केडिट्स द्वारा ज्ञान प्रकाश अवस्थी को धन्यवाद किया गया और उन्हें कैम्प की तरफ स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी 2 अगस्त को रहेंगे कानपुर में

जन एक्सप्रेस। प्रदीप शर्मा



कानपुर नगर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी 2 अगस्त बीते दिन बुधवार को शहर में रहेंगे। जहां वह किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेश त्रिवेदी द्वारा बुधवार को आयोजित होने वाले दिव्यांग उपकरण समारोह में सुबह ग्यारह बजे शिरकत करेंगे। मनीष त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांगों को बैटरी ट्राइसाइकिल, व्हील चेयर, हैण्ड ट्राइसाइकिल, बैशाखी, विशेष जूते, कमोड, चेस्ट सपोर्टर सहित अन्य उपकरण वितरित करेंगे। यह कार्यक्रम किदवई नगर क्षेत्र के घनश्याम दास शिवकुमार हायर सेकेंडरी विद्यालय मे आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के बाद प्रदेश अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय कमलरानी वरुण की पुण्यतिथि पर घाटमपुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने के लिए रवाना हो जाएंगे।

138 वादों के निस्तारण हेतु होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

कानपुर नगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में 12 अगस्त दिन- द्वितीय शनिवार को जनपद न्यायालय कानपुर नगर में एन आई एक्ट 138 वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर नगर के तत्वाधान में किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शुभी गुप्ता द्वारा बताया गया कि विशेष लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित एन आई एक्ट 138 के वादों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा।

धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया गया मोहर्रम

जन एक्सप्रेस। राजेश पाल

बाजार शुक्ल, अमेठी। मुहर्रम इस्लाम धर्म में आस्था रखने वाले लोगों का एक प्रमुख त्यौहार है। मुहर्रम से इस्लामिक कैलेंडर का नया साल शुरू होता है। इस माह को इस्लाम के 4 पवित्र महीनों में शुमार किया जाता है। अल्लाह के रसूल हजरत मुहम्मद ने इस मास को अल्लाह का महीना कहा है। ताजिया रख कई तरह के आयोजन किये जाते हैं। जिसे शाम होते ही कर्बला में ताजिया ठंडी कर दी जाती है।

धर्म व सत्य के लिए पैगाम देने वाला पर्वः कस्बे में शहीदाने करबला की याद में जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम धर्म गुरुओं द्वारा इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत का जिक्र किया। जुलूस के साथ ताजिया निकाली गई।जो क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए भ्रमण कराया गया। इस दौरान जगह-जगह मुस्लिम समुदाय द्वारा शरबत, लंगर का एहतेमाम किया गया। कहते हैं कि इस दिन लंगर व शरबत बांटने को मुस्लिम समाज पुण्य का काम मानते हैं। मुस्लिम समाज मुहर्रम को मातमी पर्व के साथ धर्म व सत्य के लिए पैगाम देने वाला पर्व के रूप में मनाते हैं। मोहर्रम पर करबला की याद में युवाओं द्वारा कर करतब दिखाए जाते हैं। जिसमें युवाओं द्वारा विभिन्न प्रकार करतब से लोगों का मन मोह लेते हैं। इसके लिए युवाओं की टोली सप्ताह भर से तैयारी करती है।

मुस्तैदी से डटा रहा स्थानीय प्रशासन

चप्पे-चप्पे पर रखी जा रही थी नजरः थाना क्षेत्र के कस्बे सहित क्षेत्र में मुहर्रम के चलते ताजिया जुलूस निकाला गया इस दौरान सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस फोर्स भी मुस्तैदी से मौजूद रहा। मुहर्रम का त्योहार बड़े ही धूमधाम ताजिया जुलूस निकालकर मनाया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से तेजतर्रार थाना प्रभारी तरुण पटेल भी जवानों संग सुबह से ही जुलूस वाले स्थान पर डटे रहे तथा जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाई।

मोहनगंज पुलिस का नया कारनामा

बुजुर्ग ने लगाये हल्का पुलिस पर गम्भीर आरोप

जन एक्सप्रेस। तिलोई, अमेठी



जनपद के थाना मोहनगंज तहसील तिलोई के ग्राम पूरे चंन्द्रिका मजरे छीछा निवासी बाबूलाल उम्र 76 वर्षीय बुजुर्ग विपक्षी राजकरन, जयकरन उपरोक्त गांव निवासी के बीच आबादी के जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जमीन न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित बाबूलाल का आरोप कि तीन दिन पहले मोहनगंज पुलिस बिना कोई आदेश व राजस्व टीम के गैर मौजूदगी मे हल्का पुलिस खडी होकर विपक्षी की दीवाल वनवा दी है। जब हमने कोर्ट के आदेश का कागजात दिखाया तो हल्का सिपाही व दरोगा उसे फेक दिया। और भददी भद्दी गालिया देने लगे। शुक्रवार बीती रात बिना किसी बात के रंजीत सिपाही व एक अन्य व हल्का दरोगा राम हिन्द 12 बजे रात को शराब के नशे मे पहुचे व हमे जगाने के बाद मारना चालू कर दिये। जब हमारी 18 वर्षीय पुत्री ने विरोध किया तो उसे भी बुरी तरह मारा पीटा हमे जबरन थाने ले जाने लगे रास्ते मे रोक कर छोड़ने के नाम पर हमसे एक हजार रूपए लेकर हमे छोड़ दिया। और कहा कि उस जमीन के पास अब मत जाना वरना तुम्हे व तुम्हारे लड़के को संगीन धाराओं मे फंसाकर जेल भेज देंगे। थानाध्यक्ष धीरेन्द्र यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया 10वीं मोहर्रम का जुलूस

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

शनिवार को 10वीं मुहर्रम पर यौम-ए-आशूरा का जुलूस शहर से लेकर कस्बों तक में निकला है। हर तरफ मातम, आंखो में आंसू लिए अकीदत मंद यजीद के जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहे। जुलूस में मातम के साथ शिया समुदाय के लोगों ने नौहे में शब्बीर पे क्या आलमे तनहाई है ,जुल्म की चंद पे जहरा के घटा छाई है'' के साथ सीनाजनी, छूरी और जंजीर का मातम शुरू हुआ। जुलूस आगे बढ़ा, जिसमे हजारो की संख्या मे महिलाएं, पुरुष, बड़े और बुजुर्ग शामिल थे। इस जुलूस मे शामिल होने के ग्रामीण क्षेत्रो से बड़ी संख्या संख्या मे हिन्दू समुदाय के लोग भी आए थे। जुलूस के रास्ते मे जगह जगह लंगर का भी लोगो ने आयोजन किया था। रास्ते मे नोहा ख्वानी भी होती रही, तो तकरीर भी होती थी।

या हुसैन अलविदा के साथ सिपुर्दे खाक किये गये ताजिये

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

नौ मोहर्रम को हुसैनिया बादल खॉ की मजलिस को मौलाना सैयद आमिर काजमी ने खेताब किया उन्होंने कहाकि जब हुसैन के सारे साथी शहीद होगये तो हुसैन ने चारों तरफ देखा और आवाज दी ऐ मेरे जॉनिसारो क्या अपने मौला को रूखसत नहीं करोगे।

जब कोई न रहा और खैमे से हुसैन रूखसत होने लगे तो खैमे में कोहराम मच गया हुसैन की बहेन जैनब ने हुसैन को घोड़े पर सवार कराया हुसैन न यजीदी फौज से कहा अगर तुम अब भी बाज आ जाओ और हमारी बात मानलो तो हुसैन तुम्हें माफ कर देगा, लेकिन जब यजीदी फौज न मानी तो हुसैन ने हमला करना शुरू किया यजीदी फौज हथियार छोड़-छोड़ कर भागने लगी, हुसैन ने कहा मैं अमान चाहता हूँ, यजीदी फौज ने हथियार डाल दिया, इतने में गैबी आवाज आयी ऐ हुसैन जंग रोकलो इसको सुनकर हुसैन ने अपनी तलवार रोकली, हुसैन पर चारों तरफ से हमले होने लगे जख्मों से चूर होकर हुसैन घोड़े से जमीन पर आये, यजीदी फौज का कमाण्डर शिम्र आगे बढ़ा उसने हुसैन के सर को काट लिया, खैमे में इसकी खबर मिलते ही कोहराम मच गया। इसके बाद जुलूस शबे आसूर निकाला गया और रात भर सभी अंजुमनो ने नौहा मातम किया और सुबह सभी इमामबाड़ों में अलविदाई नौहा पढ़ा गया।

हवाई अड्डे पर आमाले आशूरा करने के बाद अमहट के सभी इमामबाड़ो से ताजिया का जुलूस उठकर अमहट चैराहे पर सबसे आगे अंजुमन जीनतुल अजा कदीम, जीनतुल अजा बहिश्ती, जीनतुल अजा रजिस्टर्ड अलीगढ़, असगरिया कदीम, पंजतनी तुराबखानी, असगरिया गोराबारिक, कमरबनी हाशिम जुलूस ने नौहा मातम करते हुए अमहट करबला पर जुलूस समाप्त हुआ। प्रशासन का जुलूस में भरपूर सहयोग रहा। इसके अलावा सुलतानपुर जनपद के सभी शिया इलाकों में अमहट गोराबारिक तुराबखानी अलीगढ अलीनगर उँचवा मेड़ईखां का पुरवा हसनपुर मनियारपुर जूड़ूपुर प्रतापबुर मनियारी भाईं पीथापुर लोहर दक्षिण ताजखानपुर बहादुरपुर अफलेपुर उसरा खैराबाद शाहपुर लहुरेबंधुआ सरैया सुरौली हयातनगर कोटवा मूँगर बेलहरी सैदपुर चीनीमिल पियारेपुर छतौना चुनहा करौंदिया सजैया माल्हा सैदखानपुर लुसहा कूरेभार वलीपुर कारीभीट कादीपुर धौरहरा इसौली लोकनाथपुर ताजिया का जुलूस उठाया गया और करबला में सिपुर्दे खाक किया गया यह जानकारी हैदर अब्बास खॉ अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिऐशन सुलतानपुर ने दी है।

परिवहन विभाग द्वारा यातायात सुरक्षा जागरूकता व चेकिंग अभियान

जन एक्सप्रेस। अमेठी

पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा सयुंक्त रूप से शनिवार को यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। और टिकरिया सीमेंट फैक्टरी से निकलकर महिला थाना के आस-पास अमेठी रोड़ पर ट्रक खड़ा कर जाम का कारण वनने वाले ट्रकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों एवम शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने वाले चालकों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। साथ ही यातायात जागरूकता अभियान के अन्तर्गत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर यातायात नियमों के पालन से सम्बन्धित वैनर व पोस्टर लगवाते हुए आम जनता को पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित किया गया।हेलमेट और सीट बेल्ट पहनकर वाहन न चलाने वालों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगवाए गए। दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

मुख्य मार्गों तथा सड़क पर वाहनों को खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने व जाम लगाने वाले वाहनों के मालिकों को आगे ऐसा न करने की चेतावनी देते हुये हटवाया गया। न हटाने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी। इसके साथ ही मोटरसाइकिल एवं चार पहिया वाहनों के विरुद्ध भी जागरूकता के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 203 वाहनों का चालान करते हुए 2,58,500 रूपए जुर्माना योजित किया गया।

योजना का लाभ दिलाने के बहाने जालसाजों ने की करोड़ों की ठगी

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जनपद में जालसाजों ने भोले भाले ग्रामीणों को सरकार से बीस हजार रुपए मिलने की स्कीम बताकर करोड़ों का चूना लगा दिया।उन्होंने ग्रामीणों के खाते में पैसा आने को बताकर उनसे आधार कार्ड,पैन कार्ड की फोटो कॉपी और दो फोटो लेकर साथ ही सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिया। ग्रामीण अपने खाते में पैसा आने का इंतजार करते रहे। खाते में पैसा तो नहीं आया लेकिन कुछ समय बाद फाइनेंस कंपनी के रिकवरी कर्मचारी ग्रामीणों के पास पहुंच गए। और उनके नाम फाइनेंस की गई मोटर साइकिलों की किश्त न जमा करना बताते हुए उनसे वसूली की बात बताई,तो ग्रामीणों के पैरों तले जमीन खिसक गई। ये ग्रामीण मजदूर तबके के निकले जो दिनभर मजदूरी करने के बाद परिवार का पेट भरने की कोशिश करते हैं। ग्रामीणों ने रिकवरी कर्मचारियों को बताया कि वे सब मजदूरी करते हैं। गाड़ी के बारे में तो वे सोच भी नहीं सकते हैं। लेकिन कर्मचारियों का कहना था कि उनसे उन सब चीजों से कोई मतलब नहीं।उनके नाम से फाइनेंस है, रिकवरी तो करनी पड़ेगी।ये पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र का है, जहाँ इसी थाना क्षेत्र के पूरे गनेशी, इक्ताजपुर और उरेरमऊ गांव के रहने वाले कई ग्रामीणों के आधार कॉर्ड और पैन कार्ड,बैंक पासबुक की छाया प्रति ले ली।और कहा कि सरकार द्वारा एक योजना चलाई जा रही है। जिसमें पैसे मिलेंगे और देना भी नहीं पड़ेगा। ऐसा कहकर ग्रामीणों के कागजात पर बाजार शुकुल स्थित होंडा एजेंसी से बाइक फाइनेंस करवा दी। बताया जाता है कि ग्रामीणों के विरोध की बात जानकर होंडा एजेंसी संचालक फरार हो गया है। उधर लोन एजेंट अपना पैसा मांग रहे हैं।और पैसा न देने पर कानूनी कार्यवाही करने की धमकी दे रहे है। बताया जा रहा है कि जालसाजों ने करीब 90 ग्रामीणों को अपना शिकार बनाया है। और सभी के कागजातों पर बाइक फाइनेंस करवा दी हैं। ये बाईके कहां हैं किसी को पता नहीं हैं। अभी तक एक दर्जन से अधिक ग्रामीण बाजार शुक्ल थाने पहुंच प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

सांसें हो रही हैं कम, आओ वृक्ष लगाएं हम: रंजू सिंह

जन एक्सप्रेस। अमेठी

हरीतिमा वन महोत्सव के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय चेतरा बुजुर्ग तिलोई अमेठी में सामुदायिक सहभागिता की मिसाल पेश करते हुए अपने संकल्प के अनुसार नरेन्द्र सिंह जन सेवा समिति तिलोई अमेठी की अध्यक्ष रंजू सिंह ने विद्यालय की सौंदर्यता व पर्यावरण की स्वच्छता हेतु पाकड़ का पेड़ लगाकर पुनीत कार्य किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कीर्ति मिश्रा एवं वरिष्ठ शिक्षक अम्बिका शरण खरे ने रंजू सिंह का स्वागत किया।धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी ने भी कांजी का पेड़ लगाया।रंजू सिंह ने कहा पेड़ों से बच्चों को शीतल छाया मिलेगी।आप सभी मिलकर विद्यालय में एक एक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा, वृक्षारोपण से स्वच्छ ऑक्सीजन मिलेगी।जिससे आने वाली पीढ़ी का जीवन सुरक्षित हो सकेगा।प्रधान मोनू जायसवाल ने भी गुड़हल का पेड़ लगाया। इस मौके पर शिक्षक अम्बिका शरण खरे रश्मि सिंह,रश्मि वर्मा आदि उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापिका कीर्ति मिश्रा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत, धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में 34वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को 34वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य ने कराया। जिसमें विशिष्ठ अतिथि के रुप में सुनील सिंह (अग्निशमन अधिकारी) एवं मुख्य अतिथि प्रकाश चन्द्र और संरक्षक के रुप में विद्याभारती पूर्वी उ0प्र0 के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र, क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जगदीश चन्द्र एवं प्रदेश निरीक्षक रामसिंह, संम्भाग निरीक्षक सुरेश सिंह उपस्थित रहें। कायर्क्रम का उद्घाटन मॉ सरस्वती की वन्दना के साथ आरम्भ हुआ तत्पश्चात सांस्कृतिक कायर्क्रमों की प्रस्तुति भैया बहनों द्वारा किया गया, जो आये हुए सभी प्रतिभागियों एवं अधिकारीगणों का मन-मोह लिया। अध्यक्षीय आशीवर्चन स्वामी महेश योगी एवं आभार ज्ञापन प्रबन्धक विमल तलरेजा के द्वारा किया गया। विशिष्ठ अतिथि सुनील सिंह नें आये हुए सभी प्रतिभगियों को उनकी सफलता के लिए प्रेरित किया क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र ने बताया कि हम अपने जीवन में खेल-कूद के द्वारा ही स्वस्थ एवं निरोगी रख सकते है आये हुए सभी प्रतिभागी स्वस्थ स्पर्धा एवं सामंजस्यता के साथ प्रतिभाग करेगें। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबन्ध समिति के साथ आचार्य एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक का आयोजन

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

एक आवश्यक बैठक जनपद न्यायाधीश सुलतानपुर के विश्रामकक्ष में आहूत की गई। जिसमे जनपद न्यायालय सुलतानपुर में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण व वाह्य न्यायालय कादीपुर के न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में जनपद न्यायाधीश सुलतानपुर द्वारा दिनांक 12 अगस्त को आयोजित होने वाली एन0आई0एक्ट की विशेष लोक अदालत तथा दिनांक 09 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के द्वारा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके पूर्व आज ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर के सचिव, अपर जनपद न्यायाधीश अभिषेक सिन्हा द्वारा जिला कारागार, सुलतानपुर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जेल अधिकारीगण व स्टाफ को साफ-सफाई, बंदियों के इलाज तथा उनके मुकदमों में पैरवी के बावत आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान तारकेश्वर सिंह, चीफ लीगल एड डिफेन्स कॉउन्सल, सुलतानपुर, जेल अधीक्षक अनिल गौतम, सतीश पांडेय व मो0 नासिर पी0एल0वी0 व अन्य जेल कर्मी उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर की ओर से बंदियों के हितों में सम्बन्ध में प्रचलित योजनाओं व गतिविधियों से अवगत कराया गया।

प्राथमिक विद्यालय के छात्रों से करवाया जा रहा है कार्य

जन एक्सप्रेस। बल्दीराय/सुलतानपुर

शिक्षा विभाग भले ही बच्चों की शिक्षा के प्रति सख्त निर्देश दिए हो परंतु परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों के ऊपर कोई प्रभाव पड़ने वाला नहीं है, शिक्षक विद्यालय के बच्चों से ईट की ढुलाई करवा रहे हैं। विद्यालय में ही बाल श्रम करवाया जा रहा है किंतु शिक्षा विभाग के साथ-साथ बाल श्रम अधिकारी भी मौन है। ज्ञात रहे कि धनपतगंज विकास खंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नांदा में बच्चों की पढ़ाई न करवाके उनसे बिधायक की सफाई व ईंट ढुलाई करवाया जा रहा है। जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। शुक्रवार को सुबह नौ बजे विद्यालय में बच्चों की शिक्षा की हकीकत सामने आई विद्यालय के शिक्षकों द्वारा छोटे-छोटे बच्चों से विद्यालय की सफाई के अलावा विद्यालय परिसर में पड़े ईट की ढुलाई करवाई जा रही। ग्रामीण बताते हैं कि विद्यालय में सफाई कर्मी कभी आते नहीं विद्यालय के बच्चे ही विद्यालय की साफ सफाई करते हैं। विद्यालय में पढ़ रहे बच्चे बिना ड्रेस में टहल रहे थे स्कूल के स्टाफ मोबाइल से बात कर रहे थे।विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने बताया कि गुरु जी ने कहा है कि ईट इकट्ठा कर दो। फिलहाल इस परिषदीय विद्यालय में शिक्षा की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं बच्चों को शिक्षा ना देकर उनसे कार्य करवाया जा रहा है ऐसे में बच्चों को पढ़ाई बाधित हो रही है। इस बाबत एबीएसए धनपतगंज अरबिंद ने बताया कि सूचना मिली है मामले को दिखवाया जाएगा।

एक दर्जन प्रांतो के 80 व्यापारियों ने थामा चौहान गुट का दामन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

❋ चौहान गुट मे यूपी के 17, दिल्ली, हरियाणा, बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, केरला, बंगाल, आसाम, गुजरात सहित एक दर्जन प्रांतो के व्यापारी शामिल

उत्तर प्रदेश मे निःशुल्क लावारिस शव को जलाने के सिलसिले में अपनी चर्चाओं से अपनी पहचान बनाने वाला उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चौहान के सराहनीय कार्यों को देखते हुए दिल्ली के एक सरकारी प्रशिक्षण के बाद उत्तर प्रदेश सहित एक दर्जन से अधिक प्रांतो के बड़े-बड़े दिग्गज व्यापारियों ने चौहान गुट का दामन थामा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में व्यापार मंडल चौहान गुट रायबरेली मुख्यालय से जिलाधिकारी के नेतृत्व में सीडीओ ने डेयरी प्रशिक्षण के लिए प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान की अगुवाई मे छः सदस्यीय पदाधिकारियों की टीम को रवाना किया था, प्रशिक्षण व प्रमाणपत्र मिलने के बाद आज चौहान गुट टीम रायबरेली पहुंची, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। एसके सोनी मीडिया प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष वार्तालाप के बाद सबका उत्साह वर्धन करते हुए बताया कि आज चौहान गुट ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए चौहान गुट मे यूपी के 17, दिल्ली, हरियाणा, बिहार, छत्तीसगढ़, केरला, बंगाल, आसाम, गुजरात, उत्तराखंड सहित एक दर्जन से अधिक प्रांतो के बड़े-बड़े व्यापारियों को सदस्यता ग्रहण करवाते हुए सभी को चौहान गुट का प्रमाण पत्र सौपा है। जिससे व्यापार मंडल चौहान गुट को बड़ी मजबूती मिली है। श्री सोनी जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के भजनपुरा से शंकर सोनी को अध्यक्ष बनाते हुए प्रमाण पत्र सौंपा है जल्द ही शंकर सोनी व्यापार मंडल टीम का गठन करेंगे। इस मौके पर चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान सहित सूची अध्यक्ष कृष्ण कुमार, सचिव शिवशंकर, महिला जिलाध्यक्ष बबीता वर्मा, जिला सचिव महेश मिश्रा, व जिला संगठन मंत्री डीके सिंह राणा, एसके सोनी, मो उमर, मो नजर, संदीप, प्रदीप, अरबिंद सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

मणिपुर की घटना के विरोध में कांग्रेस कमेटी द्वारा कैंडल मार्च निकालकर भाजपा की सोई हुई सरकार के खिलाफ किया गया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई अमानवीय हिंसा के विरोध में ब्लाक शिवगढ़, महराजगंज व बछरावां में कांग्रेस कमेटी द्वारा कैंडल मार्च निकालकर भाजपा की सोई हुई सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि मणिपुर की घटना ने विदेशों में देश की छवि को नुकसान पहुंचाया है, मणिपुर राज्य और केन्द्र की भाजपा सरकार ने अगर समय रहते कोई ठोस कदम उठाया होता तो दंगों पर रोक लगाई जा सकती थी। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने कैंडल मार्च की जानकारी देते हुए बताया कि मणिपुर मुद्दे पर देश के प्रधानमंत्री विपक्ष के सवालों से भाग रहे है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। मणिपुर देश का अभिन्न अंग है, लगभग तीन महीनों से राज्य जल रहा है, लेकिन केन्द्र की भाजपा सरकार चैन की नींद सोई हुई है। कैंडल मार्च में मुख्य रूप से नागेन्द्र बहादुर सिंह, सुमित्रा रावत, गिरिजेश श्रीवास्तव, दिनेश यादव, गौरव मिश्रा, अवधेश चौधरी, अखिलेश मिश्रा, ललित तिवारी, आशीष त्रिवेदी, अंकुर जायसवाल, रत्नेश सोनी, रमाकांत मिश्रा, गंगाराम, अविनाष चन्द्र बाजपेई, रमेश गुप्ता, रामप्यारे, तनबीर आकिब, सिद्धेष मौर्या, कुसुम, जान मोहम्मद, राम किशोर मौर्या, सुनील पटेल, दुर्गेश अवस्थी, रामचन्द्र पासी, आशीष जायसवाल, सतीश सिंह, रामलखन यादव, सुरेश कुशवाहा, नरेन्द्र सिंह, सिद्धनाथ कैराती, जुबैर अहमद, चन्द्र मोहन दीक्षित, रामकरन दीक्षित, रामू रावत, बृजेन्द्र द्विवेदी, हीरालाल, देवेन्द्र अवस्थी, हनोमान जायसवाल, सुन्दर लाल गुप्ता, अमन वैश्य, लाला मनिहार, अखिलेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, गुड्डू मनिहार, भंडारी वर्मा, अरूण वैष्य, करन वर्मा अन्य लोग उपस्थित रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	40°C	33°C
कानपुर	40°C	31°C
देहरादून	29°C	23°C
नई दिल्ली	40°C	32°C

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । रविवार । 30 जुलाई 2023

पीएम मोदी का लाइव टेलीकास्ट नहीं सुन पाए छात्र, लखनऊ में टीचर ने रिकॉर्डिंग कर सुनाया

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

पीएम मोदी ने शनिवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान मोदी ने 'पीएम श्री योजना' के तहत धन की पहली किस्त जारी की। पीएम ने 12 भारतीय भाषाओं में 100 पुस्तकों का विमोचन भी किया। यूपी में पीएम के भाषण को सुनने के लिए परिषदीय और माध्यमिक स्कूल खोले गए। सुबह 10 बजे से पीएम के कार्यक्रम का वेबकास्ट किया गया।

हालांकि कई स्कूलों में तकनीकी खामियों से वीडियो प्ले नही हो सका। मौके पर मौजूद शिक्षकों ने बताया कि नेटवर्क के चलते रियल टाइम पर वीडियो नही चला। हालांकि बच्चों को क्लासरूम में रोककर रिकॉर्डर वीडियो दिखाने की बात जरूर कही।



शनिवार का दिन आम दिनों से थोड़ा हटकर रहा। छुट्टी रद होने के बाद स्कूल खुलने के कारण ज्यादातर टीचर और स्टूडेंट्स रिलैक्स रहे। हालांकि 10 बजने के पहले से लाइव स्ट्रीमिंग के लिए सेटअप तैयार कर टीचर और स्टूडेंट बैठ गए। 10 बजते ही वीडियो प्ले हुआ। पहले प्री-रिकॉर्डर वीडियो चला और फिर लाइव कार्यक्रम शुरू हुआ। कुछ जगह टीचर्स ने लैपटॉप में वीडियो देखा, वहीं कई जगह मोबाइल से स्टूडेंट्स को वीडियो दिखाया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर पीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पहले से चल रही थी। 24 जुलाई को ही भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की तरफ से आदेश जारी करके 29 जुलाई को स्कूल खोलने के निर्देश जारी किए गए थे।

शिक्षा महानिदेशक ने शनिवार को स्कूल खोलने के निर्देश जारी किए। इससे पहले शिक्षकों और बच्चों को मोहर्रम के कारण छुट्टी की जानकारी थी। अचानक से हुए इस बदलाव के कारण कई जगह परेशानी का भी सामना करना पड़ा। हालांकि सबसे बड़ी समस्या प्रसारण करने को लेकर आई। शनिवार को तमाम स्कूलों में समय से तैयारी नही हो सकी। जिसके चलते लाइव स्ट्रीमिंग नही हुई।

छात्रों की संख्या भी रही कम

सरकारी आदेश के चलते शनिवार को स्कूल खोले जरूर गए। समय से बच्चों तक खबर न पहुंचने के कारण कई स्कूलों में छात्रों की संख्या बेहद कम रही। जहां पहले से छात्रों की संख्या कम हैं। वहां सन्नाटा ही पसरा रहा।

जश्न ए आजादी ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

उत्साह और उमंग के साथ मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवसः मुरलीधर आहूजा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

जश्न ए आजादी ट्रस्ट हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी (15 अगस्त) को आजादी का उत्सव भारी उत्साह और उमंग के साथ मनायेगा। इस संबंध में एक महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन हजरतगंज स्थित व्यंजन होटल में किया गया। बैठक में एक सप्ताह तक आजादी का उत्सव मनाने की चर्चा हुई। इस संबंध में ट्रस्ट के अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा और सचिव निगहत खान ने बताया कि देश का सबसे बड़ा त्योहार 15 अगस्त का जश्न बहुत ही जोशो खरोश के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध, आदि सभी धर्मों के लोग एक साथ मिलकर 15 अगस्त के इस जश्न में शामिल होंगे। इसके साथ ही आयोजन में सभी धर्मों के धर्म-गुरु शामिल होकर एकता और अखंडता का संदेश भी देंगे तथा इस पर्व पर देश की खुशहाली और अमन शांति की दुआ भी करेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न सामाजिक संस्थानों का भी योगदान रहता है। इस बार भी ट्रस्ट के साथ टीम केयर इंडिया एंड रिसर्च फाउंडेशन, शराबबंदी संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट अकैडमी, टीम लखनऊ, एम एम ग्रुप, एहसास ट्रस्ट, अल खैर, उ.प्र. जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन,सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल आदि का सहयोग रहेगा। इस मौके पर जश्न -ए-अजादी ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य वामिक खान, अब्दुल वहीद, जुबैर अहमद और संजय सिंह ने बताया कि आजादी का जश्न बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ एक सप्ताह तक मनाया जायेगा। इस अवसर पर लखनऊ में विभिन्न स्थानों पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई के साथ ही जनेश्वर मिश्रा पार्क में योगा और प्रभात फेरी, लोगों को खाने का वितरण, शहर के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण, बीमार जरुरतमंदों के लिए स्वास्थ शिविर और रक्त दान शिविर, शहीदों को श्रद्धांजलि तथा देश भक्ति पर कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन, बच्चे को खिलौने का वितरण, देश भक्ति पर पोस्टर प्रतियोगिता के साथ ही देश भक्ति पर संगीत की बेहतरीन शाम का आयोजन करने के साथ ही शहर में सराहनीय कार्य करने वालो का सम्मान भी किया जाएगा। इसी के साथ ही हजरतगंज में तिरंगा ध्वज फहरा कर झंडारोहण किया जाएगा और लड्डू का वितरण भी होगा।आज की बैठक में सर्वसम्मति से समाजसेवी रजिया नवाज को ट्रस्ट का चेयरमैन मनोनीत किया गया। इस बैठक में मुरलीधर आहूजा, निगहत खान, वामिक खान, अब्दुल वहीद, मुर्तुजा अली, संजय सिंह, जुबैर अहमद, नुरैन आलम, आसिम, मार्शल, फूडमैन विशाल सिंह, आर एन शुक्ला रईस अहमद, सलाउद्दीन सिद्दीकी, डी नौटियाल, महेश दीक्षित, भानु प्रताप सिंह, जय बख्श पाल, प्रवीण अस्थाना, गंगा शरन पांडे, जफर, जी एस शुक्ला, आसिफ मिर्जा सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

- विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से एक सप्ताह तक मनाया जायेगा आजादी का जश्न : निगहत खान
- ट्रस्ट के आयोजन में सभी धर्मों के लोग होंगे शामिल, हर घर मनेगा आजादी का जश्न
- समाजसेवी रजिया नवाज को सर्व सम्मति से ट्रस्ट का चेयरमैन बनाया गया

पुरानी पेंशन को लेकर महिलाओं का सम्मेलन आज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

पुरानी पेंशन को लेकर रविवार को महिला कर्मचारी नारी शक्ति पेंशन अधिकार सम्मेलन करेंगी। अटेवा पेंशन बचाओ मंच के माध्यम से होने वाले कार्यक्रम के तहत सम्मेलन किया जाएगा। पिछले दिनों अटेवा - पेंशन बचाओ मंच के सम्मेलन में इसको लेकर फैसला लिया गया था। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने बताया कि अब पूरे देश के कर्मचारी आंदोलन की राह पर है। आंदोलन में बड़े स्तर पर महिलाओं की भागेगदारी बढ़ाने के लिए लखनऊ में 30 जुलाई को महिला अधिकारी सम्मेलन करने का फैसला किया गया था। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल होने लोगों का अटेवा पर विश्वास बढ़ा है। अटेवा के प्रदेश महामंत्री डॉक्टर नीरजपति त्रिपाठी ने कहा कि पुरानी पेंशन बुढ़ापे की लाठी है और शिक्षक व कर्मचारी पुरानी पेंशन हर हाल में लेके रहेगा।

इटौंजा, महोना, अमानीगंज में मनाया गया मोहर्रम का त्योहार

इटौंजा में निकाला गया भव्य एवं विशाल ताजिया का जुलूस

जन एक्सप्रेस। इटौंजा, लखनऊ

लखनऊ जिले के इटौंजा महोना अमानीगंज में मोहर्रम के जुलूस में हिंदू मुस्लिम भाई चारे की मिसाल देखने को मिली। बता दें कि कैसे हिंदू भाई मुस्लिम भाई के त्यौहार में सम्मिलित होकर उनके त्यौहार को धूमधाम से मनाया है। आपको बता दें शनिवार को मुहर्रम का त्यौहार बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। इटौंजा थाना क्षेत्र में महोना, इटौंजा, अमानीगंज एवं अन्य जगहों पर ताजिया बैठाया गया जहाँ पर बड़ी संख्या में महिला,पुरूष,बुजुर्गो व बच्चों ने फातेहा पढ़ी और बच्चो ने या हसन या हुसैन की नारे तकबीर किये, ताजिया बैठाने के दौरान मातमी नोहा पढ़ी गयी जिससे लोगो की आंखे नाम हो गयी। आपको बता दें कि पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद (सल्ल.) के नवासे इमाम हुसैन की शहादत के याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम की दस की धूमधाम से ताजिया मनाई जाती है। इसके बाद शुरू हुआ फातिहा ख्वानी का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। लोगों ने पहुंचकर फातिहा पढ़ा,या हुसैन की सदाएं बुलंद की। इस दौरान इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, अतिनिरीक्षक सर्वेश कुमार शुक्ला, महोना चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र जैन, उपनिरीक्षक महेश शुक्ला अन्य पुलिस कर्मी पूरी रात ड्यूटी पर डटे रहें।

बिजली विभाग में अधिकारी उपभोक्ताओं लेंगे फीडबैक

31 जुलाई से 6 अगस्त तक चलेगा विद्युत उपभोक्ता एवं जन प्रतिनिधि संपर्क अभियान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बिजली विभाग 31 जुलाई से 6 अगस्त तक विद्युत उपभोक्ता एवं जन प्रतिनिधि संपर्क अभियान चलाएगा। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शनिवार को इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस दौरान विद्युत् व्यवस्था के सम्बंध में जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन भी प्राप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान सभी जिलों के अधीक्षण अभियंता अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क कर उनके साथ बैठक करेंगे। विद्युत समस्याओं के समाधान और विद्युत सुधार जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे।

विधायक और जनप्रतिनिधियों से बात की जाएगी

ऊर्जा मंत्री ने यह भी निर्देश दिये हैं कि इस दौरान वितरण मंडल स्तर पर किसी भी दिन बैठक के लिए अपने क्षेत्र के विधायक, सांसद, नगर निकायों के अध्यक्ष एवं महापौर को अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अपने कार्यालय या सर्किट हाउस में आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों को विद्युत आपूर्ति से संबंधित जानकारी दी जाएगी और आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए उनसे सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। आरडीएसएस, बिजनेस प्लान, नगरीय विद्युत व्यवस्था के संबंध में विभाग की कार्ययोजना के बारे में अवगत कराकर उनका फीडबैक भी प्राप्त किया जाएगा। इसके साथ ही विभाग की अन्य समस्याओं में बिजली चोरी, बिल की प्राप्ति के संबंध में जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेने का प्रयास किया जायेगा।

आधे यूपी पर मंडराया सूखे का खतरा, अलर्ट मोड में आई सरकार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मानसून के धोखा देने से आधे प्रदेश में सूखे का खतरा पैदा हो गया है। प्रदेश सरकार भी अलर्ट मोड में आ गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करके अगस्त में स्थिति का आकलन करने का आदेश दिया है। धान उत्पादन में अग्रणी रूहेलखंड के पीलीभीत समेत पूर्वांचल के सात जिलों में सामान्य से 99 फीसदी तक कम बारिश हुई है। वहीं, 33 जिलों में 59 फीसदी तक कम वर्षा दर्ज की गई है। उत्तर प्रदेश में 28 जुलाई तक 281.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जोकि सामान्य वर्षा 333.5 मिलीमीटर की 84.3 प्रतिशत है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिले ज्यादा संकट का सामना कर रहे हैं, क्योंकि वहां सामान्य से 64.8 प्रतिशत बारिश ही हुई है। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यह 118.3 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई है। खरीफ में 96.20 लाख हेक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले 78.71 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोआई हो सकी है। हालांकि, यह बोआई गत वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले 5.52 प्रतिशत अधिक है। धान का रकबा 58.50 लाख हेक्टेयर रखने का लक्ष्य था, जो 27 जुलाई तक 50.35 लाख हेक्टेयर ही हासिल किया जा सका।

मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर सीडी की गई लॉन्च

लखनऊ में डिप्टी सीएम बोले- 2024 में भाजपा ज्यादा से ज्यादा सीट जीतकर इतिहास रचेगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मोदी सरकार के 9 साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। 9 साल पूरे होने पर बीजेपी ने पूरे देश में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये थे। महाजनसंपर्क अभियान, टिफिन भोज और प्रबुद्धजन सम्मेलनों के साथ ही कई तरह के कार्यक्रम पूरे देश में बीजेपी ने किये थे। अब बीजेपी मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने के मौके पर सीडी जारी की गई । मौके पर राजधानी लखनऊ में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर समेत कई मंत्री और एमएलसी शामिल हुए।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा,÷नव वर्ष सेवा सुशासन गरीब कल्याण राजा सिंह के नव वर्ष के कार्यकाल सीडी विमोचन कार्यक्रम में आपका स्वागत करता हूं। आभार प्रकट करता हूं। नीरज सिंह का जिन्होंने से वृहद स्तर पर लखनऊ में कार्यक्रम रखा हैं। क्रू मोदी और दुनिया में अभूतपूर्व परिवर्तन करने में सफल हुए हैं। अटल बिहारी वाजपेई के सपने को पूरा करने का काम रक्षा मंत्री राजनाथ ने किया था।

लखनऊ में 40 हजार करोड़ की परियोजनाओं को पूरा करने का काम रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया है। लखनऊ फ्लाईओवर का शहर कहा जाता हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ को जाम मुक्त करने का काम किया है। 2024 में ज्यादा से ज्यादा सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतिहास रचने का काम करेंगे।÷

सीडी में मोदी सरकार के कामकाज का लेखा जोखा

बीजेपी की तरफ से लांच की गई सीडी में केंद्र सरकार के 9 साल के कार्यकाल , जनकल्याणकारी योजनाओं का लेखा-जोखा है। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचने के सरकार के प्रयासों का जिक्र किया गया है ।यानी बीजेपी मोदी सरकार के सफल कार्यकाल को लेकर सीडी जारी की है। इसके साथ ही अलग अलग क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले पद्मश्री से सम्मानित विभूतियों का भी सम्मानित किया गया।

लखनऊ जोन में रोज खराब हो रहे 1000 ट्रांसफॉर्मर

ओवरलोड की आ रही समस्या, 10 हजार ट्रांसफॉर्मर खराब



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बिजली संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। उमस से बिजली की डिमांड करीब 27 हजार मेगावाट तक पहुंचा दी है। सरकार का दावा है कि सप्लाई पूरी की जा रही है लेकिन इसका असर बिजली उपकरण पर दिखने लगा है। लोड ज्यादा होने और तकनीकी खराबी की वजह से यूपी के अंदर प्रतिदिन औसतन 1000 हजार से ज्यादा ट्रांसफॉर्मर खराब हो चुके है। सरकारी आंकड़ों पर नजर डाले तो 25 जुलाई तक पावर कॉर्पोरेशन के करीब 27 हजार ट्रांसफॉर्मर खराब हुए है।

10 हजार ट्रांसफॉर्मर बिजली चोरों ने किए खराब

जुलाई के महीने में अलग - अलग उपकेंद्र से जुड़े करीब 10,610 ट्रांसफार्मर ऐसे इलाके में खराब हुए हैं जहां कागजों पर लोड कम है। लेकिन मौके पर ज्यादा लोड होने की वजह से वह खराब चल रहे है। ऐसे में यहां बिजली चोरी की संभावना सबसे ज्यादा है। हालांकि इस एक पहलू यह भी हो सकता है कि उपभोक्ता के घर लोड ज्यादा है लेकिन उसने कम किलोवॉट के हिसाब से कनेक्शन ले रखा है। लेकिन ऐसा होता तो विभाग की तरफ से बिल जनरेट करने के दौरान यह मामला पकड़ में आ जाता। अगर नहीं आता है तो विभाग की बड़ी लापरवाही है। नियम यह है कि अगर किसी उपभोक्ता के बिल में लगातार तीन महीने तक तय लोड से ज्यादा बिल आ रहा है तो उसका बिजली लोड अपने आप बढ़ा दिया जाता है। उदाहरण के लिए अगर किसी ने 3 किलोवॉट का कनेक्शन लिया है और तीन महीने तक के बिल में लोड 4 या 5 किलोवॉट शो कर रहा है तो विभाग उसका कनेक्शन खुद बढ़ा देता है। उसके बिल में उसका पैसा भी जोड़कर भेज दिया जाता है।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की स्थिति खराब

लखनऊ समेत मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड से जुड़े शहरों की स्थिति काफी ज्यादा खराब है। यहां यहां 4,528 ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर के मामले दर्ज है। छोटे ट्रांसफॉर्मर और पावर ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने के लिए अभियंता संघ की तरफ से 19 जून को एक प्रस्ताच ऊर्जा मंत्री को भी दिया गया था। हालांकि उसका कोई लाभ नहीं हुआ। ट्रांसफॉर्मर खराब होने की स्थिति पिछले साल भी ऐसे ही बनी हुई थी।

लापरवाही : विद्यालय में लटकता मिला ताला

प्रधानमंत्री का वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से था सीधा प्रसारण

जन एक्सप्रेस। बीकेटी, लखनऊ

राष्ट्रीय शिक्षा नीति की वर्षगांठ पर अखिल भारतीय शिक्षा समाज कार्यक्रम का आयोजन इटौंजा और बीकेटी क्षेत्र में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में किया गया। बता दें कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से विद्यालय स्तर पर प्रसारण किया गया। जब जन एक्सप्रेस संवाददाता ने स्कूलों का जायजा लिया तो पूर्व माध्यमिक विद्यालय महोना में ताला लटक रहा था। वहीं प्राथमिक विद्यालय किशनपुर में बच्चे व शिक्षिकाएं बैठी मिली पर यहां पर बच्चों को यह कार्यक्रम नहीं दिखाया जा सका। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय भिखारीपुर बड़ौली इंदौरा बाग के विद्यालय बंद मिले, जबकि यहां के शिक्षकों का कहना है कि हमने यह कार्यक्रम बच्चों को दिखाया है। वहीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय इटौंजा में जन एक्सप्रेस संवाददाता के पहुंचने पर शिक्षक व शिक्षिकाएं मिली, यहां पर कार्यक्रम को दर्शाकर बच्चों को खाने का अवकाश दे दिया गया। ताज्जुब है कि खंड शिक्षा अधिकारी बीकेटी का कार्यालय पूर्व माध्यमिक विद्यालय इटौंजा में ही है। जब यहां की दशा इतनी दयनीय है तो देहात क्षेत्र के दूरदराज विद्यालयों की दशा का अनुमान नहीं लगाया जा सकता है की क्या होगा। जब इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी बीकेटी से जानकारी की गई तो संपर्क नहीं हो सका।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

अमृतकाल और राष्ट्रीय शिक्षा नीति

हम स्कूल स्तर पर कौशल कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए समग्र शिक्षा और कौशल भारत मिशन के बीच सामंजस्य बना रहे हैं। छात्रों और स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों को व्यापक कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए स्कूलों में 5000 कौशल केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, एक एकीकृत राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क पेश किया गया है जो स्कूल, उच्च और कौशल शिक्षा एवं प्रशिक्षण क्षेत्रों में औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा को क्रेडिट रखता है। एनसीआरएफ विभिन्न स्तरों पर एकाधिक प्रवेश और निकास को सक्षम बनाता है।

ज्ञान शक्ति है। भारत की समृद्ध ज्ञान क्षमता वेदों और उपनिषदों में स्पष्ट है। यह वैदिक ग्रंथ सदियों से ज्ञान के विशाल स्रोत के रूप में कार्य कर रहे हैं। नालंदा और तक्षशिला जैसे हमारे प्राचीन भारतीय विश्वविद्यालय हमारी धरोहर हैं। यह अकाट्य सत्य है कि भारत अतीत में अंतरराष्ट्रीय ज्ञान का केंद्र रहा है। समय के साथ, भारत की ज्ञान शक्ति और संपदा ने मुगल, मंगोल, ब्रिटिश, डच और पुर्तगालियों सहित बहुत लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिन्होंने इतिहास की विभिन्न अवधियों में भारत पर आक्रमण किया, जिसके परिणामस्वरूप भारत के ज्ञान संपदा की भी अत्यधिक हानि हुई। लेकिन यह सर्वविदित और स्वीकृत तथ्य है कि आक्रमणकारी हमारी भूमि को लूट सकते थे और हमारे विश्वविद्यालयों को नष्ट कर सकते थे, लेकिन वे हमारी भूमि के गुरुओं और योगियों से सदैव पराजित हुए। दूसरी औद्योगिक क्रांति के दौरान ब्रिटेन ने दुनिया का नेतृत्व किया, जबकि तीसरी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व अमेरिका ने किया। आज जब भारत, ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है तो अब समय आ गया है कि यह एक बार फिर ज्ञान का केंद्र बन जाए और नई और उभरती प्रौद्योगिकियों में तेजी से हो रही वृद्धि के साथ अब चौथी औद्योगिक क्रांति में दुनिया का नेतृत्व करे। इन अपेक्षित परिवर्तनों के बीच 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की वैश्विक ज्ञान महाशक्ति में बदलने का दृष्टिकोण सामने रखा। 260 मिलियन से अधिक स्कूल जाने वाले बच्चों और 40 मिलियन से अधिक उच्च शिक्षा प्राप्त छात्रों के साथ, भारत की शिक्षा प्रणाली वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में से एक है। आम जनता सहित हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा के पश्चात 34 वर्ष के अंतराल के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का शुभारंभ किया गया। जैसे-जैसे हम 29 जुलाई, 2023 के करीब पहुंच रहे हैं, हम शिक्षा पर एक %महाकुंभ% दो दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ मना रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पिछले तीन वर्ष महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साक्षी हैं। भारत के इतिहास में पहली बार, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) को औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रणाली में एकीकृत किया गया है। इस साक्ष्य को मान्यता देते हुए कि बच्चे के संपूर्ण मस्तिष्क का 80 प्रतिशत से अधिक विकास आठ वर्ष की आयु से पहले होता है। इसके अतिरिक्त, 3-8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बुनियादी स्तर के पहले राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एफएस) के विकास में खेल-आधारित शिक्षाशास्त्र पर बल दिया गया है। इस रूपरेखा में बातचीत, कहानियां, संगीत, कला, शिल्प, खेल, क्षेत्रीय प्राकृतिक यात्राएं और सामग्री एवं खिलौनों के साथ इंटरैक्टिव खेल जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इस दृष्टिकोण के एक उदाहरण के रूप में जादुई पिटारे (जादुई बक्सा) को स्कूलों को अपनाने के लिए तैयार किया गया है। एनसीएफ-एफएस पर आधारित कक्षा 1 और 2 के लिए पाठ्यपुस्तकें जारी की गई हैं, जो 2026 तक मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय निपुण भारत मिशन की पूरक हैं। स्कूली शिक्षा के लिए आगामी नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन (एनसीएफ-एसई) के अनुरूप लगभग 150 नई पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। ये अमृत काल की पुस्तकें होंगी और एनईपी-2020 के तहत बहुभाषी शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए इन्हें कम से कम 22 भारतीय भाषाओं में विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ई-विद्या के माध्यम से पाठ्य-पुस्तकों के डिजिटल संस्करणों को सुलभ बनाया जा रहा है।

एक्सप्रेस आलेख

याद करें अभी दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि देश तेजी से विकास कर रहा है। हमारे तीसरे कार्यकाल में दुनिया की पहली तीन अर्थव्यवस्था में भारत का नाम होगा, जो मोदी की गारंटी है। उन्होंने आगे कहा था कि हम भारत को शीर्ष 3 देशों में लाएंगे और 2024 के बाद देश के लोग अपने अपने आंखों के सामने पूरे होते देखेंगे। इस तरह के उनके बयान जब आए 'ऑन एयर' होंगे तो केवल भक्त बल्कि तटस्थ मतदाता भी ताली बजाएगा। और यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भाजपा चाहती है। क्योंकि लोगों का आज भी काफी हद तक प्रधानमंत्री की बातों पर भरोसा है। यह अलग बात है कि वह भरोसा कब तक लोगों को अपने साथ जोड़े रखता है।

विपक्ष की ही फजीहत होगी अविश्वास प्रस्ताव से

डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

राजनीतिक पंडितों का मानना है कि प्रधानमंत्री के जवाब- 'देखन में छोटे लगै, घाव करै गंभीर' की तर्ज पर होंगे। जिससे विपक्ष का तिलमिलाना स्वाभाविक है। क्योंकि संख्या बल उसके पास बहुत कम है यह सही है कि अविश्वास प्रस्ताव चर्चा के लिए स्वीकार होने के बाद विपक्ष के सदस्यों ने चक दे इंडिया का नारा लगाया था।

कांग्रेस अथवा विपक्षी गठबंधन अगर इस मुगालते में है कि लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उसने सत्तारूढ़ दल पर दबाव बनाने में सफलता हासिल कर ली है तो यह उसका सिर्फ और सिर्फ दिवास्वप्न के अलावा कुछ भी नहीं है। क्योंकि इससे सरकार को चुन चुन कर अपनी उपलब्धियां बताने तथा विपक्ष को एक्सपोज करने का भरपूर मौका मिलेगा भले ही विपक्ष इस बात को लेकर खुश हो की उसने अंततः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा में मणिपुर मुद्दे पर बोलने के लिए मजबूर कर दिया। यह सही है कि अब प्रधानमंत्री लोकसभा में मणिपुर मुद्दे पर विस्तार से अपनी बात कहेंगे लेकिन यह भी सच है कि प्रधानमंत्री केवल मणिपुर तक ही अब सीमित रहने वाले नहीं, बल्कि वे अब चुन चुन महिलाओं से जुड़े उन राज्यों के भी मुद्दे उठाएंगे जहां विपक्ष की सरकारें हैं यानी कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और हिमाचल प्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तो चाहिए कि वह विपक्ष के इस कदम का तहे दिल से स्वागत करे। क्योंकि संख्या बल के चलते एक तो उनकी सरकार को कोई खतरा है नहीं। दूसरा उन्हें देशवासियों के सामने विपक्ष की कारगुजारीयो को जगजाहिर करने का बेहतरीन प्लेटफॉर्म जो मिल रहा है। प्रधानमंत्री देशवासियों को बताएंगे कि उन्होंने तो 2018 में ही यह घोषणा कर दी थी कि विपक्ष 2023 में पुनः अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएगा। अब आज फिर भविष्यवाणी करते हैं कि विपक्ष उनकी सरकार के विरुद्ध 2028 में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएगा। विपक्षी यह बात भली-भांति जानता है कि सत्तारूढ़ दल के पास एक से एक बढ़कर मुखर हिंदी भाषी वक्ता है जो अपनी भाषा शैली से देशवासियों और उसमें भी खासतौर से हिंदीभाषी प्रदेशों के लोगों का मन मोह लेने की ताकत रखते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ दल को जिस विशाल प्लेटफार्म की जरूरत थी अपनी बात रखने के लिए उसे विपक्ष ने अकारण उपलब्ध करा कर अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि विपक्ष को जब सत्तारूढ़ दल की ताकत का एहसास था तो उसने यह कदम क्यों उठाया? जिसमें उसकी ही फजीहत होनी है। क्योंकि उस दिन लोकसभा की कार्यवाही पूरा देश देख रहा होगा और सत्तारूढ़ दल चुन चुन कर जहर के बुझे तीर विपक्ष पर चला रहा होगा। बाद में जब गोदी मीडिया अविश्वास प्रस्ताव का विश्लेषण करेगी तो बताएगी कि मोदी सरकार ने देश के लिए क्या-क्या नहीं किया? गोदी मीडिया तथा व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी आमजन को यह समझाने में कामयाब हो जाएगी कि मोदी सरकार क्योंकि भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कस रही है, उन्हें एक्सपोज कर रही है इसलिए विपक्ष सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है ताकि भ्रष्टाचारियों, घोटालेबाजों के खिलाफ सरकार कार्रवाई ना करें। लेकिन जब तक मोदी है तब तक किसी की दाल नहीं गलने वाली क्योंकि ना खाएंगे ना खाने देंगे वाला रास्ता प्रधान सेवक ने अपनाया है। जानते चले कि लोकसभा में कुल 543 सीटें हैं इस में बहुमत के लिए 270 वोट चाहिए जबकि एनडीए के पास 331 सीटें हैं इसमें अकेले भाजपा के पास 303 वोट हैं। ऐसे में विपक्ष को भी अविश्वास प्रस्ताव का भविष्य पहले से ही मालूम है । अब प्रश्न उठता है कि विपक्ष ने यह कदम क्यों उठाया? उसका जवाब केवल इतना है कि विपक्ष चाहता है कि प्रधानमंत्री मणिपुर के मसले पर संसद में बोले। अब प्रधानमंत्री यकीनन संसद में बोलेंगे लेकिन इतना ज्यादा बोलेगे जिनकी कल्पना विपक्ष ने कभी नहीं की होगी। वैसे तो प्रधानमंत्री को एक सप्ताह बाद ही हालांकि लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करना है। लेकिन वहां से प्रधानमंत्री विपक्ष पर इस तरह के आरोप नहीं लगा पाएंगे जैसे आरोप सदन में लगा लेंगे। क्योंकि लाल किले की प्राचीर का इस्तेमाल प्रधानमंत्री अमूमन अपनी सरकार की उपलब्धियां बताने तथा भविष्य की कार्य योजना पर ही चर्चा करते हैं। जबकि लोकसभा में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर केवल चर्चा ही नहीं करेंगे बल्कि विपक्ष के नेताओं द्वारा लगाए गए आरोप का सिलसिलेवार जवाब भी देंगे। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि प्रधानमंत्री के जवाब- 'देखन में छोटे लगै, घाव करै गंभीर' की तर्ज पर होंगे। जिससे विपक्ष का तिलमिलाना स्वाभाविक है। क्योंकि संख्या बल उसके पास बहुत कम है यह सही है कि अविश्वास प्रस्ताव चर्चा के लिए स्वीकार होने के बाद विपक्ष के सदस्यों ने चक दे इंडिया का नारा लगाया था। अब देखना यह है कि प्रधानमंत्री इंडियन मुजाहिद्दीन तथा ईस्ट इंडिया कंपनी को किस तरह विपक्षी गठबंधन की इंडिया के साथ कैसे जोड़ते हैं? और किस तरह प्रहार करते हैं। क्योंकि प्रहार करने में और अपनी बातों को सही सिद्ध करने में तो ना केवल प्रधानमंत्री बल्कि पूरी की पूरी भाजपा पारंगत है।

मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि विपक्ष को जब सत्तारूढ़ दल की ताकत का एहसास था तो उसने यह कदम क्यों उठाया? जिसमें उसकी ही फजीहत होनी है। क्योंकि उस दिन लोकसभा की कार्यवाही पूरा देश देख रहा होगा और सत्तारूढ़ दल चुन चुन कर जहर के बुझे तीर विपक्ष पर चला रहा होगा।

एक्सप्रेस कविता

ओस के कणों से जैसे मृदुल, भर जाता धरा का आंचल सींच देते तुम सुधारस हृदय में मेरे अधीर विकल। क्षितिज में जैसे सांझ सवेरे रंग बिखरते सुंदरतम अनोखे मेरे सूने अंतस में तुम भरते रहे स्नेह गीत अनुपम। गीतों से तुम्हारे विमल हुई वाणी मेरी सफल भर ना पाते मेरे नयन फैली तुम्हारी छवि अनुपम। पी लेते तुम निशा तिमिर, हे प्रकाश हे पुंज प्रखर, धरा से तुम्हारी प्रीत अमर सूर्य किरणों का तेज असर । आनंद ही उद्गम तुम्हारा, दीन दुखियों के तुम्ही सहारा, जीवन घट में भरा अमृत देता रहता सुख अमित।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

सौ सफल विचार बनाने से अच्छा एक सफल विचार को गति देना यही सफलता का मूल मंत्र है।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	द्वादशी 10:31 तक
नक्षत्रः	मूल 21:21 तक
पक्षः	शुक्ल
वारः	रविवार
योगः	इंद्र, 06:24
सूर्योदयः	05:45
सूर्यास्तः	19:09
चंद्रमाः	धनु राशि में
राहुकालः	17:29-19:09
विक्रमी संवत्ः	2080
शक सम्वतः	1944
मासः	श्रावण (अधिकमास)
शुभ मुहूर्तः	12:00-12:54

जन एक्सप्रेस

रखते वो सबूत !

हुआ है घोटाला ।
रखते वो सबूत ।।
पेपर उनके पास है ।
है दावा मजबूत ।।
आड़ में वो सेवा की ।
हो गए हैं भ्रष्ट ।।
साफ़ सफाई देने की ।
ना करें वो कष्ट ।।
जानने का सबको ।
है बनता अधिकार ।।
हुआ है घोटाला ।
अब तक किस प्रकार ।।
क्या सच क्या है झूठ ।
वो अब खुलने वाला ।।
है सब कुछ यह फर्जी ।
या सचमुच घोटाला ?

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

इसबगोल की भूसी और चिया सीड्स से बनाएं हेल्दी ड्रिंक, सेहत को मिलेंगे फायदे

हेल्दी और फिट रहना आखिर किसे पसंद नहीं होता? लेकिन इसके लिए अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। जंक फूड से लेकर प्रोस्टेट फूड तक, हर चीज को कम करना होता है। फिट रहना सिर्फ इच्छा नहीं बल्कि जरूरत भी है। अगर आपकी बॉडी फिट है, तो आपकी इम्यूनिटी बेहतर रहेगी और आपको बीमारियों का खतरा नहीं होगा। इसके लिए हेल्दी डाइट और वर्कआउट दोनों जरूरी है। खुद को फिट रखने के लिए आप इसबगोल और चिया सीड्स का ड्रिंक भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इस ड्रिंक में भरपूर पोषक तत्व होते हैं, जो कई स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

इसबगोल और चिया सीड्स के ड्रिंक का सेवन कब करें: यह हेल्दी ड्रिंक आप दिन में कभी भी ले सकते हैं। लेकिन फिर भी सुबह खाली पेट या खाने से आधा घण्टा पहले लेना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। इसबगोल और चिया सीड्स में मौजूद सोल्युबल फाइबर आपको लंबे समय तक भूख नहीं लगने देगा। इससे आप अपने मील में कम कैलोरी का सेवन करेंगे। इस ड्रिंक को 20 दिनों तक दिन में एक बार लें।

वजन घटाने में मदद करें: इसबगोल एक सोल्युबल फाइबर है, जो पानी में फूलकर जेल जैसा पदार्थ बन जाता है। इसके सेवन से लंबे समय तक भूख नहीं लगती है। यह भूख को कम कर सकता है और वजन कंट्रोल करने में में सहायता सकता है। वहीं चिया सीड्स और नींबू का सेवन भी शरीर की चर्बी घटाने में असरदार माने जाते हैं।

बॉडी को हाइड्रेट रखे: इसबगोल और चिया सीड्स में मौजूद एंटीऑक्सीडेंटस शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करते हैं। यह ड्रिंक शरीर में पानी और पोषक तत्वों की कमी पूरी करने में मदद करता है।

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में मददगार: नींबू में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंटस की अधिक मात्रा पाई जाती है, जो मेटाबॉलिज्म बढ़ाकर अतिरिक्त वजन घटाने में मदद करते हैं।

पोषक तत्वों से भरपूर: इस हेल्दी ड्रिंक में विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंटस भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। साथ ही इसमें हेल्दी फैट्स, प्रोटीन और फाइबर भी पाया जाता है, जो संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

पाचन तंत्र स्वस्थ रखे: इसबगोल और चिया सीड्स के ड्रिंक में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंटस पाए जाते हैं, जो पाचन की समस्याओं को कम करने में मदद करते हैं। अगर आपको इनमें से किसी भी चीज से एलर्जी है, तो इसका सेवन न करें। साथ ही अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो इसका सेवन डॉक्टर की सलाह पर ही करें।

एक्सप्रेस विशेष

प्रासंगिक है नव भारत साक्षरता कार्यक्रम



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

प्रदेश के समस्त जनपदों में 19 मार्च को साक्षरता परीक्षा में कुल 1,46055 असाक्षरों ने प्रतिभाग किया। इस परीक्षा में शामिल प्रतिभागियों के सापेक्ष सफल नवसाक्षरों का एनआईओएस के माध्यम से प्रमाणीकरण का कार्य कराया जा रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में निहित व्यापक और गहरे परिप्रेक्ष्य के साथ ही भविष्य के भारत के सरोकारों के संबंध में 'नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' की प्रासंगिकता अतिमहत्वपूर्ण है। भविष्य के शिक्षित भारत की कल्पना वास्तव में तभी साकार होगी जब भारत के सभी नागरिक सुशिक्षित और सुसाक्षर होंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के पैरा-21.4 में उल्लिखित व्यवस्था के अन्तर्गत निरक्षरता के पूर्ण उन्मूलन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने 'नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' पिछले साल एक अप्रैल को लागू किया था। उत्तर प्रदेश इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक रूप से प्रतिबद्ध है। इसके क्रियान्वयन के लिए केंद्र की गाइड लाइंस एवं प्रदेश की भिन्न-भिन्न क्षेत्रों की भौगोलिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के दृष्टिगत विषयवस्तु एवं साक्षर करने के भिन्न-भिन्न कौशलों की रूपरेखा का प्रयोग किया जा रहा है। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 वयवर्ग के असाक्षरों को ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड से प्रशिक्षित स्वयंसेवकों द्वारा पढ़ना-लिखना एवं अंक ज्ञान सिखाया जा रहा है। इस योजनान्तर्गत असाक्षरों को जीवन के महत्वपूर्ण जीवन कौशल, जैसे वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, आपदा प्रबंधन, वाणिज्यिक कौशल, बाल देखभाल और शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के मुद्दों पर आहार संबंधी आदतों, व्यायाम, योग, तंबाकू के उपयोग की समाप्ति, प्राथमिक चिकित्सा देखभाल और सड़क यातायात दुर्घटना के प्रबंधन, स्थानीय रोजगार प्राप्त करने की दृष्टि से व्यावसायिक कौशल विकास की सीख प्रदान की जा रही है। भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश के समस्त जनपदों में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को लागू करने के निर्देश दिए थे। इसके अन्तर्गत भारत सरकार ने प्रदेश को 17.00 लाख असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। योजनान्तर्गत ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड से कक्षाएं स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से संचालित की जा रही हैं। राज्य स्तर पर एससीईआरटी, लखनऊ कार्यालय में स्थापित किए गए राज्य साक्षरता केन्द्र द्वारा अकादमिक एवं तकनीकी सहयोग समस्त जनपदों को प्रदान किया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन के लिए जनपद में विद्यालय एक इकाई है। जनपद स्तर पर उक्त योजना का क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण प्रदेश के राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा गठित जिला शिक्षा परियोजना समिति से ही जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के कार्य कराए जा रहे हैं। जनपद में उक्त प्राधिकरण का सदस्य सचिव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बनाया गया है। योजनान्तर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों में एनआईएलपी सर्वे ऐप द्वारा सर्वेयर के माध्यम से 15 वयवर्ग के असाक्षरों को चिह्नित किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त जनपदों में 19 मार्च को साक्षरता परीक्षा में कुल 1,46055 असाक्षरों ने प्रतिभाग किया। इस परीक्षा में शामिल प्रतिभागियों के सापेक्ष सफल नवसाक्षरों का एनआईओएस के माध्यम से प्रमाणीकरण का कार्य कराया जा रहा है। गत वित्तीय वर्ष में जिन चिह्नित असाक्षरों को साक्षर किया गया है, उनके जीवन में जो व्यावहारिक परिवर्तन परिलक्षित होने लगा है। वित्तीय साक्षरता की दृष्टि से उनके अन्दर वाक्यों एवं अंकों का इतना ज्ञान हो गया है कि वे बैंक, पोस्ट ऑफिस एवं तहसील आदि से संबंधित कार्य अब बिना किसी दूसरे व्यक्ति की सहायता से करने लगे हैं।

प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रति सजग हुए हैं। इनके लाभ के लिए अब किसी दूसरे व्यक्ति की सहायता की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा ऐसे लोगों में निजी जीवन एवं पारिवारिक जीवन में स्वच्छता से रहने का गुण विकसित हुआ है। वे अच्छे मनुष्य होने के साथ ही अच्छे नागरिक भी बन रहे हैं। छोटे-छोटे शब्दों से सरल वाक्यों का निर्माण एवं अंकों के ज्ञान की समझ विकसित हुई है।

'या हुसैन' की सदाओं के साथ सुपुर्द ए खाक हुए ताजिए

इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए इस दिन मुस्लिम लोग मोहर्रम का चांद दिखने के बाद पूरे महीने मनाते हैं गम

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी। हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद दिलाने वाला दस मोहर्रम गमगीन माहौल में मनाया गया। इस मौके पर अकीदतमंदों ने सुबह से कुरआन ख्वानी व सबील इत्यादि का इंतजाम किया। नजरों नियाज का सिलसिला दोपहर तक चला। वहीं दोपहर 12 बजे के बाद चौक पर रखे ताजियों का शहर की सड़कों पर जुलूस निकाला तो कर्बला में जाने वाले ताजिया, घोसियाना, बनवारीपुर महेवागंज बालूडीहा का ताजिया 85 हजार, 82 फुट का हालांकि बारिश की वजह से बाधा उत्पन्न हुई लेकिन दोपहर चार बजे बारिश होना बंद हुई जिसके लिए ताजिए पर झिल्ली आदि लगाई गई। इस बार मोहर्रम में कई जगहों के भी काफी ऊंचे ताजिए लाए गए, जिसमें सबसे ऊंचे ताजिए का खिताब मोहल्ला हिदायत नगर के नाम रहा जहां 1 लाख 45 हजार का ताजिया 170 फुट का जो मोहर्रम की नौ तारीख को मोहल्ला हिदायत नगर के बाहर प्लाटिंग में बिजली तारो की वजह से रखा गया जिसको रात में कसने के दौरान कुछ दुश्वारियां भी हुई और ताजिया छतिगस्त हुआ लेकिन पूरी रात इस विशालकाय ताजिया को देखने वालो की भीड़ लगी रही जिसकी चर्चा हर जुबान पर रही वहीं दूसरी तरफ घोसियाना का भी ताजिया काफी बड़ा था हर जगह अकीदतमंद या हुसैन या हुसैन की सदाओं के साथ मातम करते नजर आए। ढोल ताशों की आवाज के साथ या हुसैन की सदाएं बुलंद करते अकीदतमंदों के जुलूस विभिन्न मार्गों पर दिखाई दिए।शाम तक सड़कों पर ताजियों का जुलूस निकलता रहा। महाराजनगर, गोटैयाबाग, ग्रामसभा छाउछ, पिपरिया नौरंगाबाद हिदायत नगर आदि जगहों से काफी लंबे व ऊंचे ताजिए निकाले गए। शाम होते-होते ये जुलूस कर्बला पहुंचा, जहां गमगीन माहौल में ताजिए सुपुर्दे खाक किया गया।

कर्बला में बेरहम शासक से हुई थी हुसैन की जंग

इस्लामिक जानकारियों के अनुसार, करीब 1400 साल पहले कर्बला की जंग हुई थी।यह इस्लाम की सबसे बड़ी जंग में से एक है। इस जंग में इमाम हुसैन इस्लाम धर्म की रक्षा करते हुए शहीद हो गए थे।कर्बला की यह जंग अत्याचारी शासक यजीद के खिलाफ थी।दरअसल, यजीद इस्लाम धर्म को अपने अनुसार चलाना चाहता था। इसी वजह से यजीद ने पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन को भी अपने फरमान का पालन करने के लिए कहा।यजीद ने फरमान दिया कि इमाम हुसैन और उनके सभी साथी यजीद को ही अपना खलीफा मानें। यजीद चाहता था कि इमाम हुसैन ने अगर किसी तरह उसे अपना खलीफा मान लिया तो वह आराम से इस्लाम मानने वालों पर राज कर सकता है।हालांकि, पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन को यह फरमान मंजूर नहीं था। इमाम हुसैन ने साफ तौर पर ऐसा करने से इनकार कर दिया। यजीद को इस बात पर काफी गुस्सा आया और उसने इमाम हुसैन व उनके साथियों पर जुल्म करने शुरू कर दिए.मोहर्रम की 10 तारीख को कर्बला में यजीद की फौज ने हुसैन और उनके साथियों पर हमला कर दिया।यजीद की सेना काफी ताकतवर थी, जबकि हुसैन के काफिले में सिर्फ 72 लोग ही थे। इमाम हुसैन धर्म की रक्षा करते हुए आखिरी तक यजीद की सेना से लड़ते रहे।इस जंग में हुसैन के 18 साल के बेटे अली अकबर, 6 महीने के बेटे अली असगर और 7 साल के भतीजे कासिम का भी बेरहमी से कत्ल कर दिया गया।

गमगीन माहौल में मनाया गया मोहर्रम

सिंगाही खीरी। हजरत इमाम हुसैन (रजी) की शहादत की याद दिलाने वाला पर्व मुहर्रम गमगीन माहौल में मनाया गया। ताजियों का जुलूस कर्बला की ओर रवाना हुआ तो अकीदत मंदों की आंखें नम हो गई। कुरानख्वानी का सिलसिला नौ मोहर्रम की रात से ही शुरू हो गया था। घरों में मजलिसे और इमाम हुसैन की याद का सिलसिला जारी था। शनिवार को ताजियों का जुलूस शहर की सड़कों पर निकला जिसमें अकीदतमंदों ने मातम भी किया। क़स्बे के प्रमुख मार्गों से निकला ताजियों का जुलूस कर्बला के मैदान में जाकर खत्म हुआ जहां ताजिया दफन किए गए। वहीं मोतीपुर में ताजिये को भी देखने के लिए लोग दूर-दराज से आए थे। दोपहर बाद जुलूस की शक्ल में यह सभी ताजिया कर्बला की ओर रवाना हुए तो पूरा शहर या हुसैन की सदाओं से गूंज गया। जहां गमगीन माहौल में इन ताजियों को दफनाया गया। शिवाजी दूबे ने रात से ही क़स्बे में ताजियों की देखरेख के लिए पुलिस बल तैनात किया गया। शिवाजी दूबे के साथ कस्बा इंचार्ज संजीत तिवारी, मंजीत तोमर जुलूस के दौरान टीम के साथ पैदल गश्त करते रहे।

भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकला दसवीं मोहर्रम जुलूस

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

दसवीं मोहर्रम का जुलूस भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किला महमूदाबाद से शनिवार की सुबह 11 बजे शाही माही मरातिब के अलावा शबील, ऊंट, अब्बासी अलम, दुलदुल, शबीहे ताबूत व ताजियों के साथ आशूरा जुलूस निकला। किले से शिया जामा मस्जिद तक मर्सिया ख्वानी हुई। जुलूस का नेतृत्व प्रो. अली खान कर रहे थे। अकीदत मंद काले कपड़े नगें पांव शामिल रहे। हज़ारों की तादाद में लोग इमाम हुसैन का गम मना रहे थे। जामा मस्जिद में जोहर की नमाज के बाद अंजुमनों मातम किया। नमाज के बाद नौहाख्वानी, सीनाजनी करती हुई अंजुमनों के साथ जुलूस कदीमी रास्तों से होता हुआ दरगाह पहुंचा, जहां से दुलदुल दौड़ते हुए कर्बला पहुंचा। शाम करीब चार बजे किले की शाहीजरी ताजिया मातमी धुन के साथ दफन हो गया। राजा महमूदाबाद मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान, डा. अम्मार रिजवी तथा दमकल कर्मियों सहित पुलिस बल व अधिकारी मौजूद रहे। शांतिपूर्ण ढंग से गमगीन माहौल में सदा-ए या हुसैन के साथ ताजिए दफन किए गए।

किला महमूदाबाद की शाहीजरी के साथ दुलदुल, अलम का जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ कर्बला पहुंचा। जुलूस में अंजुमन अब्बासिया, अंजुमन हैदरी, अंजुमन सज्जादिया नौहाख्वानी व मातम करती चल रही थी। साथ ही दर्जनों युवा छूरियों का मातम कर रहे थे। महिलाएं व बच्चे नंगे पैर जुलूस में शामिल थे। कर्बला पहुंचते ही दुलदुल ने एकाएक दौड़ लगाई और कर्बला की दरगाह पहुंचकर माथा टेका। इस दौरान हजारों की भीड़ जुलूस के साथ चल रही थी। कर्बला में राजा मोहम्मद अमीर मो. खान, पूर्व वरिष्ठ मंत्री व कांग्रसी नेता डा. अम्मार रिजवी, आरिफ रिजवी, हारून रिजवी, सब्बू बाबा, अनवार हुसैन, पप्पू रिजवी, बहादर अब्बास सहित तमाम लोगों ने नम आखों ने



ताजिए दफन किए। नवीं मोहर्रम को ताजिए चबूतरे पर आने के बाद से तमाम महिला व पुरुषों ने इमाम हुसैन की याद में चौकी भरी और मार्मिक अंदाज में दहे रोने की आवाजों से पूरी रात माहौल को गमगीन बनाए रखा। इस दौरान लोगों के घरों में फातिया व मजलिसों का दौर चलता रहा।

किले के अलावा मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट तथा बरदही बाजार में बड़े-बड़े ताजिए रखे गये। महमूदाबाद के अलावा, रामपुर मथुरा, बहादुरगंज, बांसुरा, चांदपुर बाजार, सेमरी चौराहा, गोड़ैचा, बकहुंआ, सदरपुर, शेखपुर, जाफरपुर, हाजीपुर, भुसना, खुरवल, बजेहरा, बेहटी, शमसाबाद, संसारपुर, बेढ़ौरा, सरैंया राजासाहब, बाबूपुर, सिरौली, बिलौली बाजार, बेहमा, दुघरा, बाबाकुटी, रामपुरकलां, केदारपुर, जसमंड़ा, पैंतेपुर, मीरानगर, नूरपुर सहित पूरे क्षेत्र में दसवीं मोहर्रम के दिनमाहौल गमगीन रहा। प्रशासन के कडे इंतजाम के बीच ताजियादारों ने अकीदत के साथ रखे गए ताजिए को कर्बला ले जाकर दफन किया।

जुलूस कस्बे से राजमार्ग पर होते हुए कर्बला पहुंचा

जन एक्सप्रेस। भीरा खीरी

10वीं मोहर्रम के अवसर पर भीरा नगर पंचायत में ढोल ताशे के साथ ताजिया जुलूस निकाला गया। यह जुलूस कस्बे से राजमार्ग पर होते हुए कर्बला पहुंचा।

छोटी-छोटी ताजियों को ताजियेदार सर पर लिए हुए और बड़ी व पंचायती ताजियों को लेकर कर्बला की तरफ रवाना हो गए। ताजियों के आगे ढोल ताशा बजाकर कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया जिसको देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ इकट्ठा रही। वहीं कर्बला पर लगे मेले में भी दर्शकों भीड़ रही गिल्टी का जरूरी सामान खरीदते हुए दिखाई दिए और बच्चे भी झूले मिक्की हाउस का भी आनंद उठाते हुए खेल खिलौनों को करते हुए दिखाई दिए इस जुलूस के दौरान राजमार्ग पर लगभग ढाई घंटे यातायात बाधित रहा वही भीरा थाना प्रभारी निराला तिवारी व समस्त स्टाफ की सक्रियता के चलते जाम को खुलवाया गया और ताजिया दारो को रास्ता देते हुए कर्बला तक पहुंचाया इस दौरान भीरा थाना प्रभारी निराला तिवारी तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

सट्टा प्रदर्शन शुरू, अधिकारी पहुंचे गांव-गांव

जन एक्सप्रेस। असलम अंसारी

लखीमपुर खीरी। बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला क्षेत्र के ग्राम लाल्हापुर व विलासपुरमें चल रहे सर्वे सट्टा व खतौनी प्रदर्शन की जांच करने गोला गन्ना परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर तथा गोला चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पी.एस. चतुर्वेदी मौके पर पहुँचे। इन गावों में गोष्ठी की गई। उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने सट्टा प्रदर्शन के महत्व व विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।गन्ना महाप्रबंधक ने प्लाटवार, प्रजातिवार पेड़ी, पौधा एवं शरद बावक तथा मोबाइल नं., कृषि योग्य भूमि, आधार नं., बैंक खाता तथा नान मेम्बर का मेम्बर बनाने, ऑन लाइन घोषणा पत्र भरने के बारे में विस्तार से चर्चा की

तथा किसानों को गन्ना गिरने से बचाव हेतु मिट्टी चढाने से होने वाले लाभ के बारे में बार्ता की गई। सभी अधिकारियों ने खेतों पर जाकर गन्ना प्रजाति का निरीक्षण भी किया।वरिष्ठ प्रबन्धक गन्ना, ओ.डी. शर्मा द्वारा गन्ने में लग रहे कीट एवं बीमारी तथा उनके निदान के बारे में विस्तार से चर्चा की ।

पोक्का बोईंग रोग की पहचान नुकसान एवं इसके बचाव के लिए 500 ग्राम कॉपर आक्सीक्लोराइड 300 ली0 पानी में घोलकर प्रति एकड़ की दर छिड़काव करने तथा को0 0238 के खेतों में लगातार निगरानी करते रहे । इस अवसर जोन इंचार्ज संजीव सिरोही व दीपक सिहं सीडीओ उपस्थित रहे।

जल स्तर बढ़ने से कटान की चपेट में आया बंधा

बझेड़ा गांव पर छाए संकट के बादल

जन एक्सप्रेस। अनुज गुप्ता

भीरा-खीरी। ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के अंतर्गत बझेड़ा गांव पर संकट के बादल छा गए हैं। शारदा नदी का जल स्तर बढ़ने से गांव के पास बना बंधा कटने लगा है। जिससे ग्रामीण भयभीत होकर सुरक्षित स्थानों की ओर अपना गृहस्थी का सामान पहुंचाने लगे हैं। जबकि पहाड़ों पर लगातार बारिश से नदी का जल स्तर और बढ़ सकता है यदि नदी का जल स्तर और बढ़ा तो स्थिती और भी गंभीर हो सकती है ग्रामीणों के घरों तक बाढ़ का पानी पहुंच सकता है। हलांकि बाढ़ प्रबंधन द्वारा बाढ़ को रोकने का कार्य जारी है। बाढ़ को रोकने के लिए ठोकरें बनाई जा रही हैं और पेड़ों के सहारे धार का रुख मोड़ने का कार्य लगातार जारी है। मौके पर बाढ़ प्रबंधन व प्रशासन डेरा जमाए हुए है। बाढ़ की स्थिती का जायजा लेने गोला एसडीएम रत्नाकर मिश्रा पहुंचे। बाढ़ को रोकने के लिए चल रहे कार्य का निरीक्षण करते हुए जिम्मेदारों को उचित दिशा निर्देश दिए। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग बाढ़ व कटान की चपेट में आ चुके है प्रशासन द्वारा कार्य तो जारी है पर धीमी गति से चल रहा है। यदि हम लोगों के आशियाने उजड़ जाएंगे तो हम लोग कहां जायेंगे।

कुछ वर्ष पहले बाढ़ खंड द्वारा बंधे का निर्माण कराया गया था जो पानी के दबाव के चलते क्षतिग्रस्त हो रहा है जिसको रोकने का प्रयास जारी है हम लोग आस्वस्त हैं कि गांव की आबादी बाढ़ कटान से प्रभावित नहीं होगी और ग्रामीणों को पलायन करने के लिए अभी नहीं कहा गया है।

- रत्नाकर मिश्रा, एसडीएम गोला

जमीनी विवाद में दौड़ा कर पीटा गया युवक, देखती रही नानक चौकी पुलिस

जन एक्सप्रेस। आशीष कुमार तिवारी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला पुलिस की कार्यशैली ऐसी है कि दहशतगर्दों में पुलिस का कोई खौफ नहीं रह गया है। शनिवार को दिनदहाड़े पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में और उसके बाद नगर पालिका परिषद तक सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर युवक की पिटाई की जाती रही और नानक चौकी पुलिस देखती रही। पीटा गया युवक पत्रकार बताया जाता है। घटना के बाद तमाम पत्रकारों के दबाव के आगे झुकते हुए पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किए जाने का आश्वासन दिया है।

थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम नगरा सलेमपुर निवासी आशीष भारती ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि वह एक दैनिक अखबार का पत्रकार है। उसकी कृषि भूमि को लेकर विपक्षी गणों से सीमा विवाद था । न्यायालय के आदेश पर उसने कई

महीने पहले अपनी पक्की मेड़बंदी करवाई थी। पीड़ित का कहना है कि विगत दिनों वह अपने अखबार के काम से लखनऊ गया था तब विपक्षी लोगों ने उसकी निर्णय तोड़कर उसका खेत अपने खेत में मिला लिया था विपक्षियों से उसकी यही रंजिश थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि थाना हैदराबाद में घटना की सूचना देकर वह अपनी दवा लेने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचा ही था कि विपक्षी गण पहले से ही घात लगाए बैठे थे जिनकी संख्या 1 दर्जन से अधिक थी और घातक हथियारों से लैस थे उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य के अंदर ही उन पर हमला बोल दिया। जब पीड़ित सीएससी से निकलकर बाहर भागा तो हमलावरों ने उसे नगरपालिका के गेट तक दौड़ा-दौड़ा का पीटा। पीड़ित का कहना है कि जब वह पीटा जा रहा था तो नानक चौकी की पुलिस मौके पर मौजूद थे परंतु बहुत विपक्षियों को भगाने में जुटी रही और उसकी को सहायता नहीं की गई। पीड़ित लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा और पुलिस सूचना पाकर उसे लादकर कोतवाली ले आई परंतु हमलावरों को नहीं पकड़ा गया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि पिटाई करने वाले हमलावर पुलिस के सामने ही भाग गए और पुलिस ने पीड़ित पक्ष को ही पकड़ कर थाने में बिठा दिया। पीड़ित पक्ष ने शिवा पुत्र हीरालाल, राम निवास पुत्र बंधा, सुरजीत पुत्र देशराज, सीमा पत्नी देशराज और किरन पत्नी रामनिवास सहित आधा दर्जन अज्ञात लोगों के नाम तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। घटना को लेकर बहुत से पत्रकार कोतवाली पहुंचे पत्रकारों के दबाव के आगे झुकते हुए पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई किए जाने की बात कही है। उधर दूसरे पक्ष ने भी क्रास रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।

रोड साइड में लगे फल ठेलों को लेकर हुआ विवाद

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर के सर्वाधिक पुराने पब्लिक इंटर कॉलेज के उत्तर आसाम रोड पर लगाए जा रहे फल ठेला विक्रेताओं का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस गंभीर प्रकरण में क्षेत्रीय विधायक अमन गिरी, पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू और कॉलेज के लोग आमने-सामने की स्थिति में पहुंच गए हैं।बता दें कि पूर्व उप जिला अधिकारी अनुराग सिंह ने जब गोला में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था तब उन्होंने फल विक्रेताओं को मौखिक निर्देश दिया था कि आप लोग पी आई सी के सामने रोड साइड में दुकानें लगाएं। पूर्व पालिका अध्यक्ष ने बिना किसी लिखित आदेश के ही उसको वेंडर जोन घोषित करके वहां बोर्ड लगवा दिया था। वर्तमान समय में पब्लिक इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति भंग चल रही है उसके अधिकार सीज है। पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला रिंकू ने बताया कि उन्हें विजय महेश्वरी द्वारा दिया गया डी आई ओ एस और अपर जिला अधिकारी के प्रार्थना पत्र की प्रति प्राप्त हुई है जिनमें पी आई सी के सामने से फल खेलों का अतिक्रमण हटवाए जाने का आदेश है। बता दें कि विजय महेश्वरी पब्लिक इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंधक रहे हैं वर्तमान में प्रबंध समिति भंग है और उसके सारे अधिकार सीज हैं। इस समय वह कोई भी पत्राचार करने की स्थिति में नहीं है।कॉलेज के प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने बताया कि उन्होंने इस मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं की है क्योंकि वह कालेज परिसर के अंदर क्या हो रहा है इसके लिए जिम्मेदार हैं। कॉलेज के बाहर जो ठेले लगते हैं वह कॉलेज की भूमि नहीं है। वह आसाम रोड की भूमि है। वहां पर क्या होता है इससे उनका कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने जोड़ा कि पूर्व प्रबंधक विजय महेश्वरी ने उन्हें फोन किया था कि इस मामले में आप हस्तक्षेप करें परंतु उन्होंने हस्तक्षेप करने से यह कहकर मना कर दिया कि कॉलेज के बाहर जो दुकाने लग रही है उनका लगना या हटाया जाना प्रशासन का काम है इसमें उनका कोई रोल नहीं है।प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि कॉलेज में प्रबंध समिति ना होने के कारण वित्तीय समस्याएं खड़ी हो गई हैं इसके लिए वह कई बार जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र लिख चुके हैं कि या तो उन्हें वित्तीय अधिकार दिए जाएं अथवा प्रबंध समिति का चुनाव करा दिया जाए ताकि कॉलेज के सामने जो वित्तीय संकट खड़ा है बहुत दूर हो सके विद्यालय में पठन-पाठन सुचारू रूप से होता रहे।बता दें कि गुरुवार को फल विक्रेताओं के ठेले जब नगर पालिका प्रशासन ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर हटाने का काम शुरू किया तो वह लोग अपनी फरियाद लेकर क्षेत्रीय विधायक अमन गिरी के पास पहुंचे। विधायक ने मौके पर जाकर फल विक्रेताओं के ठेले हटाए जाने का विरोध किया और कहा कि यह विद्यालय की भूमि नहीं है और यहां पर पूर्व उप जिलाधिकारी के मौखिक निर्देशों पर ठेले लगाए गए हैं जो कि यथा स्थित रहने चाहिए। पब्लिक इंटर कॉलेज के सामने फल विक्रेताओं की दुकानें लगें या ना लगें यह बात नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। विद्यालय की पूर्व प्रबंध समिति ने इसे अपने नाक का प्रश्न बना रखा है । वहीं दूसरी ओर लोगों में यह भी चर्चा है कि जब विद्यालय की प्रबंध समिति के अधिकार सीज है और वह कोई भी कार्रवाई करने की स्थिति नहीं है तो वह फल वाले ठेले हटाए जाने या लगवाने के मामले में प्रयासरत क्यों है।

फास्ट फॉरवर्ड

अकीदत के साथ निकला ताजियों का जूलूस

जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी में दसवीं मोहर्रम के तहत यौमे आशूरा के मौके पर आज परंपरागत ताजियों का जुलूस शुक्लापुर इमामवाडे से इमाम हुसैन अलविदा की सदाओ के बीच निकला, जिसमें हजारो लोगों ने शिरकत की। अंजुमन हुसैनिया के मतमदारों ने कमा और जंजीरों का मातम कर अपने को लहूलुहान कर लिया। जुलूस में मतमदारो ने जम के सीना जनी की मौलाना आजम अजमी ने हुसैन और करबला पर तकरीर की, जिसमें सभी की आंखों नम हो गईं। उसके बाद गुरेला कर्बला में गमगीन माहौल में ताजिए सुपुर्द ए खाक कर दिए गए। जुलूस में हिंदू मुस्लिम एकता की झलक दिखाई दी। जगह-जगह हिंदू भाइयों ने मातमदारों के लिए पानी का इंतजाम किया और पानी पिलाया। जुलुस में भारी पुलिस बल मौजूद रहा। जुलूस का नेतृत्व अंजुमन के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी ने किया।

प्रभारी मंत्री द्वारा किया गया प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/सीतापुर। जनपद के प्रभारी मंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह जी ने आज सुबह ऐलिया ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय अडवनिया ग्रांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा कक्ष में बच्चों से वार्ता करते हुये किताब भी पढ़वायी तथा निर्देश दिये कि बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाये रखने के निर्देश भी दिये। अटल आवासीय योजना के तहत चयनित हुयी छात्रा का प्रशस्ति पत्र भी दिया। साथ ही उन्होंने स्मार्ट क्लास का फीता काटकर उद्घाटन भी किया तथा प्राथमिक विद्यालय के परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

दो बाइक आपस में टकराई, तीन गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी। कोतवाली क्षेत्र में मोहम्मदी शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर लाल पंप के पास सड़क पर बैठे छुट्टा गोवंश को बचाने को लेकर दो बाइकें आमने-सामने टकरा गई। जिससे तीनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने दो की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। शनिवार 5:30 बजे करीब हाईवे पर लाल पंप के पास एक बाइक पर फरमान और सहीम निवासी विशमासी और दूसरी बाइक पर सुनील निवासी महमदपुर कला अपने गांव वापस जा रहे थे ।इसी बीच सड़क पर बैठे गोवंश को बचाने को लेकर दोनो बाइकें अनियंत्रित होकर आमने सामने से टकरा गई। जिससे तीनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने इलाज के दौरान सुनील और सहीम की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

चोरी की पांच मोटरसाइकिलों सहित चार अभियुक्त गिरफ्तार

रामपुरमथुरा (सीतापुर)। पुलिस अधीक्षक सीतापुर के आदेशानुसार थाना प्रभारी रामपुर मथुरा के कुशल नेतृत्व में टीम बनाकर तलाश वांछित अपराधी, वारंटी देखभाल के दौरान सिहाला चौराहा, ग्राम धौरहरा तथा मझिगवां के पास से क्रमशः चार नफर अभियुक्त राहुल मौर्य पुत्र राम विजय निवासी ग्राम विशेषण मजरे जरावन थाना रामपुर मथुरा, धर्मराज वर्मा पुत्र माता प्रसाद विपिन पुत्र स्वामी दयाल निवासीगण ग्राम मझिगवां थाना रामपुर मथुरा तथा गोलू शर्मा पुत्र अवधेश शर्मा निवासी ग्राम धौरहरा थाना रामपुर मथुरा को चोरी की गई पांच मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त राहुल मौर्य का अपराधिक इतिहास है जो कि रामपुर मथुरा के अलावा पड़ोसी जनपद बाराबंकी के थाना मोहम्मदपुर खाला से भी तीन बार जेल जा चुका है जिसमें दो बार चोरी के अपराध में तथा एक बार गैंगस्टर एक्ट के तहत तथा थाना रामपुर मथुरा में सन 2020 में चोरी की तथा 22 में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत व नाजायज असलहा रखने के कारण जेल जा चुका है।

साढ़े 3 साल बाद मृत मालखाना इंचार्ज पर दर्ज हुआ मुकदमा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जिले में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां साढ़े तीन साल पहले मृत हो चुके एक हेड मुहर्रिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दरअसल यहां के एक थाने से हत्या, एनडीपीएस,चोरी,भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और आर्म्स एक्ट समेत 22 मुकदमों से सम्बंधित माल मुक़दमा थाने के मालखाने से गायब हो गए.मालखाना के मौजूदा हेड मुहर्रिर द्वारा तलाश किये जाने के बाद भी जब माल मुकदमाती नही मिले तो वर्तमान हेड मुहर्रिर ने मृतक हेड मुहर्रिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने साढ़े तीन वर्ष पहले मृत हो चुके हेड मुहर्रिर के खिलाफ धारा 409 आईपीसी के तहत मुकदमा लिखकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। असल में जनपद के लोनीकटरा थाने के मालखाने की सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी हेड मुहर्रिर अयाज अहमद की है। अयाज अहमद 04 मई 2022 से यहां हेड मुहर्रिर मालखाना के पद पर नियुक्त है। अयाज अहमद ने तहरीर में लिखा है कि मैंने दिनांक 30 जून 2022 से 08 जुलाई 2022 तक थाने पर मौजूद माल मुक़दमाती का चार्ज हेड कांस्टेबल अजय कुमार यादव से लिया था। रजिस्टर के मुताबिक 22 माल मुक़दमती माल नही मिले थे। जिसके सम्बन्ध में जानकारी व तलाश करने पर पता चला कि थाना लोनी कटरा पर पूर्व में मालखाना के हेड मुहर्रिर के तौर पर नरेंद्र कुमार वर्मा की नियुक्ति थी। जिनकी 04 फरवरी 2020 को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।नरेंद्र कुमार वर्मा के पास लोनी कटरा थाने के माल मुकदमाती और सरकारी संपत्ति का चार्ज था। मालखाना में ताला बंद होने के चलते इसकी सूचना जिलाधिकारी को दी गई थी। डीएम के अनुमोदन के बाद एडीएम द्वारा एसडीएम हैदरगढ़, तहसीलदार हैदरगढ़ और तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक लोनी कटरा की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम द्वारा 09 अक्टूबर 2020 को मालखाना का ताला तोड़कर माल मुकदमाती और सरकारी संपत्ति का चार्ज हेड कांस्टेबल अजय कुमार यादव को प्रदान किया गया था। कमेटी द्वारा मौके पर मालखाना में मौजूद जिन मालों की सूची बनाकर हेड कांस्टेबल अजय कुमार यादव को चार्ज दिया गया था। माल मुक़दमती मालों का चार्ज लेने के बाद जब उसका मिलान प्रचलित मालखाना रजिस्टर से जब हेड कांस्टेबल अयाज अहमद ने मिलान किया तो 22 माल मुकदमाती माल नहीं मिले। जिसका विवरण कमेटी की चार्ज लिस्ट में भी नहीं है। हेड मुहर्रिर अयाज अहमद द्वारा थाना परिसर और प्रांगण में काफी तलाश किया गया लेकिन माल नहीं मिले। इनमें आर्म्स एक्ट,हत्या,एनडीपीएस एक्ट समेत 22 मुकदमों के माल हैं जो गायब है। अयाज अहमद के मुताबिक इन अभियोगों से सम्बंधित माल मुकदमा तत्कालीन हेड मुहर्रिर मृतक नरेन्द्र कुमार वर्मा के समय के है।थानाध्यक्ष अजय त्रिपाठी ने बताया हेड मुहर्रिर अयाज अहमद की तहरीर पर लोनी कटरा थाने में मृतक हेड कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार वर्मा के विरुद्ध 409 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी गई है।

अज्ञात वाहन ने नाबालिग किशोर को मारी टक्कर, मौत

जन एक्सप्रेस। कालपी

कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पार करते समय अज्ञात वाहन ने नाबालिक किशोर को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उदनपुरा निवासी अदनान उम्र 16 वर्ष पुत्र शकील खान शनिवार की सुबह निकट दीवान ओलिया से मोहर्रम का जुलूस देखकर अपने घर वापस जा रहा था। जैसे ही वह कर्बला गेट के पास हाईवे क्रॉस कर रहा था। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर देखा गया तो उसकी मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए सूचना परिजनों को दी और विधिक कार्यवाही कर, शव को पोस्टमार्टम के लिए उरई भेज दिया। बताया गया कि अदनान अपने पिता शकील खान के 2 पुत्रों में बड़ा है। जो हाईस्कूल का छात्र था। उनके पिता सऊदी अरब में रहकर काम करते है।

गमगीन माहौल में दफन किए ताजिए

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

या हुसैन या हुसैन की सदाओ के बीच शनिवार को दसवीं मोहर्रम पर परंपरागत तरीके से जुलूस निकाला गया। इसमें शामिल आजादारों ने नौहाख्वानी के साथ मातम किया। शहर में ताजिया का जुलूस शाम को कर्बला जाकर संपन्न हुआ। जहां देर शाम नम आंखों से सभी ने ताजिए दफन किए। शहर क्षेत्र में जुलूस कटरा बारादरी से निकाला गया। जोकि दर्पण, सिनेमा, घंटाघर, धनोखर चौराहा होते हुए कर्बला बेगमगंज में देर रात को समाप्त हुआ। इस दौरान जुलूस में शामिल लोग इमाम हुसैन की याद में कलाम पढ़ते आगे-आगे चलते रहे। जुलूस में कटरा, बारादरी, चंदना, भीतरी पीरबटावन, बेगमगंज, रसूलपुर आदि सभी जगहों से ताजिया शामिल हुई।

इमाम हुसैन की याद में शिया समुदाय का निकला मातमी जुलूस

जन एक्सप्रेस। उरई

मोहर्रम की दसवीं पर शनिवार की सुबह शहर में शिया समुदाय का अलम का जुलूस मोहल्ला अथाई में करार हुसैन के इमामबाड़े से उठा। इससे पहले मजलिस को मौलाना के खिताब फरमाया कि किस तरह से रसूले अकरम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन को यजीद की फौज ने कर्बला में घेर कर आतंकवाद की पहली घटना को अंजाम दिया था। यजीदी फौज की आगे इमाम हुसैन ने अपना सर नहीं झुकाया बल्कि अपने सर के साथ साथ अपने 71 जनाशीनो को भी कुर्बान किया। आज सिर्फ मुसलमान ही नहीं बल्कि हर तबका इमाम हुसैन को याद करता है और सच्चाई का सबक लेता है। जुलूस अपने पुराने मुकामी रास्तों से निकला और सुबह 10 बजे मोहल्ला बल्लभ नगर में मिट्ठू लाल आतिशबाज के मैदान पर पहुंचा। जहां से शिया समुदाय के बच्चों युवाओं और बुजुर्गों ने छुरी, जंजीर, कमा व ब्लड का मातम शुरू किया। मातम से पूरी बजरिया रोड खून से सराबोर हो गई और चारों तरफ या हुसैन और या अब्बास की सदाएं बुलंद होने लगी। मातमी जुलूस अपने मुकामी रास्ते से होता हुआ मोहल्ला मोहनपुरा में बारगाहे बाबुल मुराद व हाजी डॉक्टर जरगाम अली के आवास पर पंहुचा। यहां भी जोरदार मातम हुआ जिसके बाद मातम करने वालो के जख्मो की सफाई हुई। मातमी जुलूस अपने मुकामी रास्ते से होता हुआ मोहल्ला मोहनपुरा में बारगाहे बाबुल मुराद व हाजी डॉक्टर जरगाम अली के आवास पर पंहुचा। यहां भी जोरदार मातम हुआ जिसके बाद मातम करने वालो के जख्मो की सफाई हुई। जिसकी अगुवाई हाजी आशिक हुसैन, चुन्ना हुसैन, हाजी अली मेहदी आब्दी, अली अख्तर आब्दी, चांद मियां, इशरत आब्दी, शबाब हुसैन, शादाब हुसैन, हैदर अब्बास, मुबीन हैदर, गुड्डू रिज़वी, बबलू सुपर, शुजाअत हुसैन, शाकिर अली, उरूज भाई ने की।

15 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जनपद की चार थानों की पुलिस ने 15 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें थाना सफदरगंज पुलिस नें चोरी नकबजनी व लूटपाट की घटनाओं में लिप्त आरोपी गिरोह सरगना राम विजय लोनिया पुत्र रामप्रसाद लोनिया, मोनू लोनिया पुत्र कामता लोनिया, सोनू लोनिया पुत्र कामता लोनिया निवासी ग्राम ग्वारी मजरे यूनियन पुरवा थाना थानगांव जनपद सीतापुर, पप्पू गौतम पुत्र स्वर्गीय चंद्रिका प्रसाद निवासी ग्राम छोटी ग्वारी मजरे चमरिहा, थाना थानगांव जनपद सीतापुर, अनिकेत उर्फ छोटू लोनिया पुत्र पिंकू लोनिया, रंजीत लोनिया पुत्र रमेश निवासी नरेंद्रपुर मजरे लालूपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर, अरविंद सोनी पुत्र अनिल कुमार सोनी निवासी कस्बा व थाना रेउसा जनपद सीतापुर पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है है। साथ ही थाना सफदरगंज पुलिस ने हत्या करने के अपराध के दो आरोपी सरगना मंटू उर्फ संजीव कुमार पुत्र स्वर्गीय विजय कुमार वर्मा व हरि गोपाल उर्फ मोटू पुत्र स्वर्गीय विजय कुमार सहित सर्वेश कुमार पुत्र मोहनलाल वर्मा निवासी बिरौली पर भी गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं थाना बदोसराय पुलिस ने एससी एसटी एक्ट व हत्या से संबंधित आरोपी सरगना राम कुमार यादव उर्फ गुट्टी पुत्र स्वर्गीय महेश प्रसाद निवासी ग्राम किंतुर थाना बदोसराय, रेनू पत्नी स्वर्गीय कैलाश बहेलिया निवासिनी ग्राम हजरत पुर थाना बदोसराय पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इसी तरह थाना रामसनेहीघाट पुलिस नें मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोपी सरगना हिमांशु पुत्र राम कैलाश कोरी निवासी बनीकोडर, प्रकाश जायसवाल पुत्र सीताराम जायसवाल निवासी ग्राम मऊगोरपुर, आकाश चौहान पुत्र अंबर प्रसाद निवासी लालूपुर मजरे सनौली पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जलभराव से पक्की दीवार भरभरा कर गिरी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

ब्लाक रामनगर के ग्राम पंचायत अमलोरा गांव के मजरे गंगापुरवा में भाजपा मंडल महामंत्री लालता प्रसाद वर्मा पुत्र जगदीश वर्मा की शनिवार सुबह जलभराव होने के चलते पक्की दीवार भरभरा कर गिर गई। जिस के संबंध में पूर्व में तत्कालीन खंड विकास अधिकारी कमलेश कुमार को कई बार लिखित व मौखिक रूप से नाला बनवाए जाने की मांग की गई थी। पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने भी नाला निर्माण के लिए कई बार विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया था। पीड़ित का आरोप है कि यदि अधिकारी पहले सचेत जाते तो ऐसा हादसा नहीं होता। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

पति ने महिला के प्रेमी पर किया चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला

शहर कोतवाली क्षेत्र के करमेर में रोड की घटना

जन एक्सप्रेस। उरई

बीच बाजार पति ने महिला के संग रह रहे उसके प्रेमी के ऊपर चाकुओं से वार कर उसको लहूलुहान कर दिया। जिससे वह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और खून से लथपथ होकर वहीं जमीन पर गिर पड़ा। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसकी हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। पुलिस महिला के पति की तलाश कर रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के राजेंद्र नगर निवासी महिला का विवाह बजरिया निवासी राजू के साथ पिछले 15 वर्ष पूर्व हुआ था। लेकिन कुछ समय से महिला पति राजू के साथ में न रहकर दूसरे अपने दूसरे प्रेमी दीपू (22) के साथ रह रही थी। जिससे उसका पति नाराज चल रहा था। शुक्रवार की रात करीब दस बजे महिला अपने प्रेमी दीपू के साथ रिक्शे पर सवार होकर बाजार की तरफ आ रही थी। जब उनका रिक्शा करमेर रोड पहुंचा, तभी उसके पति राजू ने दीपू के ऊपर चाकुओं से ताबड़तोड़ बार कर दिए। जिससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना से वहाँ पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां से उसे झांसी के लिए रेफर कर दिया है। कोतवाल शिव कुमार कुमार राठौर का कहना है कि युवक की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पैर फिसलने के चलते छत से गिरकर किसान की मौत

जन एक्सप्रेस/माधौगढ़। कस्बे के मोहल्ला विजयनगर में बीती देर रात छत से गिरकर अधेड़ किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधौगढ कस्बे के मुहल्ला विजयनगर निवासी महेन्द्र सिंह 45 वर्ष लाइट ना आने के कारण शुक्रवार की रात छत पर सोने चला गया। तभी देर रात वह लघुशंका के लिए उठा और छत से नीचे जा रहा था। तभी अचानक पैर फिसलने से वह छत से आंगन में गिरकर बेहोश हो गया। सुबह परिजनों ने उसे अचेत अवस्था में पड़ा देखा तो उनमें हड़कंप मच गया, और वह उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही उसकी मौत की खबर परिजनों में लगी तो उन में कोहराम मच गया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी सुरमिला, पुत्र शिवा, पुत्री शीतल सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

घरेलू विद्युत उपकरण ठीक करते समय करंट लगने से किसान की मौत

जन एक्सप्रेस/माधौगढ़। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चितौरा में देर रात घरेलू उपकरण सही करते समय किसान करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चितौरा निवासी किसान जयप्रकाश कुशवाहा 55 वर्ष शुक्रवार रात कूलर न चलने पर वह ठीक कर रहा था। तभी अचानक वह करंट की चपेट में आ गया और अचेत होकर गिर गया। तभी कमरे में अकेला होने के कारण वह रात भर कमरे में ही पढ़ा रहा। सुबह जागी पत्नी मुन्नी देवी ने कमरे का दरवाजा बंद देखा और वह पति के कमरे में पहुंच गई, तभी उसने अचेत अवस्था में जमीन में पति को देखा तो वह चीखने चिल्लाने लगी। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंच गए और वह उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी मुन्नी देवी सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

अन्ना मवेशी से टकराई बाइक, बाइक सवार अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के बोहदपुरा के पास अन्ना मवेशी आ जाने से बाइक सवार अधेड़ सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेढ़र थाना क्षेत्र के खकसीस गांव निवासी फूल सिंह जाटव (48) राजमिस्त्री थे। शुक्रवार को वह काम के सिलसिले से उरई आए थे। देर रात को जब वह बाइक से वापस गांव लौट रहे थे, तभी बोहदपुरा के पास बाइक के सामने अन्ना मवेशी आ गया और बाइक उससे भिड़ गई। जिससे फूल सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना देखकर राहगीरों में हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक फूल सिंह राजमिस्त्री था।

महिला के साथ मारपीट करने पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस/कालपी। नगर के मोहल्ला दमदमा में महिला के साथ मारपीट की घटना को अंजाम देने पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़ित महिला जुलेखा पत्नी इम्तेयाज निवासी मोहल्ला दमदमा ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी युवक मुमताज पुत्र इस्तियाक निवासी मोहल्ला दमदमा ने गाली गलौज की। साथ ही मना करने पर मुमताज ने मारपीट की तथा धमकी दी कि अगर शिकायत की तो जान से मार देंगे। पुलिस पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीओ व थानेदारो ने किया भ्रमण

जन एक्सप्रेस/कालपी। त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुए कालपी क्षेत्राधिकारी व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह, एडिशनल इंस्पेक्टर मुहम्मद अशरफ, सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार मय फोर्स द्वारा दीवान औलिया ग्राउंड व अन्य स्थानों का भ्रमण किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने दीवान औलिया ग्राउंड के अखाड़े के खलीफा नत्थू कुरैशी आदि से संवाद स्थापित किया। इसी प्रकार पुलिस अधिकारियों ने कर्बला मैदान के मोहर्रम के मेले मोहर्रम के अलाव के प्रदर्शन स्थल दीवान औलिया तथा दमदमा के तकिया मैदान के अलाव स्थलो, इमाम चौको तथा सार्वजनिक स्थानों में घूम घूम कर ताजियेदारों तथा नागरिकों से मुलाकात की।

कब्जा हटवाने पहुंचे नायब तहसीलदार-कानूनगो को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

परती की जमीन पर कब्जा हटवाने गए नायब तहसीलदार, कानूनगो व लेखपाल को दबंगों ने धमकी देकर झूठे मुकदमे में फंसाने की चेतावनी दे डाली। मामले में लेखपाल की तहरीर पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना देवा के राजस्व गांव चचेन्डा के करीब सवा 12 बीघा जमीन नवीन परती के नाम से दर्ज है। इस जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण और निर्माण किया जा रहा है। इसकी जानकारी लेखपाल को होने पर उसने मौखिक रूप से कई बार काम रोकने सहित कब्जा हटाने के लिए कहा। जिस पर विपक्षी लगातार कब्जा करते जा रहे है। क्षेत्रीय लेखपाल तिंदोला संदीप कुमार ने बताया कि कई बार कहने के बाद भी अगर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो अतिक्रमण हटवाने के लिए नायब तहसीलदार, कानूनगो टीम सहित मौके पर पहुंचे थे। विपक्षियों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटाया जा रहा था। जिसकी वीडियो भी बनाई जा रही थी। इसी दौरान पहुंचे विपक्षी ने नायब तहसीलदार सहित सभी को धमकाना शुरू कर दिया। जिससे सरकारी काम में बाधा उत्पन्न हुई।

दो जुआरियों को पकड़ा

जन एक्सप्रेस/उरई। रेढर थाना क्षेत्र के उपनिरीक्षक सिंगदार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चेलारी में हार जीत की बाजी लगाई जा रही है। जिस पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर रामप्रकाश पुत्र कड़वे निवासी चेलारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 960 रुपये और ताश की गड्डी बरामद बरामद हुई। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ जी एक्ट की कार्यवाही की।

चोरों ने पंचायत भवन को बनाया निशाना, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। कुठौंद

भवन में लगा इनवर्टर कंप्यूटर समेत अन्य सामान किया चोरी

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धर्मपुर में बने पंचायत भवन में लगे इनवर्टर, लैपटॉप समेत आदि सामान को चोर चोरी कर ले गए। जब सुबह महिला पहुंची तो सामान गायब देख होश उड़ गए। उसने इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों व पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस और ग्रामीण व अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मामले की जांच पड़ताल कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बता दे बीती 26 जुलाई की रात कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर बरेला में स्थित ग्राम पंचायत भवन में तैनात आशा देवी पत्नी वीर सिंह ने बताया कि वह जब सुबह गांव में स्थित पंचायत भवन में पहुंची तो वहां पर लगा इनवर्टर, लैपटॉप, कैमरा और कंप्यूटर समेत आदि समान गायब मिला। उसने शोर मचाया तो मौके पर ग्रामीण आ गए और उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों व पास पड़ोस के लोगों से पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वही इस बारे में थानाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी का कहना है कि चोरो को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस छानबीन में लगी हुई है।

बैंकों के निजीकरण का एकजुट होकर करेंगे विरोध : गुप्ता

जन एक्सप्रेस। उरई

यूपी बैंक एंप्लाइज यूनियन इकाई की बैठक राठ रोड स्थित विजय विक्रम पैलेस में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कामरेड रजनीश गुप्ता ने कहा कि बैंक के निजीकरण का विरोध करना हम सभी लोगों का कर्तव्य है। अगर बैंकों का निजीकरण हो गया तो हमारे अधिकारों का हनन होगा। हमें एकजुट रहकर सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना होगा। जब तक हम लोग एकजुट नहीं होंगे, तब तक सरकार हम लोगों की बातों को नहीं सुनेगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कामरेड राजेश कुमार ने कहा कि हम लोग कड़ी मेहनत करके बैंकों के हित में काम कर रहे हैं। सरकार के हर कदम का हम लोग स्वागत करते हैं लेकिन सरकार कर्मचारी विरोधी कोई कदम उठाया तो हम लोग उसका डटकर विरोध करेंगे। बैठक में सुरेश, विवेक अग्रवाल, अविनाश खरे, आशीष तिवारी, शाहिद खान, कौशलेंद्र, अमित, राम प्रकाश आदि मौजूद रहे बैठक का संचालन रवि कुमार ने किया।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ताजियादारों ने दफन किया ताजिया

* ताजिया जुलूस में बड़ी संख्या में हिंदू व मुसलमान समुदाय के लोग सम्मिलित

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के तीनों तहसील मुख्यालयों, ब्लॉक मुख्यालयों तथा छोटे-बड़े कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को गमी का त्योहार मोहर्रम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हो गया। मोहर्रम का जुलूस सभी स्थानों पर गाजे-बाजे के साथ निकाला गया। पुलिस प्रशासन ने पहले से ही सभी लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से ताजिया को दफन करने का जुलूस निकालने की अपील की गई थी, जिसका ताजियादारो ने बखूबी पालन भी किया। जानकारी के अनुसार 29 जुलाई को जिले भर में ताजिया का जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाला गया। संवेदनशील क्षेत्रों उतरौला रेहरा तथा पचपेड़वा में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी व उप जिला अधिकारी लगातार भ्रमणशील रहकर निगरानी करते रहे। ताजियादारो से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से ताजियों को कर्बला तक ले जाकर दफनाने के लिए बताया गया था। जिला मुख्यालय पर परंपरागत तरीके से ताजियों का जुलूस निकाला गया। वीर विनय चौराहे पर ताजिया दारो का सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत अभिनंदन के साथ जलपान कराया गया। मोहर्रम जुलूस में बड़ी संख्या में हिंदू और मुसलमान दोनों समुदाय के लोग सम्मिलित हुए। गंगा जमुनी तहजीब के लिए प्रसिद्ध बलरामपुर नगर एक बार फिर अपनी पहचान को बरकरार रखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम का त्यौहार संपन्न कराने में अपनी परंपरा को कायम रखने में कामयाब रहा। नगर पालिका परिषद की ओर से नगर में साफ सफाई तथा प्रकाश की उचित व्यवस्था की गई थी। विद्युत विभाग द्वारा बिजली सप्लाई बंद होने के कारण जनरेटर के सहारे प्रकाश की व्यवस्था नगर पालिका परिषद द्वारा कराई गई। सामाजिक संगठनों तथा नगरपालिका द्वारा जगह-जगह पीने के लिए प्याऊ भी लगवाए गए, जहां पर मिष्ठान हलुवा तथा जर्दा वितरित कर लोगों का मुंह मीठा कराया गया और जलपान कराया गया। जिले के तहसील उतरौला क्षेत्र में शांतिपूर्ण मोहर्रम संपन्न होने की सूचना है। तहसील तुलसीपुर क्षेत्र में भी शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम त्योहार संपन्न हुआ। कहीं भी किसी प्रकार की किसी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली है।

डीएम ने की पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक

सुधरेगी जिले के गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्था

जन एक्सप्रेस। बहराइच

जनपद में संचालित गौ आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों के चारा, भूसा, पानी, हरा चारा, छांव इत्यादि के लिए की गई व्यवस्थाओं मैं सुधार की संभावना नजर आ रही है। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक में डीएम मोनिका रानी ने अफसरों को निर्देश दिया है कि 4 अगस्त तक स्थितियों को सुधार कर बैठक में उपस्थित हों।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अपर जिलाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रारूप पर प्रत्येक गौ आश्रय स्थल को वर्षवार, माहवार एवं दिवसवार प्राप्त एवं व्यय की गई धनराशि की सूचना के आगामी बैठक में सम्बन्धित ग्रामों के पंचायत सचिव एवं प्रधानगण उपस्थित होंगे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक गौ आश्रय स्थल पशुपालन विभाग द्वारा वर्षवार, माहवार एवं दिवसवार उपलब्ध करायी गयी धनराशि का विवरण आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि जिला पंचायत राज अधिकारी के स्तर से एसएफसी पूलिंग में पूल की गयी धनराशि का वर्षवार, माहवार एवं दिवसवार विवरण भी आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय। डीएम द्वारा आगामी बैठक के लिए 04 अगस्त की तिथि निर्धारित करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया सभी लोग अद्यतन वांछित अभिलेखों के साथ बैठक में प्रतिभाग करेंगे।

जिले में संचालित गो आश्रय स्थल से सम्बन्धित ग्राम सचिवों व ग्राम प्रधानों को निर्देश दिया गया कि गोआश्रय स्थलों पर शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार संरक्षित गोवंशों के लिए भूसा, चारा, पानी, हरा चारा व शेल्टर इत्यादि का प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाय। वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि वर्ष के तत्काल बाद गोआश्रय स्थल का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि वहां पर जल भराव जैसी स्थिति न रहने पाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि मानक के अनुपार गो आश्रय स्थल पर संरक्षित गोवंशों के उपचार के प्रबन्ध सुनिश्चित कराए जाएं।

कर्बलाओ में ताजिए किए गए सुपुर्द ए खाक, सुरक्षा को लेकर पुलिस रही मुस्तैद

गमगीन माहौल में अकीदत के साथ निकाला गया मोहर्रम का जुलूस

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

शहर से लेकर तहसील क्षेत्र के तमाम जगहों पर शनिवार को अकीदत के साथ मोहर्रम का पर्व मनाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस जगह-जगह मुस्तैद रही। ताजिया का जुलूस निकालने के दौरान मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करके नौहा ख्वानी और सीना जनी करके गम का इजहार किया गया।

गमगीन माहौल में ताजिए कर्बला में सुपुर्द ए खाक किए गए। बीकापुर कस्बे के अलावा पुलिस सर्किल एवं तहसील क्षेत्र के खजुरहट, चौरे बाजार, सोनखरी, रामपुर भगन, गंडई, तारुन, हैदरगंज, शाहगंज सहित विभिन्न स्थानों पर गमगीन माहौल में ताजिया का जुलूस निकाला गया।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीकापुर कोतवाली पुलिस के अलावा संबंधित थानों और चौकी की पुलिस मुस्तैद रही। बीकापुर कस्बे में गमगीन माहौल के दौरान निकाले गए ताजिया जुलूस में सभासद बृजभूषण राजन पांडे, समाजसेवी महमूद अहमद, असलम सहित तमाम लोग शामिल हुए। बताते हैं कि मुस्लिम समुदाय के लोग मोहर्रम का त्यौहार पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करने के रूप में मनाते हैं। निकाले गए ताजिया जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ राजेश तिवारी ने बताया कि पुलिस सर्किल क्षेत्र के सभी स्थानों पर ताजिया का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

अज्ञात व्यक्ति ने मुस्लिम समुदाय के मकान में लगाई आग, जलकर राख

ताजिएदारों ने कार्रवाई की मांग को लेकर किया प्रदर्शन, रोका जुलूस

जन एक्सप्रेस। कैसरगंज, बहराइच

शनिवार की दोपहर बाद थाना क्षेत्र के सोनारी महुरी गांव निवासी एक ग्रामीण के मकान में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। जिससे फूस का पूरा मकान जलकर राख हो गया। इसकी जानकारी होते ही गांव के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मुकदमा दर्ज करवाने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ताजिया रोक दिया। सभी ने प्रशासन मुर्दाबाद की नारेबाजी करते हुए ताजिया ले जाने से इंकार कर दिया। दो घंटे की मान मनौवल के बाद सभी ताजिया लेकर कर्बला की ओर रवाना हुए।

घटना कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनारी के मजरा महुरी निवासी इदू पुत्र वली मोहम्मद नामक व्यक्ति के मकान में शनिवार दोपहर को अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। उसी समय ताजियादार अपनी ताजिया कर्बला के लिए ले जा रहे थे। अज्ञात कारणों से लगी आग में बाइक समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। इसकी जानकारी जब ताजिएदारों को हुई तो सभी ने ताजिया रख कर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। गांव के लोगों ने पुलिस को घटना से अवगत कराया। कोतवाल राजनाथ सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंचे। लोगों को समझाया बुझाया लेकिन ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक के साथ उप जिलाधिकारी पंकज कुमार दीक्षित को दी गई। एसपी प्रशांत कुमार वर्मा तत्काल एसडीएम और सीओ कमलेश कुमार सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी ने ग्रामीणों से वार्ता कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद वह चले गए। लेकिन ताजियेदारों ने आरोपी के गिरफ्तारी की मांग करते हुए ताजिया कर्बला ले जाने से इंकार कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी और एसडीएम के काफी प्रयास के बाद सभी ताजिएदार शांत हुए और ताजिया कर्बला की ओर ले गए। इस मामले में कोतवाल राजनाथ सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ग्रामीण ने बाबू पुत्र मदन और अज्जू पुत्र गुड्डू के विरुद्ध तहरीर दी है। मकान में आग किसने लगाई, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के सोनारी गांव में मकान में आग लगाने की घटना से अफरा तफरी मच गई। ताजियादारों द्वारा ताजिया कर्बला ले जाने से इंकार कर दिया। इस निर्णय से प्रशासनिक अमला हलकान हो गया। हालांकि दो घंटे के प्रयास के बाद सभी शांत हुए। मौके पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात है।

परिषदीय विद्यालयों के 441 शिक्षको का बहाल होगा वेतन

जन एक्सप्रेस। बहराइच

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बहराइच के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष आनन्द कुमार पाठक के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी से मिलकर शून्य नामांकन वाले 441 विद्यालय के शिक्षको का वेतन रोके जाने का विरोध कर पत्र सौंपा तथा सभी का वेतन बहाल करने की मांग की। संगठन और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की वार्ता में जिलामंत्री विजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि आपके कार्यालय से पत्र जारी करते हुए प्रेरणा पोर्टल पर नवीन नामांकन का रजिस्ट्रेशन न किए जाने के कारण 441 विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों का वेतन रोकने का आदेश निर्गत किया गया है। जिसमें अधिकांश उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालय ही शामिल है। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रेरणा पोर्टल पर परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों से कक्षा पांच उत्तीर्ण छात्रों का नवीन नामांकन करना ही नही है। उन्हें पुराने विद्यालय से स्थानांतरित करना है। शिक्षकों द्वारा कक्षा 6 में कक्षा 5 से उत्तीर्ण सभी छात्रों का स्थानांतरण अपने विद्यालय में कर लिया गया है। इसलिए उस विद्यालय का नामांकन पोर्टल पर शून्य दिख रहा है। प्राइवेट विद्यालय व गृह शिक्षा के आधार पर जिन बच्चों का नामांकन किया गया है उनका ही प्रेरणा पोर्टल रजिस्ट्रेशन करना है। प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का पर्याप्त नामांकन किया गया है।

राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ पर अखिल भारतीय शिक्षा समागम का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर अखिल भारतीय शिक्षा समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 29 जुलाई को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की तीसरी वर्षगांठ'' मनाई गई। वर्षगांठ के अवसर पर, शिक्षा मंत्रालय, कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय के सहयोग से द्वितीय ''अखिल भारतीय शिक्षा समागम'' का आयोजन किया गया। इस अवसर के राष्ट्रीय महत्व के अनुरूप देश भर में गतिविधियों की योजना कार्यक्रम का उद्घाटन को आईईसीसी, भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ), प्रगति मैदान, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में हो रहा है उसकी पूर्ण सत्र की लाइव स्ट्रीमिंग व वेबकास्टिंग को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी के नेतृत्व में विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने देखा। कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग व वेबकास्टिंग को देखकर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने प्रशंसा तथा सराहना की तथा साथ ही यह भी बताया कि राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य भारत में अब तक जो शिक्षा प्रदान की जा रही है उसमें क्रांतिकारी बदलाव लाना है। साथ ही भारत के शिक्षा को वैश्विक स्तर पर खड़ा करना है। जैसे हमारे भारत का इतिहास है कि पूरी दुनिया भारत से हमेशा सीखती आ रही है, वैसे ही भारत को ज्ञान के क्षेत्र मे महाशक्ति बनाना भी नई शिक्षा नीति, 2023-24 का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। साथ ही विद्यालय के किड्स ब्लाक में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी ने नीरज अस्थाना प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय बलरामपुर, गोविन्द राम जिला विद्यालय निरीक्षक बलरामपुर, डॉ0 हिमांशु धर द्विवेदी प्राचार्य एम0जे0 एक्टीविटी उतरौला बलरामपुर, गीता मिश्रा प्रधानाचार्या नवोदय विद्यालय बलरामपुर, डॉ0 चन्दन पाण्डेय पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक बलरामपुर तथा मिडिया प्रभारी डॉ0 अविनाश पाण्डेय, श्लोक मिश्रा एवं जितेन्द्र सिंह (बागी) को पुष्पों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। तत्पश्चात् आये हुए सम्मानित अतिथियों के साथ ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की तीसरी वर्षगांठ'', के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी एवं एक्टीविटी इंचार्ज राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित संतोष श्रीवास्तव, टी0एन0 शुक्ला, ए0के0 शुक्ला, ए0के0 तिवारी, डी0पी0 यादव, मुकेश गुप्ता, रवि भूषण शुक्ला, शालिनी शुक्ला, कपिल निषाद, वी0एन0 तिवारी, अनूप शुक्ला, ब्रजभूषण मिश्रा, भानु यादव, राजीव श्रीवास्तव, दिव्या पाण्डेय, कृष्णा गुप्ता एवं खुशबू तिवारी सहित सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने बहुत ही रूचि के साथ इस आयोजित कार्यशाल में शामिल होकर राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी प्राप्त की।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति कौशल विकास के साथ नवाचार पर आधारित: डॉ0 नितेश धवन

* नवाचार के माध्यम से स्टार्टअप एवं उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा: वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक
* राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अवसरों एवं चुनौतियों को लागू करने के नवाचार स्टार्टअप और उद्यमिता की भूमिका की खोज विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग एवं इग्नू अध्ययन केन्द्र अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अवसरों एवं चुनौतियों को लागू करने के नवाचार स्टार्टअप और उद्यमिता की भूमिका की खोज विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ0 नितेश धवन, स्टेट डायरेक्टर खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग लखनऊ ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के जरिए सभी सतत विकास लक्ष्यों को नीतिगत तरीके से प्राप्त किया जा सकता है। इसमें मुख्य रूप से सुलभ एवं गुणात्मक शिक्षा प्रणाली के द्वारा कौशल अन्तराल एवं बेरोजगारी उन्नयन को कौशल विकास एवं नवाचार के जरिए कम किया जा सकता है। वर्ष 2016 में भारत में कुल 445 स्टार्टअप थे जो वर्तमान में बढ़कर लगभग एक लाख की संख्या में हो चुके है।

सेमिनार में उन्होने विद्यार्थियों को खादी एवं ग्रामोद्योग अयोग द्वारा स्टार्टअप के लिए सब्सिडी एवं ग्रान्ट की सुलभता हेतु किये जाने वाली प्रक्रिया पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। छात्रों की रचनात्मकता एवं उनकी सोच के अनुरूप नवाचार को उद्यम में परिवर्तित करने हेतु अटल टिकरिंग लैब की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया।सेमिनार में की-नोट स्पीकर के रूप में इग्नू क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 मनोरमा सिंह ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का सही उपयोग छात्रों को अपनी रूचि के अनुरूप विषयों का चयन करने एवं उसका उपयोग नवाचार के माध्यम से स्टार्टअप एवं उद्यमिता को विकसित करने के लिए है। साथ ही उन्होने एन0ई0पी0 में किये गये आंशिक बदलाव जो पूर्व में विज्ञान तकनीकी अभियांत्रिकी कला की जगह अब विज्ञान तकनीकी अभियांत्रिकी कला एवं गणित के बारे में बताया तथा शिक्षा प्रणाली में ऐकेडमिक बैक ऑफ क्रेडिट की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। जिसमें छात्रों को एक साथ दो डिग्री प्राप्त करने एवं सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा करते हुए अपने एकेडमिक स्कोर को बढ़ाने पर बल दिया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष एम0बी0ए0 एवं समन्वयक इग्नू अध्ययन केन्द्र अयोध्या प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सेमिनार की पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को अतिथियों द्वारा दिए गए व्याख्यान द्वारा अधिक से अधिक लाभान्वित होने एवं इसका उपयोग अपने छात्र जीवन में ही करने पर प्रेरित किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इग्नू क्षेत्रिय कार्यालय लखनऊ के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 कीर्ति विक्रम सिंह ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया एवं सभी छात्रों को इग्नू द्वारा चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों से अधिक से अधिक लाभान्वित होने हेतु अवगत किया।

बीकापुर-कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर स्थित प्रमुख स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा

जन एक्सप्रेस। बीकापुर -अयोध्या

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए ÷आपरेशन दृष्टि÷ अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ राजेश तिवारी के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा भी बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बीकापुर सहित प्रयागराज पर स्थित भीड़भाड़ वाले स्थानों और चौराहों को सीसीटीवी कैमरे से लैस कराया जा रहा है। जिससे अराजक तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों तथा अपराधियों की हरकतों पर लगाम लगाई जा सके। और अपराधिक घटना घटित होने पर सीसीटीवी फुटेज के सहारे अपराधियों की पहचान करके उन पर कानूनी कार्रवाई कराई जा सके। कोतवाली पुलिस द्वारा अभियान के तहत बीकापुर कस्बे में भारती इंटर कॉलेज के सामने मलेथू कनक मोड, जलालपुर माफी तिराहा, पिपरी रामपुर भगन मोड़ तिराहा, खजुरहट चौराहे को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जा चुका है। सीसीटीवी कैमरा लगाने में आसपास के दुकानदारों द्वारा सहयोग किया गया है। बीकापुर कस्बे में पुलिस क्षेत्राधिकारी और डॉ राजेश तिवारी एवं कोतवाल राजेश कुमार राय ने शुक्रवार देर शाम बीकापुर कस्बा में स्थापित किए गए सीसीटीवी कैमरा का संचालन शुरू कराया गया। सीओ डॉ राजेश तिवारी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के चौरे बाजार और अन्य प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने की पहल की जा रही है। इसके अलावा पुलिस सर्किल के तारुन और हैदरगंज थाना क्षेत्र में भी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने का निर्देश दिया गया है बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी जनसेवा केन्द्र संचालकों सहित लोगों को अपने प्रतिष्ठानों व घरों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की अपील की गई है।

खाली पड़े प्लाट पर अज्ञात लोगों ने दीवार पर लिख दिया विवादित जमीन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत हाईवे से सटे कौशलपुरी कॉलोनी फेस टू में रामचंद्र के खाली पड़े प्लाट में संदिग्ध लोगों द्वारा ताला लगाने के बाद बड़े-बड़े शब्दों में प्लाट की दीवार पर जमीन विवादित है लिख दिया साथ ही मोबाइल नंबर भी डाल दिया है जब इसकी सूचना प्लाट के मालिक रामचंद्र व उनके बेटों को मिली तो उन्होंने अपने प्लांट पर पहुंचकर लोगों से जानकारी हासिल की जानकारी ना मिलने पर समाजवादी पार्टी के पार्षद धर्मवीर को दूरभाष द्वारा अवगत कराए गया पार्षद ने मौके पर पहुंचकर जानकारी हासिल की। पार्षद ने सहादत गंज पुलिस को सूचना दी, मौके पहुंची पुलिस ने पूरे मामले के बारे में रामचंद्र से जानकारी ली और जांच पड़ताल शुरू कर दी है, प्लाट में लगे ताले के अलावा एक अपना भी ताला पुलिस ने लगा दिया है,वही प्लाट मालिक परेशान है कि आखिर में मेरे प्लाट पर क्यों ताला लगाया गया कहीं प्लाट कब्जा करने की कोशिश तो नहीं की जा रही है।

हादसे में शिक्षक बाल-बाल बचे, कार हुई क्षतिग्रस्त

बीकापुर-अयोध्या। विद्यालय जा रहे परिषदीय विद्यालय के सहायक अध्यापक एक हादसे में बाल बाल बच गए। बीकापुर शिक्षा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय कोंछा के सहायक अध्यापक आदर्श तिवारी शनिवार सुबह प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण संबोधन सुनने के लिए अपने घर सूरा सराय बीकापुर से विद्यालय जा रहे थे। रास्ते में बीकापुर बाजार के दक्षिणी छोर पर स्थित पेट्रोल पंप के पास प्रयागराज हाईवे पर जब उनकी कार पहुंची तो अचानक ऊपर से जंगली शीशम की डाल कार पर गिर गई।

स्टार बेकरी मामला: सोशल मीडिया पर अब एक बयान व एफीडेविट सामने आया

अभी भी मामले को गुजरना होगा पुलिस जांच से, 182 की भी हो सकी है कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

स्टार बेकरी पर खाद्य विभाग की बड़ी कारवाई के बाद अब नया तथ्य सामने आया है। मामले को लेकर जिले में सनसनी फैलाने के बाद अब युवक बदल गया। इस घटना के बाद स्टार बेकरी पर बड़ी कारवाई हुई थी। खाद्य विभाग की जांच में बिना लाईसेंस के नानवेज बेचने का तथ्य सामने आया था। जिसमें बेकरी को सीज कर दिया गया। वहीं सोशल मीडिया पर अब एक बयान व एफीडेविट सामने आया है। जिसमें युवक हड्डी की जगह टूथ स्टिक निकलने की बात अब युवक कह रहा है।25 जुलाई को शिवनगर कालोनी के रहने वाले अभिनव तिवारी ने स्टार बेकरी में परोसी गयी पनीर पेटीज में हड्डी निकलने की शिकायत पुलिस से की थी। जिसमें पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया था। इस दौरान दुकानदार के ऊपर अभ्रदता करने का आरोप भी लगाया था। शिकायत के बाद खाद्य विभाग ने बेकरी पहुंचकर जांच की थी। जांच के दौरान बिना लाईसेंस के नानवेज बेचने जाने के तथ्य सामने आने पर बेकरी को सीज कर दिया गया। वहीं अब पूरे मामले में नया तथ्य सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तथा एफीडेविट वायरल हो रह है। जिसमें अभिनव पनीर पेटीज में हड्डी की जगह टूथ स्टिक निकलने की बात कह रहा है। वहीं पूरे मामले में सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह का कहना है कि एफआईआर के बाद पुलिस के सामने वादी मुकदमा का बयान भी होता है। सम्बंधित घटना में युवक अपना बयान दे चुका है। अब अगर वह बदल रहा है तो भी पुलिस की जांच जारी रहेगी। जांच में पुलिस को झूठी सूचना देने का तथ्य सामने आने पर 182 की कार्रवाई भी हो सकती है।

फास्ट फॉरवर्ड

चंद्रावती में पूर्व प्रधान के घर चार लाख की चोरी

चोरी करने आए चारों में से एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा
जन एक्सप्रेस/चौबेपुर/वाराणसी। क्षेत्र के चंद्रावती में शुक्रवार की रात 12.30 बजे चोरों ने पूर्व प्रधान कैलाश तिवारी के घर में घुसकर लगभग चार लाख के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। चोर जब चोरी कर रहे थे उसी समय घर में पढ़ रहे यश तिवारी ने अपनी मां से बताया कि घर के अंदर से कुछ लोगों की आहट आ रही है। घर में उनकी पत्नी मधुबाला ने देखा कि 3से4 की संख्या में लोग मौजूद है। मधुबाला ने शोर मचाना शुरू किया तभी आस-पड़ोस के लोगों ने घर को घेर लिया, खुद को घिरता देख चोर छत से कूद कर भागने लगे तभी एक चोर को गांव के लोगों ने पकड़ लिया। मौके से पकड़ा गया चोर चंद्रावती गांव के सोनकर बस्ती का अनिल सोनकर पुत्र होरीलाल सोनकर बताया गया। पूर्व प्रधान के भाई जयप्रकाश तिवारी (राजू) ने 4 लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दिया। जयप्रकाश तिवारी ने बताया कि मेरे घर से चोरों ने गले का हार, चार चूड़ी, एक अंगूठी, एक पायल का सेट, एक चैन उसकी कीमत तीन से चार लाख कीमत बताई वही दूसरी तरफ गत दिनो चंद्रावती गांव के प्रदीप निषाद के घर चोरी हुई थीं उस प्रकरण में भुक्तभोगी प्रदीप निषाद ने पकड़े गए चोर अनिल सोनकर पुत्र होरी लाल सोनकर के खिलाफ चोरी की लिखित तहरीर दी। पुलिस तहरीर लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

टायर बदलते समय ट्रक की चपेट में आने से चालक की मौत

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। लंका थाना अंतर्गत डाफी टोल प्लाजा के समीप शनिवार की भोर में सोनभद्र से बालू लोड कर आ रहे ट्रक का टायर ब्लास्ट हो गया. जिसके बाद चालक गाड़ी को हाईवे किनारे खड़ी कर टायर बदलने लगा है। इस दौरान पीछे से आ रही ट्रक की चपेट में चालक आ गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया है। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक चालक सोनभद्र के जुगेल थाना क्षेत्र के नेवारी गांव के महेश पाल 35 वर्ष के रूप में शिनाख्त हुई है. पुलिस मृतक के परिजनों को सूचना दी।

शांति पूर्वक हुआ ताजिये का दफन

जन एक्सप्रेस/चौबेपुर/वाराणसी। क्षेत्र में गांवों में शांतिपूर्वक ताजिया का दफन कर्बलाओं में किया गया। क्षेत्र के धौरहरा, हरिहरपुर, बनकट, कौवापुर, चंद्रावती, छीतमपुर नरपतपुर, अजांव आदि गांवों में देखने को मिला यहां मुस्लिम बस्ती से निकले ताजिए मुहर्रम पर,या हुसैन या हुसैन सहित कव्वालियों के साथ देश भक्ति के नारे भी लगाए जा रहे थे। यह जुलूस चौबेपुर धौरहरा के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा तथा पुनः ईदगाह के कर्बला पर दफन किया गया। इस दौरान जुलूस में शामिल युवाओं ने लाठी-डंडे से करतब दिखाए। संवेदनशील ताजिया चंद्रावती गांव की रही जहां ओमप्रकाश पांडेय की चहारदीवारी बंद गेट खुलवाकर प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने परंपरागत तरीके से जुलूस निकलवाया। इसी गांव में दीनानाथ जैन की बाउंड्री तोड़ कर ताजिया के लिए रास्ते दिये गये।

संरक्षा के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। वाराणसी पूर्वोत्तर रेलवे का वाराणसी मंडल रेल यात्रियों एवं आम जनता की संरक्षा को लेकर सतर्क है और उनकी सुरक्षा के लिए लगातार प्रयत्नशील है। इसी क्रम में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कैरेज एण्ड वैगन) एवं जिला आयुक्त/स्काउट अनुभव पाठक के निर्देशानुसार वाराणसी मंडल के बनारस रेलवे स्टेशन, वाराणसी सिटी स्टेशन एवं इस खण्ड में पड़ने वाले रेलवे क्रासिंगो पर भारत स्काउट एण्ड गाइड जिला संघ के सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर आम जनता एवं रेल यात्रियों को संरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उक्त नुक्कड़ नाटकों में लोगों को अनाधिकृत स्थानों से रेलवे ट्रैक पर न जाकर केवल रेलवे फाटकों अथवा उपरिगामी सेतुओं से ट्रैक पार करने, समपार फाटकों को पार करते समय सावधानी बरतने,फाटक बन्द होने की दशा में बुम के नीचे से ट्रैक पार न करने,गेट मैन पर अनाधिकृत दबाव नहीं डालने, क्षतिग्रस्त रेलवे फाटकों पर सावधानी बरतने,रेलवे ट्रैक के समीप मोबाईल एवं ईयर फोन का उपयोग न करने एवं ओपन लाइन के रेलवे ट्रैक एवं विद्युत पोलों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के सम्बंध में रोचक नुक्कड़ नाटकों के मध्यम से जानकारी दी गयी।

आधा दर्जन मुख्य आरक्षी चालक लाइन हाजिर

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। जिला पुलिस में तबादलों का दौर जारी है। पिछले करीब 20 दिन से कई थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, मुख्य आरक्षी लाइन हाजिर व दूसरे जगह ट्रांसफर किए जा चुके हैं। व्यापक फेरबदल के बीच जिले के विभिन्न थानों के आधा दर्जन से ज्यादा मुख्य आरक्षी चालकों को लाइन हाजिर किया गया है। इसके अलावा एक दर्जन से ज्यादा लोगों को नई जगह तैनाती मिली है। कैंट, शिवकुटी, कर्नलगंज, थरवई, सिविल लाइंस, झूंसी, खीरी, खुल्दाबाद के मुख्य आरक्षी चालक मोहम्मद रहीम, गया प्रसाद तिवारी, सुरेश द्विवेदी, ज्ञान बहादुर, हलके राम, श्रवण कुमार शुक्ला, राम तेज सिंह यादव, भूपेंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इसके अलावा पुलिस लाइन से आरक्षी चालक संतोष को खुल्दाबाद, जय प्रकाश यादव को कैंट, प्रवेश यादव को थाना एयरपोर्ट, राकेश सिंह को शिवकुटी, शशिकांत सिंह को कर्नलगंज, महेश कुमार सिंह को सिविल लाइंस, राम आश्रय मौर्य को झूंसी, हिसामुद्दीन को थरवई, रमेश मिश्र को बहरिया, अवधेश सिंह को खीरी और अरविंद दुबे को घूरपुर तैनात किया गया है।

रेलवे ट्रैक पर झुलसे मिले व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ा

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। यमुनानगर। लिंक जंक्शन नैनी में गंभीर रूप से झुलसी हालत में मिले व्यक्ति को एसआरएन अस्पताल के चिकित्सक भी नहीं बचा पाए। शनिवार सुबह तड़के उसकी मौत हो गई। बता दें कि नैनी लिंक जंक्शन पर 24 जुलाई की रात में रेलवे ट्रैक पर 42 साल का एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलसी हालत में मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम राजकुमार पुत्र राजू निवासी माधो सिंह औराई वाराणसी बताया। मौके पर उसके पास से कोई भी कागजात या रेल यात्रा सम्बंधी प्राधिकार पत्र नहीं पाया गया। उसे तुरंत एम्बुलेंस से एसआरएन अस्पताल भेजा गया। इलाज के बाद भी उसे नहीं बचाया जा सका। शनिवार को उसकी सांसें थम गई।

फाफामऊ में बम के साथ युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। फाफामऊ पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पांच देसी बम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी फाफामऊ शांतनु चतुर्वेदी ने बताया कि औरंगजेब उर्फ सलमान पुत्र शरीफ अहमद निवासी रुद्रपुर थाना फाफामऊ उम्र 20 वर्ष को मलाक हर हर सिंगला कंस्ट्रक्शन जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया। थाने में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक विनय कुमार यादव, हेड कांस्टेबल देवेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल संजय कुमार शामिल रहे।

फांसी के फंदे से लटका मिला छात्रा का शव

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। यमुनानगर। यमुनानगर। नैनी कोतवाली क्षेत्र के वैद्यनाथ कॉलोनी में पिता संग रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा का शव शनिवार को फांसी के फंदे से लटका पाए जाने पर सनसनी फैल गई। कॉलोनी में छात्रा की मृत्यु को लेकर चर्चा है। उसकी मौत की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कॉलोनी में रहने वाले विजय कुमार की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। बेटी अनुष्का कुमारी के साथ विजय रहते थे। बताया जाता है कि शुक्रवार देर शाम किसी बात से नाराज होकर अनुष्का ने कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

कुरेसर में पौधरोपण, हरियाली और बीमा दोनों का दिया संदेश

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। कौड़िहार स्थित महाभारतकालीन प्राचीन शिव मंदिर गंगा तट पर इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस के तत्वाधान में वृहद पौधरोपण अभियान के तहत पौधे रोपित किए। शाखा प्रबंधक प्रयागराज अमित कुमार ने सभी को संरक्षण व संवर्धन के लिए शपथ दिलाया। कहा, जल्दी ही ट्री गार्ड से सभी पौधों को संरक्षित किया जायेगा। पौध रोपण के बाद सभी ने गंगा स्नान कर महादेव को जलाभिषेक भी किया। कार्यक्रम के संयोजक नीरज शुक्ला रहे। इस अवसर पर धर्मेंद्र तिवारी, मयंक पांडेय, आदि लोग उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति ने करी समीक्षा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति के सभापति मा0 डॉ0 हरी सिंह ढिल्लों व सदस्य श्रीराम गोपाल उर्फ गोपाल अंजन, सदस्य अंगद कुमार सिंह, शहनवाज खांन तथा उप सचिव पी.एन. द्विवेदी एवं समीक्षा अधिकारी सुनील कुमार द्वारा निर्धारित बिन्दुओं पर विकास भवन सभागार में समीक्षा की गयी। समिति द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा में जानकारी चाही गयी कि विभाग द्वारा कितनी छापेमारी की कार्यवाही की गयी है। सम्बंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2022 से अब तक दूध, मावा, पनीर, मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थ निरीक्षण 2821, 369 नमूने एकत्र किये गये, जिसमें से 143 नमूने अवमानक पाए गये व वर्ष 2022 से अबतक ए.ओ कोर्ट में निर्णीत वादों की संख्या 197, कोर्ट द्वारा अधिरोपित अर्थदण्ड रू. 11185000/-, अपील में गये खाद्य कारोबारकर्ता की सं. 16, अपील में वादों से सम्बन्धित अधिरोपित अर्थदण्ड रू. 2525000/- व समय जमा किया गया अर्थदण्ड रू. 4150000/-, अर्थदण्ड न जमा करने वालों की 87, सापेक्ष आ0सी0 की संख्या 85, निर्गत आर.सी. के सापेक्ष अधिरोपित कुल धनराशि रू. 7520000/-, अधिरोपित धनराशि के सापेक्ष वसूली रू. 3507000/- तथा कार्यवाही शेष आर.सी 69 है। समिति द्वारा निर्देश दिये कि सिन्थेटिक दूध की दृष्टि से छापेमारी की कार्यवाही की जाये क्योंकि इसके कारण आने वाले पीढ़ी का पूरा भविष्य दांव पर लगा हुआ है। समिति द्वारा छापेमारी कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग बनाने के भी निर्देश दिये। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अच्छे कार्य को देखते विभाग को प्रशस्ति पत्र देने की संस्तुति मा0 सभापति द्वारा की गयी। खाद्य सुरक्षा विभाग का टोल फ्री नम्बर 1800-180-5533 समस्त बैंकेट हॉलों व अन्य सरकारी विभागों के भवनों पर लिखवाने के निर्देश समिति द्वारा दिये गये। छापेमारी कार्यवाही की संख्या बढ़ायी जाये व अगले एक महीने में की गयी कार्यवाही का विवरण समिति को भेजा जाये। जनपद में स्थापित जन औषधि केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश समिति द्वारा दिये गये। समिति के द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2019 से 2022 तक सेवा निवृत्त कार्मिकों 59 में 57 का भुगतान किया जा चुका है, 02 शेष हैं उनका भी शीघ्र भुगतान करा दिया गया। मृतक आश्रित 20 लम्बित प्रकरणों में से 15 कार्मिकों द्वारा सेवा की जा रही तथा 03 कर्मियों को प्रशिक्षण दिलाया जा रहा तथा 02 अवशेष कोर्ट में विचारधीन है इसकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। होमोपैथिक विभाग की समीक्षा के दौरान निरीक्षक द्वारा बताया गया कि 02 सेवा निवृत्त कर्मियों का भुगतान लम्बित पाए तथा 01 प्रकरण मृतक आश्रित का लम्बित जो शासन को भेजा गया है। जीपीएफ भुगतान 14 कर्मचारियों का लम्बित पाए जाने पर नाराजगी जताई गई। इसके साथ समिति द्वारा सम्बद्ध व स्वीकृत पदों की जानकारी ली गई, इस दौरान अवगत कराया गया जनपद में 22 फार्मासिस्ट में 02 कार्यरत शेष अवशेष है तथा चपरासी 10 पदों में से 10 आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्ति की तथा 11 पद स्वीपर 07 पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्ति की गई। क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सेवा निवृत्त कर्मियों को भुगतान किया जा चुका है व मृतक आश्रित 03 स्वीपर द्वारा सेवाऐं दी जा रही है।

रोजगार सेवक बोला, 20 हजार रुपए दो तब मिलेगा मनरेगा में कार्य

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

- ग्राम पंचायत महंद खास की महिला मेठ ने लगाया आरोप, सीएम से शिकायत
- सीडीओ और डीसी मनरेगा के निर्देश के बावजूद महिला मेठ को कार्य न देने का भी आरोप

पूरनपुर। मनरेगा में जाब देने के एबज में रोजगार सेवक ने महिला मेठ से 20 हजार रुपए देने की डिमांड की। विरोध करने पर महिला मेठ को कार्य नहीं दिया। आरोप है कि सीडीओ और डीसी मनरेगा ने भी रोजगार सेवक को कार्य देने के संबंध में निर्देश दिए लेकिन उसकी मनमानी हावी है। मनरेगा में कार्य न मिलने से महिला मेठ परेशान है। उसने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। मामला पूरनपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत महंद खास का है। मनरेगा में महिला मेठ के पद पर तैनात अनीता देवी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि रोजगार सेवक मनरेगा कार्यों में गोलमाल कर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहा है। आरोप है कि पार्टी बंदी के कारण रंजिशन मेठ पद पर कार्य नहीं दे रहा था। इसपर 27 मई को डीसी मनरेगा, मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी से शिकायत की। जांच आख्या में 20 से अधिक श्रमिक नियोजित होने पर महिला मेठ को मास्टर रोल निर्गत कर कार्य उपलब्ध कराने के लिए लिखित रूप में कहा गया था। इस वक्त 20 से श्रमिक मनरेगा में कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद उसे कार्य नहीं दिया जा रहा है। बताते हैं कि मनरेगा में हो रही धांधली को छिपाने के लिए महिला मेठ अनीता को मास्टर रोल निर्गत नहीं किया जा रहा है। महिला मेठ का आरोप है कि रोजगार सेवक ने कार्य दिलाने के एबज में उससे 20 हजार रुपए की डिमांड कर रहा है। बताते हैं कि रोजगार सेवक ने मनरेगा से पंचायत में कई कार्य कराए बगैर ही लाखों रुपए निकाले हैं। फर्जी जाब कार्ड भी चला रहा है। अगर मामले की सही से जांच हो तो रोजगार सेवक पर कार्रवाई होना तय है। बतादें कि इसी पंचायत में बड़े पैमाने पर अपात्रों को भी आवास योजना का लाभ दिया गया।

चंदोई-मझोला मार्ग के निर्माण को 45 करोड़ की धनराशि मंजूर

- राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की मेहनत रंग लाई, सी0एम0 के प्रति जताया आभार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पीलीभीत-मझोला वाया चंदोई मार्ग के निर्माण के लिए पिछले काफी समय से किये जा रहे राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की मेहनत आखिरकार रंग लाई है। राज्यमंत्री के प्रयासों के बाद प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने इस मार्ग के निर्माण हेतु 45 करोड़ रू0 से अधिक की धनराशि मंजूर करते हुए निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को जारी किये है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने मुख्यमंत्री जी के उक्त मार्ग के अनुमोदन एवं स्वीकृति हेतु उनका हद्यतल से आभार व्यक्त किया है। मालूम रहे की प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने प्रदेश मंत्रिमण्डल में राज्यमंत्री का पद हासिल करने के बाद प्राथमिकता के आधार पर पीलीभीत-मझोला वाया चंदोई मार्ग के निर्माण एवं चौड़ीकरण, सुदृढीकरण हेतु 05 मई 2022 को प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री को पत्र लिखा था। इसके बाद राज्यमंत्री श्री गंगवार उक्त मार्ग के निर्माण के लिए लगातार लो0नि0वि0 मंत्री एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के यहा तक सम्पर्क करते रहे। राज्यमंत्री श्री गंगवार के लगातार प्रयास के फलस्वरूप पीलीभीत-मझोला वाया चंदोई मार्ग के निर्माण के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत स्टीमेट के तहत रू0 45 करोड़ 15 लाख 1 हजार रू0 की धनराशि स्वीकृत कर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सड़क निर्माण का कार्य शुरू करने के निर्देश जारी किये है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने बताया की पीलीभीत-मझोला वाया चंदोई मार्ग के निर्माण होने से टनकपुर हाईवे पर बढ़ते यातायात के लोड को कम करने में मदद मिलेगी वही लगभग 21 किलोमीटर उक्त रोड के निर्माण से क्षेत्र के लोगो को आवागमन में खासी सुविधा प्राप्त होगी। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने उक्त सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति एवं अनुमोदन प्रदान किये जाने के लिए मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया है। उन्होनें बताया की इसके अलावा मझोला-बिरहेनी का 15 कि0मी0 मार्ग, शहर के टनकपुर हाईवे पर नौंगवा पुल के दोनो ओर बने सेवामार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढीकरण एवं सौन्दर्यकरण के कार्य प्रस्तावित हैं। जिनकों स्वीकृत कराये जाने हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे है।

पूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर राज्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया, परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

प्रदेश के गन्ना विकास एंव चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार आज शनिवार को वरिष्ठ पत्रकार संदीप सिंह की माता एवं जी0जी0आई0सी0 की सेवानिवृत्त प्रधानचार्य श्रीमती रागिनी सिंह के निधन की सूचना पाकर आज उनके शहर में मोहल्ला गोपाल सिंह स्थित उनके आवास पर पहुचे और उनके निधन पर शोक सवेदना व्यक्त की। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने शोकसंत्स परिवार से मिलकर ढांढस बधाया और दिंवगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिजनों को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान किये जाने की कामना की। ज्ञात रहे की राजकीय बालिका इण्टर कालेज पीलीभीत की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रागिनी सिंह (83) का कल 28.07.2023 को लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया था। इसके अलावा राज्यमंत्री श्री गंगवार मोहल्ला पकड़िया में दीनदयाल के आवास पर पहुचे जहा उनके पुत्र गौरव की देवहा नदी में डूबने से हुई मौत पर शोककुल परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और दिंवगत आत्मा की शान्ति एवं परिवार को इस असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। राज्यमंत्री श्री गंगवार आज शाम लखनऊ से चलकर सीधे शोकाकुल परिजनों से मिलने सीधे उनके आवासों पर पहुचें।

दुर्घटना में मनप्रीत कौर संधू के हुए देहांत पर पहुंची पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका संजय गांधी

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती मेनका संजय गांधी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिल्ली से वाया सितारगंज सुबह 10 बजे अपने खास समर्थक सरदार मंजीत सिंह संधू के बेलापुखरा स्थित आवास पर पहुंची और दुर्घटना में उनकी पत्नी मनप्रीत कौर संधू के देहांत पर गहरा दुख व्यक्त किया। आयोजित शोकसभा में मेनका गांधी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार से मिलकर उनका ढांढस बंधाया घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बाद में कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों से मेनका गांधी ने मुलाकात की और उनका हाल चाल जाना। इस अवसर पर मंजीत सिंह संधू के परिजनों के अलावा सरदार जगजीत सिंह जग्गू, दिलबाग सिंह, जसविंदर सिंह काले, जसवंत सिंह बग्गा, पंकज शर्मा, अजय गोयल, दलविंदर सिंह कुक्कू, गुरवचन सिंह, गुरमंद सिंह चीमा, प्रताप सिंह, अमरजीत सिंह, सरजीत सिंह, अधिवक्ता अश्वनी अग्निहोत्री, राजीव सक्सेना आदि मौजूद रहे।

हाईटेंशन लाइन गिरने से तीन युवक गंभीर झुलसे, एक घोड़े की मौत

- धार्मिक अनुष्ठान में लगे टेंट को खोलने के दौरान हुआ हादसा
- दो युवक गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। ताजिए को लेकर गांव में चल रही लंगरदारी में टेंट लगाया गया था। टेंट खोलने के दौरान अचानक ऊपर से गिरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से तीन युवक बुरी तरह झुलस गए। एक घोड़े की मौके पर ही मौत हो गई ? तीनों युवकों को गंभीर हालत में पूरनपुर सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने गंभीर घायल में दो युवकों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नगर से सटे गांव सिमरिया तालुके महाराजपुर में ताजिए को लेकर गांव में लंगर दादी का आयोजन किया गया था। लंगरदारी के समापन के बाद टेंट को खोलने का काम चल रहा था।टेंट को नगर मोहल्ला ढका में पहुंचाना था। गांव के ही आलम शाह,मोहम्मद आसिफ ,राजीव नगर निवासी हशमत टेंट को खोलकर तांगे पर लाद रहे थे। इसी दौरान पड़ोस से निकली हाई टेंशन लाइन का तार टूट कर टेंट के ऊपर गिर गया।टेंट का पोल पकड़कर खड़े आसिफ, आलमशाह व तांगा चालक हसमत करंट की चपेट में आ गया।करंट की चपेट में आने से तीनों युवक गंभीर रूप से झुलस गए।टेंट लादने के लिए खडे घोड़े की भी करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो। आनन-फानन में परिजनों ने युवकों को रेत में दबाकर घरेलू नुस्खे से उपचार शुरू कर दिया। हालत बिगड़ने पर सूचना एंबुलेंस को दी?। करंट से झुलसे युवकों को आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आशुतोष रघुवंशी भी मौके पर पहुंच गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो गंभीर घायल युवकों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक युवक की हालत में सुधार होने पर घर भेज दिया गया। जिला अस्पताल में दोनों युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ भारी रोष है।

संगम की रेती पर लक्खा के सुर का जादू सिर चढ़कर बोला

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

संगम की रेती शनिवार की रात भक्ति और श्रृद्धा से सरोबार रही। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित गंगा संस्कृति यात्रा के तहत प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने भजनों से ऐसा समां बांधा कि बजरंगबली के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हो उठा। तालियों की गडगड़ाहट के बीच मंच पर पहुंचे लखबीर सिंह लक्खा ने शिव वंदना के साथ भजन संध्या की शुरूआत की। उन्होंने पार ना लगोगे श्रीराम के बिना, राम ना मिलेगे हनुमान के बिना। इसे सुनकर श्रोता झूम उठे। श्री राम जानकी बैठे हैं, लाल लंगोटा, लाल सिंदूरी बदन पे साजे है। भजन की प्रस्तुति ने श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी नरेश गिरी महाराज एवं स्वामी राजेन्द्र पुरी महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का आगाज कविता निगम ने सत्यम शिवम सुन्दरम, हे शम्भू बाबा मेरे भोलेनाथ भजन की प्रस्तुति से की। इसके बाद उन्होंने मेरा दिल तो दीवाना हो गया पर खूब तालियां बटोरी। लक्खा के सुरों का जादू और उनके मुख बिंदु से बजरंग बली की महिमा का गान सुनने के लिए शाम छह बजे से ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई। श्याम के बिना तुम आधी तुम्हारे बिना श्याम आधे। मैं श्याम की दीवानी हूं, श्याम के सिवाय न कोई तीनों लोक में कोई न ऐसा जो तेरे सामने टिक पाता। संगत के साथ सुरों के मिलन पर इसका लुफ्त ले रहे हजारों दर्शक और श्रोता झूम उठे। श्रोताओं के उत्साह को देखते हुए लखबीर सिंह लक्खा ने एक के बाद एक सुपरहिट भजन गाये जिन पर श्रोता देर रात तक झूमते रहे। संगत कलाकारों में शुभेन्दु सिंह, शाहिद, धीरेन्द्र, मनोज भट्ट, दुर्गेश कुमान आदि ने साथ दिया। इस अवसर पर केंद्र के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय पुरषार्थी ने किया।

पूरनपुर के कई सरकारी स्कूलों के शिक्षकों ने शासन के आदेश को दिखाया ठेंगा

जन एक्सप्रेस । प्रशांत शर्मा

पूरनपुर। शनिवार को बेसिक के स्कूलों को खोलने और प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण बच्चों को दिखाने के निर्देश हुए लेकिन पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों के शिक्षकों ने इस आदेश को ठेंगा दिखागया। शिक्षकों ने मनमानी के चलते स्कूल नहीं खोले जिससे बच्चों को बैरग होना पड़ा। इसको लेकर अभिभावकों में भी नाराजगी देखी गई। उनका कहना है कि अगर विभागीय अधिकारी सही से जांच करें तो शिक्षकों की मनमानी उजागर होना तय है। जिम्मेदार अधिकारी पर भी उदासीनता के आरोप लग रहे हैं। बेसिक शिक्षा परिषद से पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र के करीब 397 परिषदीय स्कूल चल रहे हैं। सरकार की तरफ से बच्चों की शिक्षा का स्तर मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है लेकिन अधिकांश स्कूलों में शिक्षकों की मनमानी और उदासीनता के चलते बच्चों को न तो योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है और न ही शिक्षा गुणवत्ता मजबूत हो रही है। शिक्षकों की मनमानी इस कदर रहती है कि विभागीय अधिकारियों की बात छोड़िए शासन के आदेशों को भी हवा में उड़ा देते हैं। शनिवार को भी अधिकांश स्कूलों के शिक्षकों की मनमानी सामने आई। ऐसा ग्रामीणों का आरोप है। बताते हैं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ पर 29-30 जुलाई को दिल्ली में अखिल भारतीय शिक्षा समागम को लेकर बेसिक के स्कूलों में शनिवार को मोहर्रम की बजह से होने वाली छुट्टी को निरस्त कर दिया गया। इस दिन प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण बच्चों को दिखाने के निर्देश हुए। इसका कुछ ही स्कूलों में पालन हुआ। जबकि अधिकांश स्कूलों में ताले लटके रहे। गांव मोहनपुर जत्ती के ओमनाथ, शिवपाल का कहना है कि स्कूल न खुलने से बच्चों को वापस होना पड़ा। सुआबोझ के स्कूल में भी ताला लटका रहा। रंपुरा कोन में स्कूल खुला लेकिन बच्चों के लिए एमडीएम नहीं बना। सेहरामऊ उत्तरी, ट्रांस शारदा क्षेत्र में भी कई स्कूल बंद रहे। बीईओ विजय वीरेंद्र सिंह का कहना है कि स्कूल बंद रहने की जानकारी नहीं है। जांच कराई जाएगी। अगर शिक्षकों ने आदेश का पालन न करने का आरोप सही पाया गया जो कार्रवाई की जाएगी।

पाकिस्तान की लाहौर जेल में बंद है सदर क्षेत्र का रहने वाला युवक

जन एक्सप्रेस। दीप कृष्ण शुक्ला

- तीन साल पहले घर से हुआ था लापता, परिजन ने खूब की खोजबीन
- मानसिक रूप से बीमार के पाकिस्तान पहुंचने की बात से हतप्रभ हैं लोग
- दूतावास ने सत्यापन के जिला प्रशासन को दिए निर्देश तब हुई जानकारी


लापता सूरज पाल का फाइल फोटो।

गांव के घर के बाहर मौजूद मां और पत्नी।

परिवार की स्थिति दयनीय, पिता की पेंशन से हो रहा गुजारा

लाहौर जेल में बंद सूरजपाल के परिवार की स्थित बहुत अच्छी नहीं है। मां शांती देवी को पिता की मिलने वाली पेंशन के सहारे ही गुजर बसर हो रहा है। थोड़ी बहुत खेती भी है जिससे कुछ सहारा हो जाता है। बेटा पिंटू अभी पढ़ाई कर रहा है। इसी साल उसने इंटर की परीक्षा पास कर स्नातक में दाखिला लिया है।

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी मानसिक बीमार युवक तीन साल पहले लापता हुआ था। अब उसके पाकिस्तान की लाहौर जेल में बंद होने की सूचना से परिजन हलकान है। इसकी जानकारी तब हुई जब दूतावास से युवक का सत्यापन कराने का निर्देश जिला प्रशासन को मिला। राजस्व व पुलिस की एलआईयू ने परिजनों से संपर्क किया तो युवक सदर कोवताली क्षेत्र के सुल्तानखेड़ा गांव का निवासी पाया गया।

कोतवाली क्षेत्र के वार्ड 11 के मोहल्ला सुल्तानखेड़ा निवासी सूरजपाल (45) पुत्र स्व. उमाशंकर मानसिक रोगी था। परिजनों ने उसका कानपुर, लखनऊ और आगरा में भी इलाज कराया लेकिन कोई लाभ नहीं मिला। अक्सर से घर से बिन बताए गायब हो जाता था और महीनों बाद स्वतः लौट भी आता था। सीएमओ आफिस से सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पिता उमाशंकर की मौत नवंबर 2020 में हुई। इसके ठीक एक माह बाद सूरजपाल फिर लापता हो गया। पत्नी और परिवार के लोगों ने खूब खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। फरवरी 2021 में बीएसएफ के जरिए परिजनों को उसके जम्मू के आरएस पुरा में होने की जानकारी मिली। पत्नी चचेरे देवर रमेश के साथ वहां गयी भी लेकिन वहां उसके पाकिस्तान में होने की बात पता चली। जिससे निराश होकर परिजन सब कुछ भगवान के भरोसे छोड़ कर वापस आ गए। हाल ही में पाकिस्तानी दूतावास ने भारतीय दूतावास को सूरजपाल के बताए अनुसार पते की जानकारी दी। तस्दीक के लिए भारतीय दूतावास ने जिला प्रशासन को सत्यापन कराने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग और पुलिस की एलआईयू टीम ने जब गांव में परिजनों से संपर्क किया तो मामला सही पाया गया। जिला प्रशासन के मुताबिक सूरजपाल पाकिस्तान की लाहौर जेल में बंद है। उसके पाकिस्तान की जेल में बंद होने की खबर से मां शांति देवी, पत्नी सुरजा देवी व बेटे पिंकू समेत परिवार के लोग व्याकुल हैं।

पूर्व में कई बार महीनों तक गायब रह चुका है सूरजपाल

चचेरे भाई रमेश ने बताया कि सूरज पाल शादी के पहले से ही मानसिक बीमार था। अक्सर घर से वह कई कई महीनों तक गायब रहता था। उसे इलाज के लिए जब आगरा भेजा जा रहा था तो वह रास्ते में गाड़ी से कूद कर भाग गया था। मानसिक बीमार होने के बावजूद वह अपना नाम पता नहीं भूलता था। इसी के चलते कई बार वह वापस घर पहुंच गया लेकिन सीमा पार करने के बाद उसकी सहज वापसी नहीं हो सकी।

बड़ा सवाल: आखिर कैसे पहुंचा पाकिस्तान!

सूरजपाल के पाकिस्तान पहुंचने में कहीं न कहीं बड़ी चूक भी हुई है! चचेरे भाई रमेश के मुताबिक बीएसएफ के अधिकारी ने उन्हें सूरजपाल के जम्मू में होने की बात बताई थी। जिस पर वह भाई सूरजा देवी को लेकर जब जम्मू के आरएस पुरा पहुंचा तो वहां उसे सूरज पाल के पाकिस्तान में होने की जानकारी मिली। ऐसे में यह सवाल खड़ा होता है कि जब वह जम्मू में था तो आखिर पाकिस्तान कैसे पहुंच गया?

कृषि अधिकारियों ने जांची खाद की दुकानें, 17 नमूने जांच को भेजे

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

कृषि विभाग के अधिकारियों ने जनपद में खाद दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 38 दुकानों में जांच की गई और 17 खाद नमूने लिए गए।

शासन के निर्देश पर शनिवार को जनपद के थोक व फुटकर खाद विक्रेताओं के यहां छापा मारा गया। उपनिदेशक कृषि डॉ. मुकुल तिवारी ने हसनगंज व पुरवा तहसील क्षेत्रों में संचालित दुकानों में जाकर जांच की। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा ने सफीपुर व बांगरमऊ, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास शुक्ला ने बीघापुर और एसडीओ विकास किशोर ने सदर तहसील क्षेत्र की दुकानों में छापा मारा। कुल 38 दुकानें चेक की गईं। जिसमें संदिग्ध स्टॉक मिलने पर 17 खाद के नमूने लिए गए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं बताया कि निजी क्षेत्र की कृभको कंपनी की 2650 एमटी यूरिया की रैक आ गई है। जिसे निजी दुकानों में भेजा जा रहा है। जल्द ही किसानों में वितरण शुरू करा दिया जाएगा। बताया कि डीएपी की भी जल्द एक रैक आने वाली है। इसलिए किसानों को घबड़ाने की जरुरत नहीं है। जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता हो जाएगी।

फास्ट फॉरवर्ड

कूड़ा डालने खेत जा रहे किसान की सर्प दंश से मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह कूड़ा फेंकने खेत जा रहे किसान को सांप ने डंस लिया। किसी तरह उसने घर पहुंच कर परिजनों को यह बात बताई। उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि वह वहीं पर गिर गया और उसकी मौत हो गयी। मामले की जानकारी पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सफीपुर कोतवाली की परियर चौकी क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर गांव निवासी सुधीर कुमार (47) पुत्र स्व. मेढीलाल खेती किसानी कर परिवार को भरण पोषण करता था। शनिवार सुबह वह मवेशियों के पास साफ सफाई कर गोबर व अन्य कूड़ा लेकर खेत पर अपने घूर में डालने जा रहा था। रास्ते में उसे सांप ने डंस लिया। सुधीर ने किसी तरह घर पहुंच कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। बड़े भाई रामचंद्र ने बताया कि घर पहुंच कर जानकारी देने के बाद भाई वहीं पर गिर गया और उसके मुंह से झाग निकलने के साथ ही शरीर ठंडा पड़ गया। सुधीर की मौत पर पत्नी माधवी और बच्चे आदित्य व रिया का रो रोकर बुरा हाल है। परियर चौकी प्रभारी अखिलेश यादव ने बताया कि परिजनों ने सर्पदंश से मौत होने की तहरीर दी है। जिस पर नियमानुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मोबाइल शाप का शटर काट कर चोरों ने 1.60 लाख का माल किया पार

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के खेमईखेड़ा गांव में बीती रात चोर मोबाइल की दुकान का शटर काटकर करीब 1.60 लाख कीमत के फोन व एक्सेसरीज उठा ले गए। पीड़ित घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। थाना व कस्बा अचलगंज निवासी संतोष कुमार पुत्र भाने ने बीघापुर कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि क्षेत्र के खेमईखेड़ा में उसकी टेलीकाम की दुकान है। शुक्रवार की रात चोरों ने उसकी दुकान का शटर काटकर 10 स्मार्टफोन, 20 कीपैड मोबाइल, 10 नेक बैंड, 5 ईयर बड, 2 स्मार्ट वॉच, 5 पॉवर बैंक सहित लगभग 1.60 लाख का माल पार कर दिया। कोतवाल बृजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि सूचना मिली है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

सड़क किनारे पड़ा मिला अज्ञात वृद्ध का शव

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के बरवाखुर्द गांव के पास बीती रात एक वृद्ध अचेत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों से तमाम प्रयासों के बावजूद मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को मर्चरी भिजवाया है। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि मृत वृद्ध की शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रयास किए जा रहे हैं। प्रथम दृष्टया मृतक मानसिक विक्षिप्त प्रतीत हो रहा है।

भागवत कथा में किया कृष्ण सुदामा की मित्रता का बखान

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। कंचन नगर स्थित कंचना माई मंदिर में चल रही भागवत कथा के दौरान शनिवार को कथा व्यास ने श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की कथा का बखान किया। जिसे सुन वहां मौजूद श्रोताओं की आंखे भर आई। भागवत कथा के दौरान कथा व्यास विमल जी महाराज ने कहा कि सुदामा पत्नी के आग्रह पर मित्र द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे। द्वारपालों ने उन्हें भिक्षा मांगने वाला समझकर द्वार पर रोक दिया। उन्होंने द्वारपालों को बताया कि द्वारिकाधीश के मित्र हैं। द्वारपालों ने जाकर श्रीकृष्ण को जानकारी दी। बताया कि उनसे मिलने आया है जो अपना नाम सुदामा बता रहा है। सुदामा का नाम सुनते ही श्रीकृष्ण सुदामा-सुदामा कहते हुए द्वार की तरफ दौड़े। सुदामा को सीने से लगा लिया और दो लोको का मालिक बना दिया।

फोरलेन पर ताजिया जुलूस निकलने से लगा जाम

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। शनिवार दोपहर के समय नगर के मुस्लिम क्षेत्रों से लोग ताजिया लेकर फोरलेन पर निकले। भारी भरकम जुलूस निकलने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। इस दौरान कुछ वाहन सवार दूसरी लेन से निकलने लगे। जिससे वहां भी जाम लग गया। भीषण जाम को देख मौजूद पुलिस कर्मियों ने रूट डायवर्जन किया। इसके बावजूद दोपहर से शाम तक रूक रूक कर जाम लगता रहा। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर आरओबी का कार्य होने के कारण पूरे दिन रूक रूक कर जाम लगता रहा। जिससे वाहन सवार खासे परेशान रहे। जाम में तमाम वीआईपी और एम्बुलेंस भी फंसी रही।

लाइन मैन बिजली की मरम्मत के दौरान घायल

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। श्री नगर निवासी राजनीश पांडे उर्फ गोरे लाल शुक्लागंज विद्युत सब स्टेशन में संविदा लाइन कर्मी हैं। रात करीब दो बजे प्रेम नगर में तार टूटने की सूचना मिली। जिस पर वह बिजली कर्मियों के साथ मरम्मत करने पहुंचा। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह सीढ़ी से जमीन पर आ गिरा। यह देख साथी कर्मी आनन फानन उसे इलाज के लिये एक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसके एक हाथ में दो जगह से फैक्चर हो गया। घटना की जानकारी पर एसडीओ राजेन्द्र कुमार, जेई विष्णु शुक्ला भी अस्पताल पहुंचे। जिसके बाद शनिवार को उसके हाथ का ऑपरेशन कराया गया।

सड़क हादसों में युवक और अधेड़ की मौत

हसनगंज व अजगैन कोतवाली क्षेत्रों में हुए हादसे

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

अलग अलग सड़क हादसों में अधेड़ और युवक की मौत हो गयी। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया जबकि अजगैन कोतवाली क्षेत्र में पैदल हाइवे पार कर रहे युवक अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसों की जानकारी पर संबंधित कोतवाली पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पोस्टमार्टम हाउस में बदहवास खड़ी मृतक दीपू की मां सरजू देवी।

केस एक

जनपद सीतापुर थाना सिधौली निवासी हफीजुल रहमान (55) पुत्र स्व. हसमत अली शनिवार सुबह पांच बजे बाइक से हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज स्थित अपनी ससुराल में मोहर्रम का जुलूस देखने आ रहा था। इसी बीच मोहान की तरफ से लखनऊ जा रहे तेज रफ्तार डंपर के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सहित अधेड़ डंपर के नीचे दब गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक हफीजुल की पत्नी सन्नो सहित एक बेटी अरहमा रो रोकर बेहाल है। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में अधेड़ की मौत हुई है। परिजनों ने अभी तक तहरीर नही दी है। डंपर कब्जे में ले लिया गया है।

केस दो

अजगैन कोतवाली के दौलतखेड़ा गांव निवासी दीपू (20) पुत्र स्व. शिव बहादुर को बसीरतगंज के पास कानपुर लखनऊ हाइवे पार करते समय बीती देर शाम अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची अजगैन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के समय वह वहीं पास ही स्थित जूते के अपर बनाने वाली फैक्ट्री से ड्यूटी कर घर के निकला था। मृतक इकलौता बेटा और अविवाहित था। उसकी दो बहनों पूजा और तनूजा का विवाह हो चुका है। पति के बाद अब इकलौते बेटे को खोने के सदमे से सरजू देवी बदहवास है।

नवागत स्वाट प्रभारी व कोतवाली पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का किया भंडाफोड़

चोरी की 17 बाइकों के साथ चार शातिर वाहन चोर हुए गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवागत स्वाट प्रभारी ने सदर कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर बड़ी सफलता हासिल की है। संयुक्त टीम ने वाहन चोर गिरोह का भांडाफोड़ करते हुए चार शातिरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी 17 बाइके बरामद की है। चारों पर सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

हाल ही में स्वाट की कमान मिलने के बाद प्रभारी देवी प्रसाद तिवारी ने सदर कोतवाल अश्वनी कुमार मिश्र और सर्विलांस टीम की मदद से बड़े वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है। एएसपी शशि शेखर सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में इसका खुलासा करते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर अचलगंज तिराहे पर चेकिंग के दौरान दो बाइकों पर सवार ललित यादव पुत्र शंकरलाल निवासी धर्मपुर सुसवन खुर्द थाना अशोधर जिला फतेहपुर, शिवा शुक्ला पुत्र अवधेश कुमार शुक्ला निवासी कल्याणी देवी खजुरिया बाग थाना कोतवाली सदर, शिवा तिवारी पुत्र अजय तिवारी निवासी कल्याणी देवी खजुरियाबाग को पकड़ा गया। बाइकों के कागज न दिखा पाने पर उन्हें हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उन्होंने शहर व कानपुर से बाइक चोरी कर कर उन्हें बेंचने की बात स्वीकार की। चोरी की 15 और बाइके कानपुर लखनऊ हाईवे से पीडी नगर के रास्ते पर यूडीए के खंडहर में छिपे होने की भी जानकारी उन्होंने दी। साथ ही यह भी बताया कि बाइकों निगरानी उनका साथी संदीप विश्वकर्मा पुत्र अनिल कुमार निवासी सकहन थाना सफीपुर कर रहा है। पुलिस ने उनकी निशानदेही साथी संदीप को गिरफ्तार करते हुए खंडहर से चोरी की 15 बाइकें और बरामद की। एएसपी के मुताबिक बरामद बाइकों के संदर्भ में सदर कोतवाली में अलग अलग अभियोग दर्ज है। चोरी की कुल 17 बाइकों के साथ गिरफ्तार किए गए चारों वाहन चोरों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

वार्ता में जानकारी देते एएसपी शशि शेखर सिंह व बरामद बाइकें।

सीएसए में 1 अगस्त तक चलेगा टेक फेस्ट कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय इटावा के छात्रों और संकायों के सहयोग से 30 जुलाई से 1 अगस्त तक तीन दिवसीय प्रथम वार्षिक टेक फेस्ट आयोजित किया जा रहा है। बताते चले कि यह फेस्ट ज्ञान, कौशल और प्रदर्शन उत्कृष्टता को एक साथ समाहित करेगा तथा इसमें क्विज , तकनीकी प्रस्तुतिकरण, वाद विवाद प्रतियोगिता के साथ विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी कार्यक्रम किए जायेंगे। इस आयोजन में जिलाधिकारी अवनीश राय सहभागिता करेंगे। वही इसके माध्यम से छात्रों को किसी भी मौजूदा महत्वपूर्ण समस्या का समाधान प्रदान करने के लिए अपना दिमाग लगाने और विचार-मंथन करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

नम आंखों से कर्बला में सुपुर्द ए खाक किए गए ताजिया

मातमी सदाओं से माहौल हुआ गमगीन, सुरक्षा के दिखे कड़े इंतजाम

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

मोहर्रम के मौके पर जिले भर में मातमी जुलूस निकाले गए। जुलूस के दौरान या हुसैन की सदाओं ने पूरा माहौल गमगीन किया। बाद इसके कर्बला में ताजियों का सुपुर्देखाक कर दिया गया। सभी स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस और प्रशानिक अधिकारियों के साथ जन प्रतिनिधि भी जुलूस के साथ मौजूद नजर आए।

मोहर्रम की दस तारीख यौमे आशूरा का दिन जिले भर में ग़मगीन माहौल के साथ मनाया गया। सुबह उठे जुलूसों मे इमाम हुसैन के चाहने वालों की भारी भीड़ रही जो देर शाम तक नजर आयी। कर्बला के शहीद इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों की याद में मोहर्रम की पहली तारीख से शुरू हुआ मजलिसो मातम का दौर शनिवार मोहर्रम की दस तारीख यौमे आशुरा के दिन भी जारी रहा शनिवार को इमाम हुसैन के चाहने वाले अज़ादारो के घर इमामबाड़ो मे सजे ताजियो को या अली या हुसैन के गगन चुम्मबी नारो के साथ नौहाख़ानी व सीनाज़नी करते हुए कर्बला मे ले जाकर सुपुर्द ए ख़ाक कर दिया गया। शहर में छोटा चौराहा से अलम का जुलूस उठा। जुलूस ने बड़ा चौराहा, धवन रोड, कसाई चौराहा होकर गदियाना और छिपियाना तक गश्त की। जुलूस के आगे दुलदुल (घोड़ा) चल रहा था। इसकी लोगों ने जियारत की। कहते हैं कि दुलदुल के कान में कही गयी हर ख्वाहिश पूरी होती है। वहीं लोगों ने चाकू गम व आंसू के बीच चाकूनशीं व तलवारबाजी भी की। बाद में सभी ताजियों को करबला में दफन किया गया। इस मौके पर रक्तदान शिविर भी लगाया गया।

यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए रूट डायवर्जन किया गया। छोटा चौराहे से किसी वाहन को आगे नहीं बढ़ने दिया गया। वाहनों को लोक नगर की ओर से भेजा गया। वहीं आवास विकास से आने वाले वाहनों को हरदोई पुल से डायवर्ट किया गया। हसनगंज संवाददाता के अनुसार कस्बा सहित नगर पंचायत मोहान व न्योतनी मे क़मा व जंजीरों का मातम करके कर्बला के शहीदों की कुर्बानी को याद किया गया। शनिवार को क्षेत्र मे रखे ताजियो को ग़मगीन माहौल मे कर्बला ले जाकर सुपुर्दगे ख़ाक कर दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए एसडीएम नवीन चन्द्र, सीओ संतोष कुमार सिंह, कोतवाल राजेश सिंह, कानूनगो अनिल पाण्डेय, लेखपाल अमित सिंह, लेखपाल मनोज अवस्थी सहित दो दर्जन महिला व पुरूष पुलिस फोर्स तैनात रहा। इस मौके पर चेयरमैन मोहान समरजीत यादव, बाबी भाई, सुनील पाठक, चाँद मोहम्मद, मो. रिजवान, सईद अहमद, ताजुद्दीन, मो. ईरशाद, अजय, आरिफ अनवर, गुलजार अख्तर, कमर आफताब, राहत अबास, हरि प्रकाश सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

बिल्हौर सीएचसी में घुसकर डॉक्टर से अभद्रता व जान से मारने की धमकी

कोई कार्रवाई ना होने पर नाराज डॉक्टर ड्यूटी छोड़ कर घर गए

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे फिर डॉक्टर पर हमला हुआ पिछले वर्ष महिला डॉक्टर सुनीता गौतम पर हमला हो चुका जिस पर कानपुर जिले के सभी डॉक्टर और यूनियन सहित स्टाफ ने एकजुट होकर प्रार्थना पत्र दिया था और काम ना करने की धमकी भी दी थी जिसके चलते बाद में मुकदमा पंजीकृत हुआ था उस प्रकरण में भी अधीक्षक डॉ दिलीप सिंह कटियार समझौते का दबाव बनाते रहे थे। इसी तरह से पुनः तैनात डा सैफ ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि शनिवार की सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी कर रहे थे तभी बिल्हौर के सुभानपुर ग्राम प्रधान श्याम बिहारी उर्फ दारा कटियार अपने 10 से 12 साथियों के साथ पहुंचकर अस्पताल के अंदर डॉक्टर सैफ से अभद्रता करने लगे और गाली गलौज करने लगे इसके साथ ही डॉक्टर को जान से मारने की धमकी भी दी इस दौरान अस्पताल में रखी दवाइयों में भी तोड़फोड़ शुरू कर दी मामले की जानकारी होते हुए ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बड़ा हड़कंप मच गया जिसके बाद सभी डॉक्टरों ने अपने कार्य बहिष्कार के नारे लगाने लगे बाद में डॉ सैफ ने बिल्हौर कोतवाली में आरोपी ग्राम प्रधान के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया है । अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हुए डॉक्टर ड्यूटी छोड़कर लखनऊ चले गए उन्होंने कहा नौकरी से ज्यादा हमें अपनी जान प्यारी है स्टाफ स्टाफ के लोग ही यहां पर राजनीत कर रहे हैं अधीक्षक आज अस्पताल में आए नहीं हैं। इधर पूरे मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ दिलीप कटियार ने बताया कि डॉक्टर के साथ की गई घटना खेद जनक है यदि ठोस कार्रवाई ना हुई तो सभी डॉक्टर हड़ताल पर जाएंगे और कार्य बहिष्कार करेंगे इधर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

कार सवारों टकराया छुट्टा मवेसी, कई लोग हुए घायल

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग स्थित पक्षी विहार के पास एक छुट्टा मवेसी से टकराकर कार सवार विपुल त्रिवेदी पुत्र विजय कुमार निवासी नौबस्ता और दो युवतियां सुनैना पुत्री शिवराज सिंह निवासी जरीब चौकी और काजल पुत्री ओमप्रकाश निवासी विजय नगर कानपुर को काफी चोटे आयी हैं। सूचना पर पंहुची पुलिस ने तीनों को नवाबगंज सीएचसी पंहुचाया। जहां से कानपुर रिफर किया गया। बताते हैं काफी समय तक दोनो लड़किया अपना नाम बताने से कतराती रही। जब चिकित्सक ने इलाज करने से मना कर दिया तो नाम बताया। चौकी इंचार्ज रवि मिश्रा ने बताया की घायलो को कानपुर भिजवा दिया गया है।

गंगाघाट क्षेत्र के मुस्लिम इलाकों से निकला जुलूस, युवाओं ने दिखाए करतब

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट में मोहर्रम के अवसर पर शनिवार को उन्नाव, गंगाघाट क्षेत्र के मुस्लिम इलाकों से लोगों ने जुलूस निकाला। जगह-जगह जुलूस का इस्तकबाल किया गया। इस दौरान युवाओं ने करतब भी दिखाए। इसके बाद गमगीन आंखों से ताजिया को कर्बला में दफन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस व राजस्व कर्मी जुलूस के साथ मौजूद रहे। जुलूस निकलने के दौरान जगह-जगह पर रूट डायवर्जन भी किया गया, जिससे वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। दसवीं मोहर्रम में हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों की शहादत पर ताजिये का जुलूस गंगाघाट क्षेत्र के जगह-जगह निकाली गई। आंखों में आंसू, सीने पर मातम, जुंबा पर या हुसैन-या हुसैन की सदाओं के बीच लोग चल रहे थे। अजादर काले कपडें पहने थे। जगह-जगह शकीलें का आयोजन किया गया। अजादारों ने बताया कि कर्बला के इतिहास से मालूम होता है कि यह महीना कुर्बानी, गमखारी और भाईचारगी का है। क्योंकि हजरत इमाम हुसैन रजि. ने अपनी कुर्बानी देकर पुरी इंसानियत को यह पैगाम दिया है कि अपने हक को माफ करने वाले बनो और दुसरों का हक देने वाले बनो। आज जितनी बुराई जन्म ले रही है, उसकी वजह यह है कि लोगों ने हजरत इमाम के इस पैगाम को भुला दिया। हज़रत इमाम हुसैन, उनके परिवार और साथियों की शहादत यह जाहिर करती है कि दीन (इस्लाम) की हिफाज़त कितना मुश्किल काम है।

नड्डा की नई टीम का एलान, 38 नाम

बीएल संतोष राष्ट्रीय महामंत्री, वसुंधरा, रमन उपाध्यक्ष, कांग्रेस से आए एंटनी के बेटे को भी जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने अपने केंद्रीय पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी है। इसमें अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव और आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कई समीकरणों का ध्यान रखा गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की नई टीम में 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आठ राष्ट्रीय महामंत्री, एक राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन), एक राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री, एक कोषाध्यक्ष, एक सह-कोषाध्यक्ष और 13 राष्ट्रीय सचिव के नामों का एलान किया गया है। हालांकि, नई सूची में ज्यादातर पदाधिकारियों को उपाध्यक्ष, महासचिव और सचिव के पद पर बरकरार रखा गया है। भाजपा की ओर से जारी सूची में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास और सौदान सिंह को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कैलाश विजयवर्गीय, अरुण सिंह और तरुण चुग को महामंत्री बनाया गया है। इसके साथ ही बीएल संतोष को राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन), शिवप्रकाश (लखनऊ) को राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री, राजेश अग्रवाल (उत्तर प्रदेश) को कोषाध्यक्ष और नरेश बंसल (उत्तराखंड) को सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इनकी छुट्टी हुई

आंध्र प्रदेश के प्रभारी सुनील देवधर, सीटी रवि और दिलीप सैकिया को भी महामंत्री पद से हटाया गया है। सह कोषाध्यक्ष पद से मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता को हटाया गया है। उनकी जगह नरेश बंसल को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

इस टीम की 4 बड़ी बातें

- नई टीम में 13 राष्ट्रीय सचिव बनाए गए हैं। 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और 8 राष्ट्रीय महामंत्री भी बनाए गए हैं।
- यूपी से सबसे ज्यादा 6 नाम हैं। सांसद सुरेन्द्र सिंह नागर, रेखा वर्मा, लक्ष्मीकांत बाजपेई और विधान परिषद सदस्य तारिक मंसूर हैं। तारिक अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर रहे हैं। इनके अलावा राधामोहन अग्रवाल, अरुण सिंह को भी जिम्मेदारी दी गई है।
- तेलंगाना से संजय बंदी को टीम शामिल किया गया है। एमपी, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में इस साल के आखिर तक चुनाव होने हैं।
- मध्यप्रदेश से तीन नेताओं को उनके पद पर बरकरार रखा गया है। कैलाश विजयवर्गीय राष्ट्रीय महामंत्री बने रहेंगे। इसी तरह सौदान सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ओमप्रकाश धुर्वे भी राष्ट्रीय सचिव के पद पर बरकरार रहेंगे।

13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए

नाम	प्रदेश
डॉ. रमन सिंह, विधायक	छत्तीसगढ़
वसुंधरा राजे, विधायक	राजस्थान
रघुबर दास	झारखंड
सौदान सिंह	मध्य प्रदेश
बैजयंत पांडा	ओडिशा
सरोज पांडे, सांसद	छत्तीसगढ़
रेखा वर्मा, सांसद	उत्तर प्रदेश
डीके अरुण	तेलंगाना
एम. चौबा एओ	नगालैंड
अब्दुल्ला कुट्टी	केरल
लक्ष्मीकांत बाजपाई, सांसद	उत्तर प्रदेश
लता उसेंडी	छत्तीसगढ़
तारिक मंसूर, विधान परिषद सदस्य	उत्तर प्रदेश

13 राष्ट्रीय सचिवों के नाम भी घोषित

नाम	प्रदेश
विजया राहटकर	महाराष्ट्र
सत्या कुमार	आंध्र प्रदेश
अरविंद मेनन	दिल्ली
पंकजा मुंडे	महाराष्ट्र
नरेंद्र सिंह रैना	पंजाब
डॉ. अल्का गुर्जर	राजस्थान
अनुपम हाज़रा	पश्चिम बंगाल
ओमप्रकाश धुर्वे	मध्य प्रदेश
ऋतुराज सिन्हा	बिहार
आशा लाकड़ा	झारखंड
कामख्या प्रसाद तासा, सांसद	असम
सुरेंद्र सिंह नागर, सांसद	उत्तर प्रदेश
अनिल एंटनी	केरल

आठ राष्ट्रीय महामंत्रियों के नाम का एलान

नाम	प्रदेश
अरुण सिंह, सांसद	उत्तर प्रदेश
कैलाश विजयवर्गीय	मध्य प्रदेश
दुष्यंत कुमार गौतम	दिल्ली
तरुण चुग	पंजाब
विनोद तावड़े	महाराष्ट्र
सुनील बंसल	राजस्थान
संजय बंदी, सांसद	तेलंगाना
राधामोहन अग्रवाल, सांसद	उत्तर प्रदेश

इन्हें बनाया प्रदेश महामंत्री संगठन

नाम	प्रदेश
फणींद्र नाथ शर्मा	हरियाणा
जीआर रवींद्र राजू	असम व त्रिपुरा
विवेक दधकर	अंडमान निकोबार

वसुंधरा को संगठन में पुराने पद पर बरकरार रखा, चुनावी साल में सियासी मैसेज

वसुंधरा राजे को पुराने पद पर बरकरार रखा गया है। वे इससे पहले भी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थीं। राजस्थान में इस साल होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय संगठन में उन्हें पुरानी जिम्मेदारी पर बरकरार रखकर सियासी मैसेज दिया गया है। संगठन में वसुंधरा को पुराने पद पर बनाए रखकर कद बरकरार रखा गया है। पार्टी ने यह भी संकेत देने का प्रयास किया है कि राजस्थान में सामूहिक लीडरशिप में चुनाव लड़ा जाएगा। पहले से चेहरा घोषित नहीं करने के संकेत पहले ही दिए जा चुके हैं। वसुंधरा राजे को राष्ट्रीय स्तर पर भी टास्क दिया जा सकता है। अब राजस्थान की चुनावी कमेटियों की घोषणा का इंतजार है, चुनावी कमेटियों में वसुंधरा राजे के रोल से भी सियासी नैरेटिव तय होगा।

बीएल संतोष 2019 से महामंत्री पद पर

बीएल संतोष का पूरा नाम बोम्मराबेट्टु लक्ष्मीजनार्दन संतोष है। वे कर्नाटक के रहने वाले हैं। वे शिवल्ली ब्राह्मण समुदाय से आते हैं। उन्होंने इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी में इंजीनियरिंग की है। संतोष 1993 में आरएसएस के पूर्णकालिक प्रचारक बन गए थे। संतोष को 2014 में बीजेपी के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह ने दक्षिणी राज्यों का प्रभारी राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री (संगठन) बना दिया था। इसके बाद 15 जुलाई 2019 को भाजपा में महामंत्री (संगठन) बने थे।

आई फ्लू खतरनाक बिमारी नहीं

यूनानी चिकित्सा में है आई फ्लू का आसान ईलाज

डॉ. लियाकत अली मंसूरी
विख्यात न्यूरो यूनानी चिकित्सक

जन एक्सप्रेस स्पेशल रिपोर्ट

आई फ्लू को कंजक्टिवाइटिस, पिंक आई या रेड आई या आम भाषा में आंखों का आना भी कहते हैं। आई फ्लू आंखों का संक्रमण है जो आंख की झिल्ली कंजक्टिवा (आंख की श्लेष्मा कला) में संक्रमण के कारण सूजन आने से होता हैं। यह बारिश या बाढ़ की वजह से वातारण में नमी के कारण कहीं राज्यों में तेज़ी से महामारी के रूप में फैलती हैं। वर्तमान में राजस्थान में भी पैर पसार रहा हैं।



यूनानी चिकित्सा

समय पर चिकित्सा नहीं होने से गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसलिए आंखे आने पर आपके पास पास किसी भी यूनानी चिकित्सक को तुरन्त दिखावे। कोशिश करें कि अपनी मज़ी से खुद ईलाज नहीं करें वरना बिमारी ज्यादा दिन तक रह सकती हैं। चिकित्सा यूनानी चिकित्सक की देखरेख में करना उचित रहता हैं। ये बिमारी पांच से सात दिन में ठीक हो जाती हैं। आपको निम्न सुझाव दिए जा रहे हैं...

- आंखों के दर्द व सूजन होने पर गुनगुने पानी में फिटकरी डालकर कपड़े से सेंक करें।
- गुलाब जल में एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण होने के कारण संक्रमण से लड़ने के गुण होते हैं इसलिए इसे आंखों में दो दो बूंद दिन में तीन से चार बार डाल कर थोड़ी देर के लिए आंखें बन्द रखें।
- त्रिफला को रात भर पानी में गला कर सुबह शाम आंखों को धौंयें।
- इत्रीफल शाहतरा एक एक या दो दो चम्मच सुबह शाम जल से सेवन करें।
- कुश्ता मरजान 500 मिली ग्राम सुबह शाम दें।
- प्रातः नाहर मुंह खमीरा आबरेशम हकीम अरशद वाला जल से एक एक चम्मच सुबह शाम दें।

भ्रम: किसी की आंखों में देखने से आई फ्लू हो जाता हैं।
लक्षण: आंखें में लालपन , खुजली , जलन, सूजन, दर्द या स्राव निकलने से आंख चिपचिपी या चिपक जाती हैं और आंखों में चुभन, आंखों से पानी निकलता है, बुखार या ठंड लगना भी हो सकता हैं। कुछ मामलों में लक्षण गंभीर भी हो सकते हैं।
सावधानियां: यह संक्रामक बिमारी है जो संक्रमित व्यक्ति या उसके आंसूओं के सम्पर्क में आने से फैलता है। इसलिए दूसरों से सम्पर्क से बचें और संक्रमित व्यक्ति के खाँसने , छींकने के दौरान दूर रहें और उससे हाथ भी नहीं मिलाएं दूर से ही अभिवादन करें। संक्रमण होने पर एक सप्ताह घर पर ही आराम करें वरना इसे और ज्यादा फैलने का अवसर मिलेगा। अपना तौलिया,रुमाल, चश्मा, साबून अलग रखें। आंखों को निम्न बताई चीज़ों से बार बार साफ़ करते रहें। एक आंख के संक्रमण होने पर दूसरी आंख को बचा कर रखें। कॉन्टैक्ट लेंस पहनने से बचें। मेकअप से बचें।

इसरो : पीएसएलवी-सी 56 आज भरेगा उड़ान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग के बाद अब इसरो एक और कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है। बड़ी बात यह है कि 30 जुलाई 2023 की सुबह 6:30 बजे इसरो सात सैटेलाइट लॉन्च करेगा। वहीं सभी सैटेलाइट की लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के लॉन्च पैड एक से होगी और उपग्रहों को अंतरिक्ष में पहुंचाने के लिए पीएसएलवी -सी56 रॉकेट का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं इसके बारे इसरो ने बयान दिया कि सिंगापुर के डीएस-एसएआर उपग्रह और पीएसएलवी रॉकेट पर छह सह-यात्री उपग्रहों के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शनिवार को यहां सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में शुरू हो गई। उलटी गिनती के दौरान, चार चरणों वाले वाहन में प्रणोदक भरने का कार्य किया जाएगा। 44.4 मीटर लंबा चार चरण वाला वाहन पीएसएलवी-सी56, 228 टन भार के साथ रविवार सुबह 06.30 बजे शार रेंज से प्रथम लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा।

इसरो ने बताया कि पीएसएलवी-सी55/टीलियोस-2 के अप्रैल में हुए सफल प्रक्षेपण के बाद कल के मिशन को अंजाम दिया जा रहा है और इस मिशन से सिंगापुर के लोगों की जरूरतें पूरी होंगी। पीएसएलवी-सी56 अपने साथ डीएस-एसएआर, एक रडार इमेजिंग अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट ले जाएगा, जो न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड के एक समर्पित वाणिज्यिक मिशन में छह सह-यात्री उपग्रहों के साथ प्राथमिक उपग्रह है। न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड इसरो की वाणिज्यिक शाखा है और उपग्रहों को सिंगापुर में ग्राहकों की सेवा के लिए लॉन्च किया जाएगा।

शाह ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां उन्होंने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम- मेमोरीज नेवर डाई पुस्तक का विमोचन किया। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि इंडिया 2020 विजन फॉर द न्यू मिलेनियम पुस्तक में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने भारत के विकास के रोडमैप को रेखांकित करने का काम किया। उन्होंने प्रमुख रूप से तीन बातें कहीं- भारत को अपनी क्षमता पहचानना होगा, प्रौद्योगिकी आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करना होगा और कृषि-उद्योग तथा शहर-गांव के बीच संतुलित विकास सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारे छात्रों और उनके स्टार्टअप के लिए अंतरिक्ष विज्ञान में अवसर खुले हैं। मेरा मानना है कि एपीजे अब्दुल कलाम का अंतरिक्ष विज्ञान का सपना पीएम मोदी के नए नवाचारों के कारण पूरा होगा और भारत अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पूरे विश्व का नेतृत्व करेगा।

तमिलनाडु की पटाखा यूनिट में धमाका, 8 की मौत

कृष्णागिरी जिले की घटना, आसपास के घर और दुकानों को भी नुकसान हुआ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में शनिवार को पटाखा बनाने की यूनिट में धमाका हो गया। इसमें तीन महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जिले के पझायापेट्टई में पटाखा बनाने की यूनिट में सुबह करीब 10 बजे यह हादसा हुआ। 2 महिला मजदूर पटाखा बनाने में इस्तेमाल होने वाले बारूद को उठाकर ले जा रही थीं। तभी उसमें धमाका हो गया। यूनिट में करीब 12-15 मजदूर काम कर रहे थे। इनमें से कई घायल हो गए। कितने लोग घायल हुए यह सही संख्या अभी पता नहीं चल सकी है। धमाके से लगी आग ने आसपास के घर और दुकानों को भी चपेट में ले लिया। तीन घरों को नुकसान पहुंचा है। एक होटल भी थी इसकी दीवार भी ढह गई। पुलिस, फायर ब्रिगेड और बचाव सेवाकर्मियों ने रेस्क्यू शुरू किया और घायलों को कृष्णागिरी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। इससे पहले शिवकाशी शहर में एक पटाखा बनाने की फैक्ट्री में विस्फोट होने से दो लोगों की मौत हो गई थी।

आसपास की दुकानों और घरों तक फैल गई आग

कृष्णागिरी के पुलिस अधीक्षक सरोज कुमार ठाकुर ने बताया कि पझायापेट्टई इलाके में रवि नाम के व्यक्ति की पटाखा फैक्ट्री के अंदर विस्फोट हुआ। आग आसपास की दुकानों और घरों तक फैल गई। पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान चलाया।

बीते दिन विरुधुनगर में गई थी दो की जान

पुलिस अधीक्षक ठाकुर ने बताया कि सात लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है और कुछ अन्य घायलों को इलाज के लिए नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। यहां एक और व्यक्ति की मौत हो गई है। घायलों को इलाज के लिए कृष्णागिरी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। इससे पहले मंगलवार को विरुधुनगर जिले के शिवकाशी शहर में एक पटाखा निर्माण फैक्ट्री में विस्फोट होने से दो लोगों की मौत हो गई थी।

बंगाल में नवनिर्वाचित टीएमसी पंचायत सदस्य पर बरसाईं गोलियां, मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक नवनिर्वाचित टीएमसी पंचायत सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी। उनके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति को भी गोली लगी है। वह से गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का नतीजा है या फिर इसके पीछे कोई निजी दुश्मनी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई, जब मगराहाट पूर्वी ग्राम पंचायत सदस्य मैमुर घरामी देर रात घर लौट रहे थे। बंदूकधारियों ने गोलियां बरसाने के बरद शव पर किसी नुकीली चीज से वार भी किया। घरामी के साथ गया व्यक्ति शाहजहां मोल्ला उनके पास पहुंचा, लेकिन उसे भी गोली मार दी गई।

भारतीय नौसेना का मिसाइल वाहक पोत 'खंजर' तीन दिवसीय दौरे पर गया श्रीलंका

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

खुकरी श्रेणी का स्वदेश में निर्मित भारतीय नौसेना का मिसाइल वाहक पोत पोत 'खंजर' शनिवार से श्रीलंका के पूर्वी बंदरगाह त्रिंकोमाली का तीन दिवसीय दौरे पर गया। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा के लिए साझा चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपटने के लिए और श्रीलंका नौसेना की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए यह यात्रा महत्वपूर्ण है। जहाज के कमांडिंग ऑफिसर एनवीएस फणी कुमार पूर्वी नौसेना क्षेत्र के कमांडर से मुलाकात करेंगे, जबकि वीबीएसएस, गनरी और मिसाइल संचालन पर विभिन्न पेशेवरों के बीच बातचीत होगी। बयान के अनुसार, 'लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने और लोगों को भारतीय नौसेना और इसकी क्षमताओं से परिचित कराने के लिए यह जहाज स्कूली बच्चों की यात्रा के लिए खुला रहेगा। आम लोग 30 जुलाई को त्रिंकोमाली बंदरगाह पर जहाज का दौरा कर सकेंगे। बयान में कहा गया है कि जहाज त्रिंकोमाली में योग सत्र, बीच क्लीनिंग और स्पेशल स्कूल का भी आयोजन करेगा। 31 जुलाई को प्रस्थान के बाद, त्रिंकोमाली के पास श्रीलंका नौसेना के जहाज के साथ एक समुद्री साझेदारी अभ्यास की भी योजना है।

मणिपुर में संघर्ष के पीछे विदेशी एजेंसियां : नरवणे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने मणिपुर में जारी जातीय संघर्ष में विदेशी एजेंसियों की भूमिका होने से इनकार नहीं किया है। उन्होने कहा है कि किसी सीमावर्ती राज्य में अस्थिरता की स्थिति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है। माणिपुर में जारी संघर्ष के बारे में बोलते हुए पूर्व सेना प्रमुख ने कहा, आंतरिक सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। यदि हमारे पड़ोसी देश में या हमारे सीमावर्ती राज्य में अस्थिरता है, तो वह अस्थिरता हमारी समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है। मुझे यकीन है कि जो लोग कुर्सी पर हैं और कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार हैं, वे अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहे हैं। हमें उनकी भूमिका के बारे में अनुमान लगाने से बचना चाहिए। जमीन पर मौजूद व्यक्ति सबसे अच्छी तरह जानता है कि क्या करना है? पूर्व सेना प्रमुख ने कहा, निश्चित रूप से अस्थिरता समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा निर्माण में हमारी मदद नहीं करती है और ऐसे मामलों में विदेशी एजेंसियों की भागीदारी से इनकार नहीं किया जा सकता है, बल्कि मैं कहूंगा कि यह निश्चित रूप से है। विशेष रूप से विभिन्न विद्रोही समूहों को चीनी सहायता मिल रही है। चीन वर्षों से ऐसे समूहों की मदद कर रहा है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करना हर नागरिक की जिम्मेदारी

पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के अनुसार भारत की कोई अतिरिक्त क्षेत्रीय महत्वाकांक्षा नहीं है। एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए पूर्व सेना प्रमुख ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी हर नागरिक की है। राष्ट्रीय राजधानी में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा परिप्रेक्ष्य पर एक सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व सेना प्रमुख ने आंतरिक और बाहरी दोनों सुरक्षा आयामों को रेखांकित किया।

मध्य प्रदेश का टाइगर स्टेट का दर्जा कायम

785 बाघों के साथ अव्वल, कर्नाटक में 563 बाघ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बाघ गणना के आंकड़े जारी कर दिए हैं। मध्य प्रदेश 785 बाघों के साथ अव्वल रहा है। इस तरह मध्य प्रदेश ने अपना टाइगर स्टेट का दर्जा कायम रखा है। दूसरे स्थान पर कर्नाटक है, जहां 563 बाघ हैं, जबकि उत्तराखंड में 560 और महाराष्ट्र में 444 बाघ मिले हैं। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को बाघ गणना 2022 के राज्यवार आंकड़े जारी किए। वन मंत्री ने ट्वीट कर मध्य प्रदेश को बधाई दी। उन्होंने लिखा- 'मध्य प्रदेश को बधाई! नई बाघ गणना के

✳ केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को बाघ गणना के राज्यवार आंकड़े जारी किए

आंकड़ों में 785 बाघों के साथ मध्य प्रदेश देश का सबसे अधिक बाघ वाला राज्य बना हुआ है। यह मध्य प्रदेश की बाघों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्थानीय समुदाय की भागीदारी के साथ गहन संरक्षण और निगरानी से ही यह संभव हो सका है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'अत्यंत हर्ष की बात है कि हमारे प्रदेशवासियों के सहयोग और वन विभाग के अथक प्रयासों के फलस्वरूप, चार वर्षों में हमारे प्रदेश में जंगल के राजा बाघों की संख्या 526 से बढ़कर 785 हो गई है। मैं पूरे प्रदेश की जनता को, वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण में उनके सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद और बधाई देता हूं। आइये हम सब मिलकर अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर भावी पीढ़ियों के लिए प्रकृति संरक्षण का पुनः संकल्प लें। भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने इसके 50 साल पूरा होने पर कहा, यह इस अग्रणी संरक्षण पहल (प्रोजेक्ट टाइगर) का ही नतीजा है कि आज दुनिया के 70 प्रतिशत बाघ भारत में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत जैव विविधता संरक्षण, बचाव और संवर्धन को लेकर कदम उठाने के मामले में लगातार अग्रणी रहा है।

मध्य प्रदेश में चार साल में बढ़े 259 बाघ

2006 में बाघ संरक्षण प्रयासों को गति दी गई थी। इसके बाद से लगातार बाघों की संख्या बढ़ ही रही है। 2006 में 300 बाघों के साथ मध्य प्रदेश सबसे अधिक बाघों वाला राज्य था। इसके बाद 2010 में यह घटकर 257 हो गए और तब मध्य प्रदेश का टाइगर स्टेट का दर्जा कर्नाटक ने छीन लिया था। 2014 में मध्य प्रदेश में 308 बाघ थे और 2018 में 526 बाघ। 2018 में मध्य प्रदेश ने सिर्फ दो बाघ अधिक होने की वजह से कर्नाटक से एक बार फिर टाइगर स्टेट का दर्जा छीन लिया था। इसके बाद मध्य प्रदेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। चार साल में प्रदेश में 259 बाघ बढ़े, जबकि कर्नाटक में सिर्फ 39 बाघ। अब मध्य प्रदेश और कर्नाटक का अंतर 2018 के दो बाघ से बढ़कर 2022 में 222 का हो गया है।

देश में भी इस तरह बढ़ता गया बाघों का आंकड़ा

2006 में देश में 1411 बाघ थे, जो एक चिंताजनक तस्वीर पेश कर रहा था। इसके बाद 2010 में 1706, 2014 में 2226, 2018 में 2967 और 2022 में 3682 बाघ हो गए हैं। तकरीबन हर राज्य में बाघों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)